खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➡ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 06 मार्च 2025 । वर्ष –69 । अंक –113 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ अंबानी के जंगल में मोदी
■ अंधविश्वासी विचारों का... 04
■ अमेरिका हम से युद्ध लड़ना चाहता है तो...
■ भारत के खिलाफ ट्रंप की धमकी में... 09
■ शेयर बाजार गुलजार, निवेशकों को हुआ...
■ एक अप्रैल से इन मोबाईल नंबरों पर नहीं... 11
■ सेमीफाइनल और फाइनल..
■ विराट भारत के लिए... 10

## सार संक्षेप

### मणिपुर और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में लगे भूकंप के झटके

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भूकंप के जोरदार झटकों से आज देश की धरती हिल गई। दोपहर को मणिपुर, असम समेत पूर्वोत्तर राज्यों में 5.6 की तीव्रता का भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई। इस भूकंप का केंद्र मणिपुर में इंफाल के पास धरती के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई में मिला। हालांकि भूकंप से किसी तरह के जान माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है, लेकिन लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी और जर्मनी के रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, भूकंप का केंद्र मणिपुर के चोंगदान से 29 किलोमीटर था। म्यांमार में भी भूकंप के झटके महसूस हुए।

### महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित किए गए सपा विधायक अबु आजमी,

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक अबु आसिम आजमी को निलंबित कर दिया गया है। अबु आसिम आजमी ने औरंगजेब को लेकर बयान दिया था और मुगल शासक की तारीफ की थी। हालांकि बाद में अबु आजमी ने माफी भी मांग ली थी। लेकिन यह विवाद काफी तूल पकड़ रहा था। अबु आजमी ने औरंगजेब का समर्थन किया था और उनके खिलाफ केस भी दर्ज किया गया था। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अबु आजमी के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी।





## बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** अब औरंगजेब पर सपा विधायक के बयान को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है।

**चुहिया- हां प्रिये-** इन दिनों ऐसा ही कुछ माहौल है, रहीम-रसखान तो जैसे स्लेबस से बाहर होते जा रहे हैं।

# केदारनाथ में बनेगा दुनिया का सबसे लम्बा रोप-वे






◆मोदी मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी
◆9 घंटे का सफर 36 मिनट में
◆परियोजना पर खर्च होंगे 4,081 करोड़

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** केंद्र की मोदी सरकार ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में अहम फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किमी) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक 12.4 किलोमीटर तक रोपवे परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी गई। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अभी जो यात्रा 8-9 घंटे में पूरी होती है, वह घटकर 36 मिनट की हो जाएगी। रोपवे में एडवांस्ड ट्राई-केबल डिटेचेबल गंडोला (3एस) टेक्नोलॉजी इस्तेमाल की जाएगी। गंडोला अपने आप में एक मिनी बस है। इसमें 36 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। इससे श्रद्धालुओं को बहुत बड़ा फायदा होगा। जो आज 2 महीने की यात्रा है, रोपवे के बाद 6 महीने तक यात्रा करने का सौभाग्य मिलेगा।

केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। यह दुनिया का सबसे लम्बा रोपवे होगा।

## पशु रोगों के टीकाकरण के लिए 3880 करोड़ मंजूर

*केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 3880 करोड़ रुपए की लागत से खुरपका-मुंहपका और अन्य पशु रोगों के टीकाकरण तथा जेनेरिक दवाओं से संबंधित पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम को मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तीन घटक राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी), एलएचएंडडीसी और पशु औषधि हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत टीकाकरण की मदद से पशुओं के रोग खुरपका-मुंहपका रोग (एफएमडी), ब्रुसेलोसिस, पेस्ट डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर), सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ), लम्पी स्किन आदि से निपटने में मदद मिलेगी। इस योजना में सस्ती और अच्छी गुणवत्ता वाती जेनेरिक पशु दवा की भी बिक्री की जाएगी।*

## ट्रंप ने किया ऐलान

# 2 अप्रैल से भारत सहित सभी देशों पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे जितना वे हम पर लगाते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएस कांग्रेस के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए कहा कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम भी उस पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे। इस दौरान ट्रंप ने भारत का दो बार नाम लिया।



उन्होंने कहा कि हम भारत, चीन, मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम जितना टैरिफ लगाते हैं, बहुत सारे देश उससे ज्यादा हम पर टैरिफ लगाते हैं। भारत हम पर 100 प्रतिशत से ज्यादा टैरिफ लगाता है। चीन दोगुना और दक्षिण कोरिया चार गुना ज्यादा टैरिफ लगाता है, जबकि हम उसे काफी सैन्य सहायता देते हैं, लेकिन 2 अप्रैल से हमारी सरकार जो देश जितना टैरिफ लगाएगा, उस पर उतना ही टैरिफ हम लगाएंगे। इस दौरान ट्रंप ने मजेदार कमेंट भी किया। उन्होंने कहा कि मैं इसे एक अप्रैल से शुरू करना चाहता था, लेकिन दुनिया ये न समझे कि मैं अप्रैल फूल डे मना रहा हूं। इसलिए मैं 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहा हूं।

डोनाल्ड ट्रंप शुरू से ही अमेरिका के खिलाफ टैरिफ लगाने वाले देशों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते रहे हैं। उन्होंने पहले भी कई बार भारत, चीन और कनाडा का नाम लेकर कहा है कि हम भी उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जिन्होंने अमेरिका पर टैरिफ लगाया है।

# जीआईएस से ग्लोबल हुआ प्रदेश का स्टार्ट-अप इको सिस्टम : मुख्यमंत्री

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीआईएस-भोपाल में देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश भी तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है।

प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र बनाना है, जहां युवा उद्यमियों के आइडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'फ्यूचर-फ्रंटियर = स्टार्ट-अप पिचिंग' सेशन नें प्रदेश



के स्टार्ट-अप्स इकोसिस्टम को पंख दे कर ग्लोबल बना दिया है।

आधुनिक तकनीक के इस युग में देश के स्टार्ट-अप जगत में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज चुका है। जीआईएस-भोपाल में 20 से अधिक यूनिकॉर्न के संस्थापकों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है। स्टार्ट-अप पर फोकस्ड सेशन 'फ्यूचर-फ्रंटियर = स्टार्ट-अप पिचिंग' में शामिल होने के लिए कुल 180 स्टार्ट-अप्स ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 25 हाईली पोटेंशियल स्टार्ट-अप्स ने प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के विश्लेषण के बाद उन्हें जरूरी मार्गदर्शन और निवेश के अवसर भी मिले। इस सेशन में कुल 47 स्टार्ट-अप शामिल हुए थे। इनमें से 19 स्टार्ट-अप्स को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए। आईआईसीई ने 4 स्टार्ट-अप्स में रुचि दिखाई, एसजीएसआईटीएस ने 3 स्टार्ट-अप्स में, सिल्वर नीडल वेंचर्स ने 3 स्टार्ट-अप्स में, आईटीआई ग्रोथ ने 3 स्टार्ट-अप्स में, ईज़ीसीड ने 7 स्टार्ट-अप्स में, सीफंड ने 3 स्टार्ट-अप्स में, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 स्टार्ट-अप्स में, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स ने 4 स्टार्ट-अप्स में, एआईस-आरएनटीयू ने 5 स्टार्ट-अप्स में तथा इक्नैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 5 स्टार्ट-अप्स में निवेश की अभिरुचि प्रदर्शित की।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# 'शादी के वादे का उल्लंघन करना बलात्कार नहीं'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही खारिज कर दी जिस पर विवाह के झूठे बहाने से एक महिला का यौन शोषण करने का आरोप था। महिला के साथ उसका 16 वर्ष पुराना सहमति से यौन संबंध था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने आरोपी द्वारा उसकी याचिका खारिज करने के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के बाद यह कदम उठाया।



पीठ ने फिर से पुष्टि की कि विवाह के वादे का उल्लंघन मात्र बलात्कार नहीं माना जाता। जब तक कि यह साबित न हो जाए कि आरोपी ने संबंध की शुरूआत से ही महिला से विवाह करने का कभी इरादा नहीं किया था। न्यायालय ने आश्चर्य व्यक्त किया कि शिकायतकर्ता, जो एक उच्च शिक्षित और सुस्थापित वयस्क है, ने एक दशक से अधिक समय तक कथित यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट नहीं की। जिससे उसके दावों की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है। अदालत ने नोट किया कि उसने आरोपी द्वारा दूसरी महिला से विवाह करने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज कराई। जिससे उसे परेशान करने का एक गुप्त उद्देश्य प्रतीत होता है। हाईकोर्ट के निर्णय को दरकिनार करते हुए न्यायमूर्ति मेहता द्वारा लिखे गए निर्णय में कहा गया कि अपीलकर्ता को विवाह के झूठे बहाने पर बलात्कार के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता।

## राहुल ने फिर की कुलियों से मुलाकात, बोले

# भगदड़ में जान बचाने वालों की नहीं सुनी जा रही

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से हुई मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। वे आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। हम उनके अधिकारों के लिए लड़ेंगे।

कुलियों से बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां कुली भाइयों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे सभी ने मिलकर भगदड़ वाले दिन लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे लोगों को भीड़ से निकालने की बात हो या घायलों को एंबुलेंस और प्रशासन तक पहुंचाना हो। मृतकों के शवों को बाहर निकालने के लिए शारीरिक क्षमता, ठेले का उपयोग करना हो या अपनी जेब से पैसा खर्च करना हो, उन्होंने हर तरह से यात्रियों की मदद की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं दिहाड़ी मजदूरी करने आने वाले इन भाइयों की संवेदना देखकर प्रभावित हूं। वे वित्तीय कठिनाइयों में जी रहे हैं, लेकिन उनमें जोश और सद्भावना की कमी नहीं है। उन्हें मदद की जरूरत है। उन्होंने अपनी मांगें बताई हैं। मैं निश्चित रूप से उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस नेता ने एक कुली के हवाले से कहा कि किसी-किसी दिन खाने के भी पैसे नहीं



होते। हर घर पर पैसे भेजें या खाना खाएं। हमारे कुली भाई ऐसी ही कठिनाइयों में जीने को मजबूर हैं। मैं उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और हम अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। राहुल गांधी ने रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान लोगों की जान बचाने और राहत कार्य में मदद करने के लिए कुलियों का धन्यवाद किया। वीडियो में कुली गांधी से कह रहे हैं कि उनकी मांग है कि उन्हें ग्रुप डी की नौकरी मिले।

### लखनऊ की कोर्ट ने राहुल पर लगाया 200 रुपए जुर्माना

**लखनऊ।** लखनऊ की कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# लिवर ट्रांसप्लांट के लिए जमा 33 लाख रुपये, डिजिटल अरेस्ट गैंग ने ठगे

**इंदौर।** इंदौर में सेवानिवृत्त शिक्षक ने लिवर ट्रांसप्लांट कराने के लिए जो जमा पूंजी एकत्र की थी, उसे साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिया। उन्हें मनी लांड्रिंग, ड्रग्स सप्लाई में लिप्त होने होने का आरोप लगाते हुए पूछताछ करने का झांसा दिया। साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने पर अपराध शाखा ने 49 खातों को फ्रीज कर बुजुर्ग के 26 लाख 45 हजार रुपये बचा लिए।

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया ने बताया कि घटना रवींद्र बापट के साथ हुई। 63 वर्षीय बापट के पास पिछले वर्ष नौ सितंबर को साइबर ठग का कॉल आया था। उसने फेड-एक्स कोरियर का अधिकारी बताते हुए कहा कि दिल्ली से मलेशिया भेजा पार्सल कस्टम विभाग ने दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक लिया है। उसमें 36 फर्जी पासपोर्ट, 140 एमडी ड्रग्स सहित अन्य सामान मिला है। ठग ने बातों में उलझाया और कहा कि इसकी दिल्ली साइबर क्राइम को शिकायत करनी चाहिए। उसने लाइन ट्रांसफर भी कर दी। बात करने वाले दूसरे व्यक्ति ने दिल्ली साइबर क्राइम का अधिकारी बताया और कहा कि बयान के लिए दिल्ली आना पड़ेगा। वृद्ध द्वारा इन्कार करने पर वीडियो कॉल पर ही जानकारी लेने की अनुमति दे दी।

**साइबर हेल्पलाइन ने बचाए 26 लाख**

आधार कार्ड से बैंक खाते लिंक बताकर धमकाया आरोपित ने रवींद्र से आधार कार्ड मांगा और कहा कि इसका सत्यापन करना पड़ेगा। कुछ देर जांच का बहाना कर कहा कि इससे तो कई बैंक खाते लिंक हैं। उनमें अवैध तरीके से करोड़ों रुपयों का लेन देन (मनी लॉड्रिंग) हुआ है। आरोपितों ने कानूनी कार्रवाई का डर बताया और कहा कि कभी-कभी अपराधी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर लेते हैं। गिरफ्तारी से बचाने के लिए आपसे वीडियो कॉल पर ही पूछताछ होगी। इस दौरान आप किसी से बात नहीं करेंगे। कार्रवाई के बारे में किसी को कुछ नहीं बता सकते हैं।







## रिपोर्ट

## भारत में 2024 में करोड़पतियों की संख्या छह प्रतिशत बढ़ी

# अरबपतियों की संख्या 191 हुई, 26 बीते वर्ष ही शामिल हुए

**नयी दिल्ली।** पांच मार्च (भाषा) वैश्विक रियल एस्टेट परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक ने कहा है कि एक करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले उच्च नेटवर्थ भारतीयों की संख्या पिछले साल छह प्रतिशत बढ़कर 85,698 हो गई। नाइट फ्रैंक ने बुधवार को अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट-2025' जारी की। इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत में उच्च नेटवर्थ वालों (एचएनडब्ल्यूआई) की संख्या बढ़कर 2024 में 85,698 होने का अनुमान है जबकि पिछले साल यह 80,686 थी।

परामर्श कंपनी ने कहा कि 2028 तक यह संख्या बढ़कर 93,753 पर पहुंचने की उम्मीद है। इससे पता चलता है कि भारत में अमीरों की संख्या बढ़ रही है। उच्च नेटवर्थ वाले लोगों की बढ़ती संख्या देश की मजबूत दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि, बढ़ते निवेश अवसरों और विकसित हो रहे लक्जरी बाजार को दर्शाती है। यह भारत को वैश्विक धन सृजन में एक प्रमुख देश के रूप में स्थापित करती है। भारत में अरबपतियों की आबादी



में भी 2024 में सालाना आधार पर मजबूत वृद्धि हुई है। परामर्श कंपनी ने कहा, ''भारत में अब 191 अरबपति हैं। इनमें से 26 पिछले साल ही इस श्रेणी में शामिल हुए हैं। जबकि 2019 में यह संख्या सिर्फ सात थी।''

भारतीय अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर आंकी गई है, जो अमेरिका (5,700 अरब डॉलर) और चीन (1,340 अरब डॉलर) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और

◆भारत में एक करोड़ डॉलर नेटवर्क वालों की संख्या 85, 698 हुई
◆भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब डॉलर है

प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, ''भारत में बढ़ती संपत्ति इसकी आर्थिक मजबूती और दीर्घकालीन वृद्धि क्षमता को दर्शाती है। देश में बढ़ती उद्यमशीलता, वैश्विक एकीकरण और उभरते उद्योगों के साथ उच्च नेटवर्थ मूल्य वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।'' उन्होंने कहा कि न केवल संख्या बढ़ रही है बल्कि भारत के इस वर्ग की उभरती निवेश प्राथमिकताओं में भी यह देखा जा रहा है, जो रियल एस्टेट से लेकर वैश्विक इक्विटी तक परिसंपत्ति वर्गों में विविधता ला रहे हैं। बैजल ने कहा, ''आने वाले दशक में वैश्विक संपत्ति सृजन में भारत का प्रभाव और मजबूत होगा।''

# देश-विदेश

## तेजस का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जाएगी।

### कनाडा के नेता ने ट्रंप को दी धमकी

## 'मैं भी मुस्कुराते हुए अमेरिका के 15 लाख घरों की बिजली काट दूंगा'

**नई दिल्ली।** टैरिफ वार और गहरा हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, 4 मार्च को यह आधी रात से लागू हो गया है। डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का अब खुलकर विरोध होने लगा है। अब ये देश भी उसी अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति को जवाब दे रहे हैं।

ओंटारियो के प्रोग्रेसिव कंजर्वेटिव पार्टी के नेता प्रीमियर डग फोर्ड ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जबरदस्त पलटवार किया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अमेरिका को बिजली गुल करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका की ऊर्जा आपूर्ति को रोक सकते हैं। कनाडा अपने आर्थिक नुकसान को रोकने के लिए सभी तरह के ऑप्शन पर विचार कर सकता है।

**अमेरिका के इन राज्यों में सप्लाई की जाती है बिजली-** ओंटारियो के प्रमुख ने कहा, 'अगर वे ओंटारियो को नष्ट करना चाहते हैं, तो मैं सब कुछ करूंगा, जिसमें उनके बिजली कनेक्शन को काटना भी शामिल है और मैं अपने चेहरे पर मुस्कान लाकर ऐसा करूंगा। वे हमारी बिजली पर निर्भर हैं, उन्हें दर्द महसूस करने की जरूरत है। वे हम पर हमला करना चाहते हैं, हम दोगुनी ताकत से जवाब देंगे। फोर्ड ने कहा कि कनाडा पर टैरिफ अमेरिकियों पर टैक्स है। कनाडा के ओंटारियो प्रांत से अमेरिका के तीन राज्यों में बिजली की सप्लाई की जाती है। अमेरिका के मिनिसोटा, मिशिगन और न्यूयॉर्क के करीब 15 लाख घरों में ओंटारियो से बिजली की सप्लाई की जाती है।

**अमेरिका ने कितनी बिजली इंपोर्ट की-**अमेरिका हर साल कनाडा से बड़ी मात्रा में हाईड्रोपावर इंपोर्ट करता है। यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने अपने उत्तरी पड़ोसी से लगभग 27,220,531 मेगावाट घंटे बिजली का आयात किया। जबकि यह व्यापार दोनों देशों में कुल बिजली उत्पादन का केवल 1 फीसदी से भी कम है, इसके महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है। ग्रिड संतुलन एक निरंतर चुनौती है और यहीं पर कनाडा का बिजली निर्यात आता है। जब अमेरिका में बिजली की मांग बढ़ जाती है या जब उत्पादन कम हो जाता है तो कनाडा की ज्यादा बिजली काफी काम आती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर टैरिफ को बरकरार रखा जाता है, तो अमेरिका के ज्यादातर पूर्वोत्तर क्षेत्रों को ऊर्जा आपूर्ति के नए स्रोतों की तलाश करनी होगी।

## दो-दो बम धमाकों से दहला पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा, नौ लोगों की मौत



**पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार की शाम एक सैन्य अड्डे की दीवार के पास दो दो बम धमाके हुए। सैन्य अड्डे की दीवार को तोड़ने के लिए, दो आत्मघाती हमलावरों ने बम धमाके किए, जिससे अन्य हमलावरों को परिसर पर हमला करने का मौका मिल गया। एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों के साथ सुरक्षा बलों की झड़प में कम से कम नौ लोग मारे गए और 35 घायल हो गए।आतंकवादियों ने रमजान के महीने में इफ्तार के ठीक बाद अशांत प्रांत के बन्नू छावनी में सुरक्षा में सेंध लगाई और छावनी को निशाना बनाया।

### 25 गंभीर रूप से घायल

आतंकी हमले की आशंका-सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि आतंकी समूह जैश उल फुरसान, जिसने हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से हाथ मिलाया है, उसी ने इस हमले को अंजाम दिया है। सोशल मीडिया पर हमले के कथित दृश्यों में विस्फोटों के बाद आसमान में घना धुआं उठता दिख रहा है, जबकि पृष्ठभूमि में गोलियों की आवाज भी सुनाई दे रही है। सूत्रों ने बताया कि पांच से छह आतंकवादियों ने इस हमले के साथ-साथ ध्यान भटकाने के लिए एक साथ दो आत्मघाती कार बम (एसवीबीआईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। 28 फरवरी को, उसी प्रांत में एक मदरसे में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में एक शीर्ष तालिबान समर्थक मौलवी, हमीदुल हक हक्कानी और चार लोग मारे गए थे और 20 अन्य घायल हो गए।

मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल-सेना ने तुरंत किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन बन्नू जिला अस्पताल ने कहा कि कम से कम इस धमाके में नौ लोग मारे गए हैं। पुलिस अधिकारी जाहिद खान के अनुसार, भूरे धुएं का गुबार हवा में उठा और विस्फोटों के बाद गोलियों की आवाज सुनी गई। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे थे।


### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्रं./4984/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक- 30.01.2025

// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष बिलथारिया पिता बलराम प्रसाद निवासी- रानी दुर्गावती वार्ड गढ़ा जबलपुर के द्वारा मौजा कचनारी ब्लॉक नं... प्लॉट नं.... स्थित भूमि खसरा नं. 110, में से रकवा 2.1800 हेक्टेयर वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा फौती नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। (मुद्रा)

जारी दिनांक-30/01/2025 अतिरिक्त तहसीलदार
पेशी दिनांक-16/02/2025 आधारताल जबलपुर

### निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### CHANGE OF NAME

I Hemant Kumar No 15779229W Rank Ex HAV aged 44yrs s/o Late Shri Ajubrao, presently residing at H.No. 2086, Rampur Chhapar Jabalpur(M.P) do hereby solemnly affirm and swear as follows. I was in the defence service and retired on 30 Sep. 2018, In my service records the name of my mother is wrongly entered as Lalita Kadwe. Her actual name is Lalita. I am producing herewith true copies of Aadhar Card bearing No 327132716827 and PAN card bearing No FSNPK4978P of my mother to prove the same. This affidavit is submitted for the purpose of making necessary correction in my service records relating to name of my mother as Lalita, instead of Lalita Kadwe. All the facts stated above are true and correct to the best of my knowledge information and belief. Nothing material has been concealed there from. र.नं. 3273


## लखनऊ : आने वाले त्यौहारों को लेकर मण्डलायुक्त व आईजी ने ली मण्डल के जनपदों के साथ बैठक

### सद्भाव सौहार्द बनाए रखने की अपील, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**लखनऊ, देशबन्धु।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व आईजी प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाई चारे के माहौल में मनाये जाने को लेकर आयुक्त सभागार में महत्वपूर्ण बैठक, ज़ूम/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मण्डल के समस्त जिलों के साथ बैठक आहूत किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि विभिन्न समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मिलजुल कर मनाये जाने की परम्परा रही है, उसी परम्परा का निर्वाहन करते हुए हम सब इस वर्ष भी एवं शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से मनायेंगे।

मंडलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि त्योहारों को मनाये जाने के दौरान आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, बिजली के ढीले तारों को सही कराये जाये, जहां-जहां सड़के खराब है उसे गड्ढा मुक्त कराया जाये, और जुलूस के दौरान मेडिकल टीम(एम्बूलेन्स) मौके पर उपस्थित रहे, पानी के टैंकर, प्रकाश की व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पर्व के दृष्टिगत टीम गठित कर खाद्य सामग्रियों की चेकिंग भी कराते रहे।

मंडलायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, त्योहारों का मूल उद्देश्य भंग करने अथवा किसी भी अन्य तरीके से, जैसे- व्हाट्स एप, फेसबुक, इन्स्टाग्राम व अन्य किसी सोशल मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी करने या किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की जाएगी। उक्त के पश्चात आईजी प्रशान्त कुमार ने मंडल के समस्त जनपदों के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि होलिका दहन स्थल को लेकर अगर कहीं विवाद हो तो तत्काल समस्या का समाधान करा लिया जाये। होली के दिन अवैध शराब पर रोक व कच्ची शराब न बने, इसका सर्वे ड्रोन से कराते रहे। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन मंडल के समस्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जरूर करले। जिससे पूर्व में हुए घटनाओं से सचेत हो सके। उन्होंने कहा कि तरावी वाले रात में पुलिस क्षेत्र में भर्मण शील रहे। जिससे कोई अप्रिय घटना न घटने पाये।

## कन्नड़ एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर 15 किलो सोने के साथ गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च की देर शाम डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने 14.8 किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी बुधवार (5 मार्च) को सामने आई है। रान्या कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जीआइएस ग्लोबल....

**स्टार्ट-अप्स को मिल रही है वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन-** मध्यप्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 18 फीसदी, अधिकतम 18 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिल रही है। अन्य स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 15 प्रतिशत सहायता, अधिकतम 15 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। इसके साथ इन्क्यूबेटर विस्तार के लिए 5 लाख रुपये का एक मुश्त अनुदान, स्टार्ट-अप्स के ऑफिस किराए में 50 फीसदी राशि की वापसी (तीन वर्षों तक प्रतिमाह 5,000 रुपये) की भी व्यवस्था की गई है। नीति में पेटेंट कराने पर 5 लाख रुपये तक की सहायता और पेटेंट फाइल करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहायता का भी प्रावधान किया गया है।

**महिला उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को विशेष प्रोत्साहन-**मध्यप्रदेश में इस समय 4,900 से अधिक स्टार्ट-अप संचालित हो रहे हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत स्टार्ट-अप्स महिलाओं द्वारा संचालित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्टार्ट-अप इंडिया के तहत पंजीकृत स्टार्ट-अप्स की संख्या को 100 प्रतिशत तक बढ़ाना और कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को 200 प्रतिशत तक बढ़ावा देना है। इसके लिए प्रदेश में 72 इनक्यूबेटर कार्यरत हैं और उत्पाद-आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार की स्टार्ट-अप नीति और क्रियान्वयन योजना के अंतर्गत स्टार्ट-अप्स को वित्तीय मदद, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में सहायता और नीतिगत मदद मुहैया कराई जा रही है। नई स्टार्ट-अप नीति के तहत वित्तीय अनुदान के पात्र स्टार्ट-अप्स को कुल निवेश का 18 फीसदी (अधिकतम 18 लाख रुपये) का अनुदान दिया जा रहा है। नई नीति में वित्तीय प्रोत्साहन, अधोसंरचना सहायता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं।


### न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 19/03/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकवा | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम, पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 16 | कंदेली | 16/2 | 330 वर्गफुट | श्रीमती संगीता पत्नी अमरनाथ उपाध्याय ब्रा.सा. खापा | बबीता चौरसिया पति गोपाल चौरसिया निवासी पाठक वार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

### Public notice

On being authorized by my client it is hereby informed to all that my client is going to provide finance facility in respect of immovable property situated at Village Gurda, P.C. No. 81, part of Khasra no. 86/1. plot area 1000 sqft, tehsil & distt. Jabalpur.

The present owner of the property is Irshad ahmed S/o Azad ahmed who is going to sale said property to Mohammed rizwan S/o Taz mohammed R/o 87, sindhi camp, Jabalpur. Present owner Irshad ahmed has pruchsed the property by way of registered sale deed dt, 07.11.2023 no. MP182552023A12547800 from seller Fareeda begum, Gulam sarwar, Gulam hayder Ansari, shahna bano.

Earlier property belongs to mohammad yakoob and after his death his legal heir fareeda begum, Gulam sarwar, Gulam hayder Ansari, shahna bano becomes the owner of property who had sale the property in favor of Irshad ahmed.

The previous owner mohammed yakoob has puruchsed the property by way of sale deed dt. 21.03.2016 no. MP182552016A1168833 from seller mazhar khan.

It is informed that original link sale deed dt. 21.03.2016 no. MP182552016A1168833 executed in favor of mohammed yakoob is missing and not traceble and police intimation dt. 13.01.2025 already made in this regard in order to prevent misuse of original link sale deed dt. 21.03.2016 no. MP182552016 A1168833. Hence by way of this notice it is informed to all that whosoever has interrest in respect of immovable property situated at Village Gurda, P.C. 81, part of Khasra no. 86/1 plot area 1000 sqft. tehsil & distt. Jabalpur and will be seriously affected from sale/purchase /mortgage of the property, may informed me by written objection supported by all necessary documents within seven days from today failing which no objection will consider thereafter.

Harshit Patel Advocate
high court, Jabalpur (M.P.)
Office : 1790, new Shobhapur
V.F.J. Jabalpur (M.P.)
R.No. 3270 Mobile : 9893333246

Presiding Officer : ओमप्रकाश रजक
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJCGW/0000001/2025)
विश्वविजय ........... वादी
Vs
आम जनता ................ प्रतिवादी

Process Id - 2025
पेशी दिनांक : 11/03/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- तहसील शहपुरा जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी विश्वविजय ने आपके विरूद्ध अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस की भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रतिष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**टिप्पणी-** उपस्थिति हेतु समंस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1955 वास्ते ना.बा. की भूमि विक्रय अनुमति की छाया प्रति संलग्न है एवं समाचार के माध्यम से।

**कृपया ध्यान दें-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(ओमप्रकाश रजक)
जिला न्यायाधीश
पाटन, जबलपुर म.प्र.

### कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रभात गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, जबलपुर पं.क. 48

क्रमांक / नि.आ./2025/ क्यू दिनांक- 05.03.2025

सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि, सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न होना है।अतएव सोसाइटी की मतदाता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटी कार्यालय जबलपुर, विकासखण्ड जबलपुर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा राइट टाउन के सूचना पटल पर दिनांक 05.03.2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 05.03.2025 से दिनांक 12.03.2025 तक कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थायें जबलपुर में मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय जिला सहकारी संघ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पीछे, राईट टाउन, जबलपुर में दिनांक 13.03.2025 को दोप. 02:00 बजे से किया जायेगा।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य को कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(अमित ठाकुर)
र.नं. 3268 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

### कार्यालय- रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जगदम्बा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर जिला जबलपुर पं. क्रं. 158

क्रमांक/नि.अ./1 दिनांक 5.3.2025

सूचना

सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन / विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी सोसाइटी कार्यालय / संबंधित विकास खण्ड कार्यालय / जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 5.3.2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 5.3.2025 से दिनांक 12.3.2025 तक कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर में मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर में दिनांक 13.3.2025 को दोप. 12.00 बजे से किया जायेगा।

(श्रीमती हेमलता डोगर)
र.नं. 3269 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं राजेन्द्र कुमार जैन पिता श्री मदन लाल जैन निवासी सी 16/17 कुचैनी परिसर, मेट्रो हॉस्पिटल, दमोह नाका, चेरीताल वार्ड, जबलपुर, जिला जबलपुर (मध्यप्रदेश) 482002, बयान करता हूं कि मेरे लड़के ऋषभ जैन से लम्बे समय से मेरे वैचारिक मतभेद चले आ रहे हैं जिसके कारण से मैं ऋषभ जैन से और उसकी पत्नि दिपाली साहू से आज दिनांक से ही अपने सारे संबंध खत्म करता हूं और ऋषभ जैन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य के लिये मैं जिम्मेदार नहीं हूं। आज के बाद उससे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। सो सूचित रहें।

राजेन्द्र कुमार जैन
पूरा पता- सी 16/17 कुचैनी परिसर मेट्रो हॉस्पिटल, दमोह नाका, चेरीताल वार्ड, जबलपुर, जि. जबलपुर (म.प्र.) 482002 मो. 7049697800
र.नं.- 3216

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आनंद नगर शाखा, (पुराना देना बैंक), आधारताल, जबलपुर

### लॉकर धारकों के लिए सूचना

एतद् द्वारा शाखा के निम्न लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि उनके नाम के समक्ष लिखे गये दिनांक से लॉकर किराया जमा नहीं किया गया है। शाखा में उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक/स्वयं बैंक कर्मचारी से स्मरण पत्र भेजने के उपरांत भी बकाया किराया जमा नहीं किया गया है। लॉकर किराया अनुबंध के अनुसार किराया जमा नहीं करने पर नियमानुसार बैंक द्वारा लॉकर तुड़वा कर खोला जायेगा तथा उसमें रखी संपत्ति या उसके भाग को बेचकर बकाया राशि की वसूली की जावेगी।

(1) लॉकर धारक मिनाक्षी काछी इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अन्दर बकाया लॉकर किराया जमा कराये अन्यथा बैंक संदर्भित लॉकर को दिनांक 12/03/2025 को या उसके बाद तोड़कर खोलने के लिए स्वतंत्र रहेगा। इस प्रक्रिया में होने वाला व्यय भी लॉकर धारक को वहन करना होगा।

(2) लॉकर धारक कल्पना राय इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 36 दिन के अन्दर बकाया लॉकर किराया जमा कराये। अन्यथा बैंक संदर्भित लॉकर को दिनांक 10/04/2025 को या उसके बाद तोड़कर खोलने के लिए स्वतंत्र रहेगा। इस प्रक्रिया में होने वाला व्यय भी लॉकर धारक को वहन करना होगा।

आनंद नगर शाखा, (पुराना देना बैंक), आधारताल, जबलपुर

| लॉकर नं. | लॉकर धारक का नाम एवं पता | तारीख से बकाया | राशि |
|---|---|---|---|
| DA0000215 | मिनाक्षी काछी, प्लाट नं. 482, पुरानी शीशी गोदाम के पीछे, गायत्री मंदिर के पास, दमोह नाका, जबलपुर- 482004 | 27-07-2021 | 10250/- |
| DA0000079 | कल्पना राय, 1239/1, जय प्रकाश नगर, आधारताल, जबलपुर (म.प्र.)- 482004 | 28-09-2021 | 7080/- |

दिनांक: 06/03/2025 शाखा प्रबन्धक

### बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

सुहागी शाखा: जेएनकेवीवी कॉलेज के सामने, सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)- 482002
Email Id- suhagi.jabalpur@bankofindia.co.in

### अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस {नियम 8(10)}

**बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे दर्शाये गए उधार कर्ता/ जमानतदार को यह डिमांड नोटिस जारी किया था कि वे उक्त नोटिस प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर नीचे उल्लिखित राशि का भुगतान करने की दिनांक तक ब्याज, आकस्मिक व्यय, खर्चे, प्रभार के साथ चुकता कर दें। चूंकि उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता उक्त अवधि में आगामी ब्याज के साथ उक्त राशि अदा करने में असफल रहे हैं, इसलिए उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता और आम जनता को एतद् द्वारा यह नोटिस दिया जाता है कि बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त धारा के नियम 8(1) के साथ उधारकर्ता/जमानतदार के सामने उल्लिखित पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे बतायी गई संपत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद् द्वारा उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता को विशेष रूप से तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे इस संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें और उक्त संपत्तियों से संबंधित किया गया कोई भी संव्यवहार उधारकर्ता/जमानतदार के समक्ष दर्शाये गई राशि और उन राशि पर ब्याज पर **बैंक ऑफ इंडिया** के प्रभार के अधीन होगा। **उधारकर्ता/ जमानतदार का ध्यान धारा 13 की उपधारा 8 के तहत उपलब्ध समय में सुरक्षित संपत्तियों के मोचन के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

| ऋणी का नाम | ₹ बकाया राशि | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. **मेसर्स एमएसपी पेट्रोलियम प्रोपः श्रीमति मीना सिंह पत्नि स्व. डॉ. एन.पी. सिंह,** पता- हल्का नं. 26, ग्राम- कोमी, गोटेगांव, नरसिंहपुर (म.प्र.)- 484118 (ऋणी) 2. **श्रीमति मीना सिंह पत्नि स्व. डॉ. एन.पी. सिंह,** पता- जी- 41, कृषि नगर अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)- 482004 (ऋणी) 3. **श्री अमित सिंह पिता श्री सी.बी. सिंह,** एचआईजी- 60, सुभाष नगर, पाठक ढाबा के पास, महाराजपुर, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) 482004 (जमानतदार) शाखाः सुहागी | Rs. 1,18,40,440.06 + ब्याज एवं अन्य व्यय | साम्य बंधक कमर्शियल सम्पत्ति स्थित ''वाश स्टेशन'' म.प्र. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, महाराजपुर (म.प्र.)- 482004, नया वार्ड नं. 75, जबलपुर, प्लाट एरिया- 360 वर्ग मीटर, सम्पत्ति स्वामी- श्री अमित सिंह पिता श्री सी.बी. सिंह। चतुर्सीमाः डीड के अनुसार- पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- रोड, दक्षिण- पार्किंग | 20-12-2024 / 04-03-2025 |

स्थानः जबलपुर, दिनांकः 06/03/2025 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

### कार्यालय कलेक्टर (न्यायालय अपर कलेक्टर शहर) जबलपुर म.प्र.

Room no.10 II Telephone-07612624351 II E-mail: admjabalpur@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक/0120/अ-20(1)/ 2024-25 जबलपुर दिनांक 03/03/2025

आम इश्तहार

आवेदिका श्री तुलसीराम साहू पिता स्व. दालचंद साहू निवासी-1525/26/बी/6 बी, समदड़िया कॉलोनी कांचघर जबलपुर द्वारा सि. स्टे. नजूल ब्लॉक नंबर 26 स्थित प्लाट नं. 3/120, कुल रकवा 842 व.फु. जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में सपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 25/03/2025 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नही कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थाई पट्टे का विवरण- ब्लॉक नम्बर-26 सि.स्टे., प्लाट नं. -3/120, रकवा (व.फु.)- 842, उप पट्टेदार - श्री तुलसीराम साहू पिता स्व. दालचंद साहू निवासी-1525/26/बी/6 बी, समदड़िया कॉलोनी कांचघर जबलपुर, भू भाटक- 313/- रूपये प्रतिवर्ष

जारी दिनांक 05/03/2025
पेशी दिनांक 25/03/2025

अपर कलेक्टर जबलपुर
र.नं. 3271

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर

नरसिंह भवन, नरसिंहपुर 487001, फोन नं.-07792-230900, Email- dmnarsinghpur@nic.in, website:-www.narsinghpur.nic.in

--: विज्ञापन:--

(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 (1क) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908)

पक्षकार अशोक जायसवाल एवं अजय भवानी, निवासी गोटेगांव द्वारा अनुविभागीय अधिकारी, गोटेगांव के रा.प्र.क्र. 0013/अपील/वर्ष 2023-24 के विरूद्ध इस न्यायालय में निगरानी प्रस्तुत की गयी है, जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 0025/निगरानी/2024-25 है। उपरोक्त प्रकरण में उत्तरवादी श्री सुरेन्द्र पिता श्यामलाल जायसवाल, प्रेमलता पति रमेशचन्द्र, राहुल पिता रमेशचंद जायसवाल, उत्कृष्ट जायसवाल, पूजा पति सुनील जायसवाल, प्रीति पिता रमेश जायसवाल, दीपक, भारती, देवेन्द्र पिता स्व. लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी की सुनवाई हेतु नियत है। अतः इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त निगरानी प्रकरण में किसी प्रकार की कोई दावा आपत्ति है तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 17.3.2025 को अपरान्ह 3 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

अपर कलेक्टर, नरसिंहपुर

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भवन नामांतरण/हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आनंद नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-57 श्रीमती चन्द्र कला चौबे स्व. श्री रमेश दत्त चौबे के नाम आवंटित है। आवंटी श्रीमती चन्द्र कला चौबे पति स्व. रमेश दत्त चौबे की मृत्यु दिनांक 28.03.2022 को हो गई है। एवं आवंटी के पति श्री रमेश दत्त चौबे की मृत्यू दिनांक 24.02.1993 को हो चुकी है। आवंटी के द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित किये गये विक्रय विलेख दिनांक 25.05.2015 को अपने पुत्र श्री अरविन्द चौबे को नामिनी नियुक्त किया गया था। आवंटी के पुत्र श्री अरविन्द चौबे ने नामिनेशन आधार पर उक्त संपत्ति का नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन/भूखंड के हस्तांतरण/ नामातंरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आनंद नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-57 श्री अरविन्द चौबे पिता स्व. श्री रमेश दत्त चौबे के नाम हस्तांतरण/ नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
र.नं.- 3263 विकास मंडल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

**बिहार को 'रिटायर्ड व टायर्ड' मुख्यमंत्री नहीं चाहिए : तेजस्वी**

**पटना, (एजेंसियां)।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य देश का सबसे युवा प्रदेश है, यहां सबसे ज्यादा युवा रहते हैं, इसलिए अब यहां 'टायर्ड और रिटायर्ड' मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पटना में आयोजित युवा चौपाल को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि यह सरकार थोड़े दिन और रहेगी, तो पूरे बिहार को बीमार कर देगी। उन्होंने कहा, 'सरकार खटारा, सिस्टम नकारा, सीएम थका-हारा है। हर एक व्यक्ति को 10-10 वोट का इंतजाम करना होगा।



## इंदौर उच्च न्यायालय ने सरकार को दिए निर्देश

# ज्यादा नि:शक्त दिव्यांग जनों को रोजगार में प्राथमिकता दें

**इंदौर, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह अपने एक परिपत्र का सख्ती से पालन करते हुए अधिक नि:शक्तता वाले दिव्यांग जनों को शासकीय रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करे। उच्च न्यायालय ने ज्यादा नि:शक्तता से जूझ रहे पांच लोगों की याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह निर्देश दिया। इन याचिकाओं में कहा गया था कि राज्य सरकार दिव्यांग जनों की नियुक्ति में अपने ही परिपत्र की 'पूरी तरह अनदेखी' कर रहा है।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के वर्ष 2018 में जारी परिपत्र में कहा गया था, ''प्राय: देखने में आया है कि जिन दिव्यांग जनों की नि:शक्तता का प्रतिशत कम है, उन्हें शासकीय सेवा में आरक्षण दिया जा रहा है। जिन दिव्यांगजनों की निश्क्तता का प्रतिशत अधिक है, उन्हें शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं दी जा रही है। यह कार्यवाही दिव्यांग जन अधिकार नियम 2017 में उल्लेखित प्रावधान की मंशा के विपरीत है। अत: जिन दिव्यांग जनों की निश्क्तता अधिक है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए।'' उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने इस परिपत्र की रोशनी में राज्य सरकार के कौशल विकास विभाग, देवास जिले की कन्नौद नगर पालिका परिषद और रतलाम जिले की जावरा नगर पालिका परिषद द्वारा दिव्यांग कोटा के तहत चतुर्थ श्रेणी पदों पर कुल पांच उम्मीदवारों की भर्ती को 24 फरवरी को निरस्त कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देशित किया कि वह इन पदों पर दिव्यांगों की भर्ती के लिए फिर से विज्ञापन जारी करे और इस सिलसिले में अपने 2018 के परिपत्र का सख्ती से पालन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को चार महीने के भीतर पूरा करे।

याचिकाकर्ताओं की वकील शन्नो शगुफ्ता खान ने कहा, कि उच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। इस फैसले से 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले ऐसे उम्मीदवारों के लिए भी सरकारी रोजगार मिलने की राह खुल सकेगी जिनकी अब तक नियुक्ति में सरासर अनदेखी की जाती रही है।



### कर्मचारियों की पदोन्नति की राह खुली

**भोपाल, देशबन्धु।** नौ वर्ष से मध्य प्रदेश में बंद पदोन्नतियों की राह विधि एवं विधायी विभाग ने खोल दी है। विभाग ने सवा सौ से अधिक कर्मचारियों को विभागीय भर्ती नियम के अनुसार वरिष्ठताक्रम में एक जनवरी 2024 से पदोन्नति के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी दे दिया। इसमें महाधिवक्ता कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। ये पदोन्नतियां सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण को लेकर विचाराधीन प्रकरण में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगी। इसी प्रक्रिया के आधार पर अब अन्य विभागों में भी सशर्त पदोन्नति दी जा सकती है। इसकी भी मांग कर्मचारी लंबे समय से कर रहे थे। मई 2016 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण नियम 2002 को निरस्त कर दिया था। सरकार ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जहां मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों का मामला विचाराधीन है। इसके कारण पदोन्नतियां बंद थीं।

## माधव नेशनल पार्क होगा प्रदेश का 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में टाइगर स्टेट का दर्जा हासिल कर चुके मध्यप्रदेश को जल्द ही एक नए टाइगर रिजर्व पार्क की सौगात मिलने जा रही है। शिवपुरी जिले का माधव नेशनल पार्क प्रदेश का 9वां बाघ संरक्षित क्षेत्र होगा, जो चंबल क्षेत्र में वन्य जीव प्रेमियों के लिए पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं बाघों का एक जोड़ा माधव नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। चंबल रेंज में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि से स्थानीय युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

## विमानतल पर 15 किलो सोने के साथ पकड़ाई रान्या राव के घर से भी मिला सोना, करोड़ों की नगदी बरामद

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को बेंगलुरु विमानतल से 15 किलो सोने की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद बुधवार, बुधवार को उनके घर पर राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने घर से 2.06 करोड़ रुपये के गहने और 2.67 करोड़ रुपये की नगदी बरामद की है. अधिकारियों ने पुष्टि की है कि लावेल रोड स्थित रान्या राव के घर की तलाशी ली गई है. यहां वह अपने पति के साथ रहती हैं।

अधिकारियों के मुताबिक रान्या से कुल जब्ती 17.29 करोड़ रुपये पहुंच चुकी है. इससे पहले रान्या राव को 3 मार्च को रान्या राव को गिरफ्तार किया गया था. उसी दिन उनको आर्थिक अपराध कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने रान्या को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अधिकारियों का कहना है कि रान्या राव ने अपने कपड़ों में सोने की छड़ें छिपा रखी थीं. कथित तौर पर उनके जैकेट के अंदर भी सोना मिला है. सोने का वजन 14.2 किलोग्राम मापा गया. इसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपये बताई गई. अधिकारियों ने पाया कि वो 15 दिनों के भीतर चार बार दुबई गई थीं. ऐसे में उनके अवैध गतिविधियों में लिप्त होने का शक पैदा हुआ. अधिकारियों का ये भी कहना है कि रान्या ने कस्टम की जांच से बचने की भी कोशिश की. रान्या राव कर्नाटक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं. रामचंद्र कर्नाटक के पुलिस आवास निगम में डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस के पद पर तैनात हैं. रान्या राव ने तीन फ़िल्मों में लीड रोल निभाया है. इनमें 2014 की फ़िल्म 'माणिक्य' भी शामिल है. इसमें उन्होंने सुदीप के साथ पहली बार काम किया था.



## स्टालिन ने जनसंख्या आधारित परिसीमनका किया विरोध

- बोले, 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाना चाहिए
- सर्वदलीय बैठक में कई पार्टियां हुई शामिल



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सर्वदलीय बैठक में जनसंख्या आधारित परिसीमन का कड़ा विरोध किया गया। वर्ष 1971 की जनगणना को 2026 से 30 वर्षों के लिए लोकसभा सीट के परिसीमन का आधार बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि अगर संसद में सीट की संख्या बढ़ाई जाती है, तो 1971 की जनगणना को इसका आधार बनाया जाना चाहिए। दरअसल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को लोकसभा सीटों के परिसीमन पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने दक्षिणी राज्यों के सांसदों और पार्टी प्रतिनिधियों वाली एक संयुक्त कार्रवाई समिति का प्रस्ताव रखा। सर्वदलीय बैठक में परिसीमन के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके, कांग्रेस और वामपंथी दल, अभिनेता-राजनेता विजय की टीवीके सहित अन्य ने बैठक में भाग लिया। भाजपा, तमिल राष्ट्रवादी नाम तमिलर काची और पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन की तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) ने बैठक का बहिष्कार किया।

इसके अलावा स्टालिन ने केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को तमिलों का दुश्मन करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार वोट की खातिर तमिल भाषा के प्रति केवल दिखावटी प्रेम रखती है। 'हिंदी थोपे जाने का विरोध' विषय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित पत्र में स्टालिन ने इस मुद्दे पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के संस्थापक नेता सीएन अन्नादुरई के विचारों को याद किया।

## मंत्री पटेल के खिलाफ आज प्रदेशभर में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस




**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल के बयान को लेकर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने ऐलान किया है कि जनता को भिखारी कहने वाले मंत्री का 6 मार्च को पूरे प्रदेश में पुतला दहन किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों सहित ब्लॉक, मंडल एवं सेक्टर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। कांग्रेस ने बुधवार को पूरे प्रदेश में पत्रकार वार्ताओं का आयोजन कर मंत्री प्रह्लाद पटेल पर जमकर हमला बोला। इस दौरान ऐलान किया गया कि पार्टी 8 मार्च को जिला मुख्यालयों पर धरना देगी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मंत्री से इस्तीफे की मांग करेगी। राजधानी में कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मीडिया अध्यक्ष मुकेश नायक, भोपाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तथा मीडिया प्रभारी (भोपाल) मिथुन अहिरवार ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री पटेल के बयान को जनता का अपमान बताया। नेताओं ने मंत्री और भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से माफी मांगने की मांग की। इसके साथ ही मंत्री से इस्तीफा देने को कहा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव के पहले जनता को लालच देकर खरीदने की कोशिश करना और चुनाव के बाद उसी जनता को अपमानित करना भाजपा की पुरानी आदत है। अब, प्रदेश सरकार के मंत्री का बयान जनता का अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के पिछड़े वर्ग के नेताओं की चुप्पी साधने पर सवाल उठाए हैं और कहा कि चुनाव के पहले इनके नेता जनता की मांगों को लेकर सड़क पर आने की बात कहते थे। अब कहते हैं कि कागज पर अपना अधिकार मांगना भीख है। नेताओं ने आगे कहा कि मंत्री जनता के सेवक हैं। उन्हें जनता के अपमान के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

### 16वें वित्त आयोग का प्रदेश दौरा

## आयोग के अध्यक्ष और सदस्य मुख्यमंत्री से मिले, राजनीतिक दलों के साथ की बैठक








**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शाम मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश के दौरे पर आए 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीयता से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आयोग के अध्यक्ष डॉ. पनगढ़िया, सदस्य अजय नारायण झा, सुश्री एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे और संयुक्त सचिव के.के. मिश्रा ने भेंट कर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को अंगवस्त्रम् ओढ़ाकर सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए.इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल, राज्य मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

वित्त आयोग के सदस्यों ने ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों के बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। ग्रामीण स्थानीय निकायों, नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे। भाजपा की ओर से अर्चना चिटनिस और कांग्रेस की तरफ से प्रियव्रत सिंह और अभय दुबे ने पार्टी का पक्ष रखा। बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों के प्रतिनिधि के रूप में चार नगर निगम के महापौर, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। प्रदेश के नगरीय निकायों को दिए जा रहे अनुदान में चुकी मध्यप्रदेश में देश की सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है इसलिए, उसे संज्ञान में रखकर अनुदान जारी करना और शहरीकरण में जनता को सेवा प्रदाय में तकनीकी उपयोग किए जाने को प्रेरित करने हेतु पृथक से अनुदान जारी किए जाने का अनुरोध किया गया।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 202
2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्री रामधन पाल, पिता- स्व. श्री जागेश्वर पाल, 2. श्री अजय कुमार पाल, पिता- श्री रामधन पाल, ने भवन क्रंमाक 1274/6 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000427182 जलकर पिन नं. .........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री आनंद मोहन तिवारी, पिता स्व. श्री शिवचरण तिवारी, वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी. , , विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 201
2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री डॉ. रहीम शाह, पिता- श्री नजीर शाह ने भवन क्रंमाक 4110/4 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000445228 जलकर पिन नं. .........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री मुमताज अहमद, पिता स्व. श्री मोहम्मद हुसैन, वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड , निर्मित भूतल 912 व.फु. आर.सी.सी. , विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 200
2024-2025 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती नजिया शाह, पति डॉ. रहीम शाह ने भवन क्रंमाक 4110/18 आर 01 , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000446540 जलकर पिन नं. .........., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती कुमुदुनी डेंगरे, पति श्री भीमराव डेंगरे, वार्ड सुभाष चंद बोस वार्ड , निर्मित भूतल 875 व.फु. आर.सी.सी. , विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कृति कार्यालय संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, आर्मी नं. 15817475N रैंक SEP NAME KHEMRAJ GURJAR Presently residing KALWANT COY MCMM JABALPUR शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम KRISHNA CHANDER GURJAR दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही नाम KRISHAN GURJAR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरे पुत्र के सही नाम KRISHAN GURJAR को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम-
KRISHNA CHANDER GURJAR
सही नाम-
KRISHAN GURJAR

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/117 दिनांक 05/03/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. रेवा प्रसाद विश्वकर्मा ने भवन क्रं. 743 वार्ड कस्तुरबा गांधी भूतल 1840 आवासीय प्रथम तल 1840 आ. हकत्याग पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 743 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी रेवा प्रसाद विश्वकर्मा पिता लोकमन विश्वकर्मा भवन क्र. 743 पिन नं. 41001960, 1000611490 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3274
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-05,
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 04/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्वाति प्रदीप राव पत्नी श्री प्रदीप राव एवं श्री प्रदीप राव पिता श्री दीपक राव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ए-03 नवलहोम्स तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46702599, 1000379152, पर निर्मित भूतल 500 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 500 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज राम कृष्ण विश्वकर्मा पिता काडोरी लाल विश्वकर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3272
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**
प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 118/2024-25 दिनांक 28/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शक्ति बबेले, पति- श्री अभय बबेले के द्वारा वार्ड क्रं. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 2000271059 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती जयश्री त्रिवेदी, पति श्री अशोक कुमार त्रिवेदी के नाम से दर्ज प्लाट नं. 19 खसरा नं. 38/40 जिसका मौजा लमती का प्लाट रकवा 1500 व.फु., विक्रय/क्रय की गई संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

कृति संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं प्रणय गोस्वामी उम्र 19 वर्ष पिता तपिस गिर निवासी मेहता ग्वारी जिला सिवनी म.प्र.का निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि -

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड ( संख्या 8727 9732 6490 ) में मेरा नाम रोहित गोस्वामी दर्ज हैं जो कि मेरा गलत नाम है, जबकि मेरे नाम से जारी शैक्षणिक रिकॉर्डों मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आई डी में तथा समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम प्रणय गोस्वामी दर्ज है. जो कि सही एवं सत्य है।
3. यह कि मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड में मेरा नाम रोहित गोस्वामी के स्थान पर प्रणय गोस्वामी दर्ज कराये जाने हेतु दैनिक समाचार / गजट प्रकाशन हेतु तथा भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराने हेतु अपने उक्त नाम को सुधार किये जाने बावत् शपथ पत्र प्रस्तुत है।
4. यह कि रोहित गोस्वामी एवं प्रणय गोस्वामी उपरोक्त दोनों नाम मेरे याने एक ही व्यक्ति के नाम है।
5. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम प्रणय गोस्वामी ( PRANAY GOSWAMI ) करना चाहता हूँ ।

र.नं. 3257


### डल्लेवाल के अनशन के सौ दिन पूरे

## किसान नेता बोले, आज संसद से सड़क तक एमएसपी गारंटी कानून की गूंज

**चंडीगढ़, (एजेंसियां)।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन के बुधवार को 100 दिन पूरे हो गए हैं। देशभर में किसानों ने बड़ी संख्या में जिला और तहसील स्तर पर सांकेतिक भूख हड़ताल की। दातासिंहवाला-खनौरी किसान मोर्चे, शम्भू मोर्चे एवम रत्नपुरा मोर्चे पर सैंकड़ों किसानों सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे।

इसके साथ-साथ आज पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक में भी किसानों ने व्यापक स्तर पर सांकेतिक भूख हड़ताल की। किसान नेताओं ने कहा कि 100 घंटे भूखे रहने से ही इंसान की हालत खराब हो जाती है, लेकिन जगजीत सिंह डल्लेवाल जी मजबूत इरादों के धनी हैं और परमात्मा-वाहेगुरु के आशीर्वाद से 100 दिन से आमरण अनशन पर होने के बावजूद उनके हौसले बुलंद हैं। जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आज सड़क से लेकर संसद तक एमएसपी गारंटी कानून की गूंज सुनाई दे रही है। यह परमात्मा-वाहेगुरु के आशीर्वाद से सम्भव हुआ है, जगजीत सिंह डल्लेवाल ने स्वयं कुछ नहीं किया। किसान नेताओं ने कहा कि यूं तो हमारे देश को दुनिया का सब से बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, लेकिन पिछले 100 दिनों से जगजीत सिंह डल्लेवाल का सत्याग्रह चल रहा है, उसके बावजूद केंद्र सरकार ने अब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं की हैं और अब भी किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रही है।

### मायावती की भतीजे के बाद भाई पर कार्रवाई

## आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

**लखनऊ, (एजेंसियां)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया है।

मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में राष्ट्रीय समन्वयक भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। मायावती ने लिखा कि ऐसे में आनंद पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। अब उनकी जगह यूपी के जिला सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गई है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा कि इस प्रकार, अब रामजी गौतम, राज्यसभा सांसद रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देश में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे।





मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसके पहले रविवार को उन्होंने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया था। आकाश ने सोमवार को मायावती के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। इससे नाराज होकर मायावती ने उन्हें बसपा से निष्कासित करने का फैसला लिया था।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 06 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# 'हू आफ्टर औरंगज़ेब?'

एक बड़ा वर्ग एक ओर जहां इस बात को मानकर गदगद है कि भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हो चुकी है क्योंकि लगभग एक हजार वर्षों के बाद कोई हिन्दू शासक दिल्ली के सिंहासन पर बैठा है, तो वहीं उसे यह देखकर दुख भी होता है कि देश के सियासी गलियारे में अब भी मुगलिया शासकों की उपस्थिति बनी हुई है। जिस प्रकार से इस्लामी शासकों द्वारा हिन्दुस्तान पर राज किये जाने की एक ऐतिहासिक क्रोनोलॉजी है, वैसे ही जैसे-जैसे नरेन्द्र मोदी प्रवर्तित वर्तमान हिन्दू शासनकाल आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुस्लिम शासकों की शामत आ रही है। इस्लामोफोबिया को रंग व हवा देने के लिये बाबर से शुरू कर भारतीय राजनीति को इन दिनों औरंगज़ेब की याद ज़ोरों से आ रही है। सवाल यह है कि इस कथित 'जल्लाद' और 'हिन्दू विरोधी' के बाद किस शासक का नम्बर आयेगा क्योंकि उनके बाद से मुगलिया सल्तनत लगातार कमजोर हो चली थी जो बहादुरशाह ज़फ़र के बाद पूरी तरह खत्म हो गयी? औरंगज़ेब से ज़फ़र के बीच कोई भी उल्लेखनीय बादशाह तो हुआ नहीं, हुए भी तो इतने कमज़ोर कि उनके नाम भी किसी को मालूम नहीं। शुक्र है कि मुगलों के वारिस कोलकाता की झोपड़पट्टियों में जीवन बिता रहे हैं, वरना वे भी आज आलोचना के केन्द्र में होते- ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में।

वैसे तो मुस्लिमों को लेकर होने वाली सियासत का दौर आजादी के पहले से ही शुरू हो गया था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि हिन्दू महासभा और मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित हुआ। फिर भी जब देश दो हिस्सों में बंट ही गया और जिन्ना पाकिस्तान के गवर्नर जनरल बनकर चले गये तो यहां रह गये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा कांग्रेस जिन्हें देश को बांटने का जिम्मेदार माना गया। गांधी को इसी कारण से मार डाला गया तथा नेहरू को न केवल उनके जीवन पर्यंत वरन अब तक मुसलमानों के कथित तुष्टिकरण के लिये निंदा होती है। 2014 के बाद, यानी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में नेहरू-मुसलमान सम्बन्धों की पुस्तक में नया अध्याय यह जुड़ गया कि नेहरू के पुरखे मुसलमान थे। यानी वे ऐसे परिवार के हैं जो पहले मुस्लिम था। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा रचित एवं वाट्सएप विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के जरिये लोगों को ज्ञात हुआ कि उनका वंश किसी गियासुद्दीन गाज़ी से सम्बद्ध है। जिस देश के ज्यादातर हिन्दुओं की कई पुश्तों का विवरण प्रयागराज और हरिद्वार में उन घाटों के पंडितों के सैकड़ों वर्षों से लिखे जा रहे बही-खातों में दर्ज़ हैं जहां पितरों का अस्थि विसर्जन होता है, उसी देश के लोगों ने नेहरू के मुस्लिम कनेक्शन को सच मान लिया। इंदिरा गांधी के पारसी पति फिरोज़शाह को भी मुस्लिम साबित करने में कोई दिक्कत नहीं आई। चूंकि राहुल व प्रियंका की मां सोनिया ईसाई परिवार से आती हैं तो इस तड़के में एक और जायका मिलाकर विमर्श आगे बढ़ा जिसके कई आयाम खुलते हैं।

1991 में देश की राजनीति में बाबर का प्रवेश गाजे-बाजे के साथ भाजपा द्वारा किया गया- अयोध्या के रामजन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाकर। देश में मुगल सल्तनत की नींव रखने वाले बाबर के सेनापति मीर बाक़ी द्वारा इसे तुड़वाकर (1528-29) बाबरी मस्जिद बनवाई गयी थी। इसे लेकर भाजपा का रामजन्मभूमि आंदोलन हुआ। लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से लेकर निकली रथयात्रा ने देश की राजनीति का विमर्श कुछ यूं बदला कि पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 बार (क्रमश: 13 दिन, 13 माह व पूर्णकालिक) सरकारें बनीं। इस दौरान किसी को बाबर याद नहीं आया। कभी-कभार उसका उल्लेख इन शब्दों में ही होता था कि 'काबुल में उसके मकबरे पर कोई नहीं जाता पर भारत में उसकी पूछ-परख बनी हुई है।' इस तंज के निशाने पर कांग्रेस होती थी। संविधान की भावना के अनुरूप अल्पसंख्यकों की सरकार की ओर से देखरेख को 'तुष्टिकरण' बतलाया जाता रहा।

2014 के बाद से यह विमर्श सघन तो हुआ ही, बहुसंख्यक भी बन गया। एक तरफ भाजपा ने खुद को हिन्दुओं की पार्टी बना डाला तो वहीं सरकार ऐसे कानून बनाने लग गयी जिसके निशाने पर किसी न किसी तरह से मुस्लिम ही होते हैं। फिर चाहे वह नागरिकता कानून हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का खात्मा या वक्फ़ बोर्ड में बदलाव। स्वयं मोदी चुनावी सभाओं से लेकर संसद के भीतर अपने भाषणों में मुस्लिम विरोधी विमर्श के सूत्रधार बने हुए हैं। एक तीसरा वर्ग है जो ट्रेनों-बसों में किसी मुस्लिम को देखकर हनुमान चालिसा का पाठ करने लगता है या फिर हिन्दू त्यौहारों पर मंदिरों की बजाये मस्जिदों या चर्चों के सामने (घुसकर भी) धार्मिक नारे लगाता है। उसे किसी मुसलमान के घर की छत पर इस्लामी झंडा फहराने से लेकर किसी मज़ार को खोदने अथवा ताजमहल में पूजा करने में कोई उज्र नहीं है। किसी पुस्तक को हाथ भी न लगाने वालों को वर्षों पहले नालंदा विश्वविद्यालय के जलाये जाने का दुख अब जाकर साल रहा है।

इसी के तहत फिलहाल भारत की राजनीति में औरंगज़ेब तहलका मचाये हुए है। दो साल पुराना एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक युवा सार्वजनिक शौचालय में औरंगज़ेब की तस्वीर चस्पां कर रहा है तो वहीं मुम्बई में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के खिलाफ़ इसलिये एफआईआर हो रहा है क्योंकि वे औरंगज़ेब की शासन प्रणाली की तारीफ़ कर देते हैं। उन्होंने यह अपना बयान वापस ले लिया हो लेकिन उन्हें विधानसभा के जारी बजट सत्र से निलम्बित कर दिया गया है। राजद्रोह का मामला चलाने की मांग भी हो रही है।

बाबर द्वारा मुगल साम्राज्य की स्थापना का गुस्सा, अकबर के हरम के किस्से, शाहजहां द्वारा कथित रूप से महातेजालय मंदिर को तोड़कर ताजमहल बनाने के आरोपों के बाद औरंगज़ेब भी निपट गये हैं। अब आगे कौन? आश्चर्य नहीं होना चाहिये कि 'हू आफ्टर इंदिरा?' या 'हू आफ्टर मोदी?' की तर्ज़ पर अब पूछा जाने लगे- 'हू आफ्टर औरंगज़ेब?'

# अंबानी के जंगल में मोदी

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

नरेन्द्र मोदी ने अपने आलोचकों को कड़ा जवाब दे दिया है। पिछले 11 सालों से वे सुन-सुन कर तंग आ गए थे कि मोदी साक्षात्कार से घबराते हैं, मोदी चीन को लाल आंखें नहीं दिखाते, मोदी ये नहीं करते, मोदी वो नहीं करते। अब मोदी ने कुछ ऐसा कर दिखाया कि सबकी बोलती बंद हो गई। इस काम में उनके मित्र मुकेश अंबानी बड़े मददगार साबित हुए। हर कोई ट्रंप जैसा नहीं होता, जिनका नाम लेकर कांग्रेस ने तंज कसा था कि दुश्मन न करे, दोस्त ने वो काम किया है..। मुकेश भाई ने कैसेट पलट कर ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे, बजा दिया। मोदी के दुश्मनों को आईना दिखाने के लिए उनसे अपने निजी जंगल वनतारा का उद्घाटन करवा दिया। वनतारा को दुनिया का सबसे बड़ा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र बताया जा रहा है। एक निजी जमीन पर बना जंगल और उसमें रखे गए जानवरों पर कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन उसकी चर्चा बाद में। पहले देख लेते हैं कि मोदीजी ने कैसे बुरी नजर वालों को अपनी टेढ़ी नजरें दिखा दीं।

सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी ने जानवरों के साथ अठखेलियां करते, लाड़ करते-दुलारते, निहारते कई तस्वीरें और वीडियो डाले हैं। मैन वर्सेज वाइल्ड की शूटिंग हुए छह साल बीत गए, लेकिन पिक्चर अभी बाकी है। वाइल्ड लाइफ का एडवेंचर जैसे आजकल नवधनाढ्यों के सिर पर सवार रहता है, उसकी झलक मोदी के वनतारा एडवेंचर में देखने मिली। यहीं उन्हें अपने आलोचकों का मुंह बंद करने का भी मौका मिला, जो उन्हें डरपोक कहते थे, तंज कसते थे कि मोदी पत्रकारों का सामना नहीं कर सकते। लेकिन आलोचकों को ये नहीं पता था कि मोदी उनका सामना कर सकते हैं, जिसे दुनिया बब्बर शेर कहती है। मोदी अब कह सकते हैं कि जाओ जाकर राहुल के बब्बर शेरों को कह दो कि मैं असली बब्बर शेरों से मिलकर आया हूं। जाओ जाकर मुझसे सवाल पूछने के उत्सुक लोगों को कह दो, मैंने शेर और चीते का साक्षात्कार किया है। अब ये अलग बात है कि मोदी जब शेर, चीते, सिंह सब से साक्षात मिल रहे थे तो बीच में एक कांच की दीवार थी। इधर से शेर अपना हाथ मारता, उधर से मोदी अपना हाथ देते, दे ताली। अगर पत्रकार भी इसी तरह कांच की दीवार के आर-पार साक्षात्कार लेने की कला सीख जाएं, तो फिर मोदी एक क्या सौ सवालों पर इसी तरह दे ताली कर देंगे। हाथों की कला तो उन्हें वैसे भी खूब आती है। अमेरिका में पत्रकार ने अडानी पर सवाल पूछा था तो उस वक्त दे ताली नहीं कर पाए, मगर हाथ नचा कर अच्छे से जवाब दे ही दिया था।

वनतारा में मोदी को गोदी मीडिया वाले पत्रकारों को खिलाने जैसा आनंद भी आया। एक वीडियो आया है जिसमें मोदी शेर और सिंह शावकों को गोद में बिठाकर पुचकार रहे हैं, बोतल से दूध पिला रहे हैं। एक नन्हा सिंह तो दहाड़ने की कोशिश करता भी दिखा। नादान है उसे नहीं मालूम कि जिसकी गोद में बैठते हैं, उसके सामने न दहाड़ते हैं, न दहाड़ने का दिखावा करते है। इस मामले में अपनी मौसी बिल्ली से सीखने की जरूरत है। मोदी ने मेडागास्कर में पाए जाने वाले दुर्लभ लेमूर को भी अपनी गोद में बिठाकर खाना खिलाया। लेमूर वानर कुल का ही प्राणी है। कुशल मदारी अच्छे से जानता है कि अपने बंदर को कैसे नचाना है, कब उसे खिलाना है, कब उसके जरिए खिलवाड़ करके दिखाना है। वो तो मेनका गांधी ने अगर भालुओं और बंदरों की रक्षा का स्वघोषित जिम्मा नहीं उठाया होता तो आज सड़कों पर कई मदारी वनतारा से बेहतर मनोरंजन लोगों का कर के दिखाते, लेकिन एक को विजेता बनाने के लिए सारों को रास्ते से हटा दिया गया।

वनतारा में मोदी को गोदी मीडिया वाले पत्रकारों को खिलाने जैसा आनंद भी आया। एक वीडियो आया है जिसमें मोदी शेर और सिंह शावकों को गोद में बिठाकर पुचकार रहे हैं, बोतल से दूध पिला रहे हैं। एक नन्हा सिंह तो दहाड़ने की कोशिश करता भी दिखा। नादान है उसे नहीं मालूम कि जिसकी गोद में बैठते हैं, उसके सामने न दहाड़ते हैं, न दहाड़ने का दिखावा करते है।

खैर, करीब साढ़े तीन हजार एकड़ में बने अंबानी के इस जंगल में मोदी ने ढेर सारे जीव जंतुओं से मुलाकात की। थलचर, जलचर, नभचर सारे प्राणी परमात्मा के साक्षात अंश से मिलकर गदगद हुए होंगे, ऐसा मान लेना चाहिए। वर्ना जानवरों तो अपने जंगलराज में ही मगन रहते हैं, उन्हें कहां मौका मिलता है कि वो लोक राज के मुखिया से भी मिलें। हो सकता है मोदीजी ने उनकी भाषा में बताया भी हो कि अब बिहार में चुनाव होने हैं, और वहां हमें बार-बार जंगलराज की बात करनी पड़ती है। इसलिए आप लोग मुझे सीधे फर्स्ट हैंड जानकारी दें कि आपके असली जंगलराज में आखिर होता क्या है। जैसे बिल गेट्स से एआई और एलन मस्क से सीधे एक्स और टेस्ला की जानकारी मोदी ले चुके हैं, वैसे ही अबकी बार जंगलराज से सीधा साक्षात्कार, का नारा वनतारा में उन्होंने बुलंद किया होगा। यहां मोदी को अजगर, ऊदबिलाव, ओरंगुटान, दरियाई घोड़ा, फ्लेमिंगो और शायद गिद्ध या बाज से भी मिलने का मौका मिला। सुअर शायद वनतारा में नहीं हैं या होंगे भी तो उनके साथ मोदी की तस्वीर देखने नहीं मिली। वैसे भी योगीजी ने तो बताया है कि गिद्ध और सुअर महाकुंभ पर नजर रखे थे।

मोदीजी ने शीशे के पुल पर खड़े होकर नीचे पानी में घड़ियालों को भी देखा। इस मुलाकात के वीडियो को देखकर समझना कठिन था कि कौन किसको देखकर चुनौती महसूस कर रहा है। हाल-फिलहाल कोई चुनाव नहीं है, न ये कोई विदेशी दौरा था, जहां सबके सामने आंसू बहाने की जरूरत पड़े। अगर ऐसी नौबत आती, तब तो घड़ियाल सोचते कि अच्छा है हम पानी में ही ठीक हैं, कम से कम यहां मुंह छिपा कर अपने आंसू भी छिपा लेंगे, बाहर रहते तो आंसू बहाने की प्रतियोगिता में हार ही जाते। मोदीजी को वनतारा के फ्लेमिंगों के बीच जाकर अपनेपन का खासा अहसास हुआ होगा। नारंगी फ्लेमिंगों को क्या पता कि उनका रंग देश में कितना सियासी रसूख रखता है। वैसे कानपुर के चिड़ियाघर में रखे गए सारस को बेहद अफसोस हो रहा होगा कि अंबानी की मेहरबान नज़रें उस पर क्यों नहीं पड़ीं। आरिफ ने तो उस सारस के साथ खूब दोस्ती निभाई, लेकिन यहां पशु पक्षियों के संरक्षण और बचाव के लिए बनाए गए कठिन वन्य कानून आड़े आ गए और आरिफ से उस सारस को न केवल अलग कर दिया गया, बल्कि अब आरिफ को सारस से मिलने की भी इजाज़त नहीं है, क्योंकि पिंजरे में कैद सारस आरिफ को देखकर मिलने के लिए तड़पने लगता है। दो साल पहले उसे वन अधिकारियों ने आरिफ से अलग कर दिया था, अब तो न जाने किस हाल में होगा।

मालूम नहीं मोदीजी की वनतारा में किसी जानवर से ऐसी ही पक्की वाली निस्वार्थ दोस्ती हुई या नहीं, क्योंकि अगर वहां कोई जानवर मोदी से मिलने तड़पे तो उसमें तो कोई वन्य कानून आड़े नहीं आएगा। वैसे भी जब दुनिया भर से चुन-चुन कर जानवरों को वनतारा में रखा जा सकता है, तो क्या राष्ट्रीय, क्या अंतरराष्ट्रीय किसी कानून के बारे में पूछने का मतलब ही नहीं रह जाता। छोटे, बड़े, शाकाहारी, मांसाहारी, लुप्तप्राय, दुर्लभ तमाम तरह के जानवर गुजरात ऐसे ही तो नहीं पहुंचे होंगे, इन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से गुजारते हुए लाया गया, रखा गया, पाला गया। यह सब करने के लिए किस तरह राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकारों की स्वीकृति मिली, यह बड़ा सवाल है। अब मोदी वहां अपनी पूरी कैमरा टीम के साथ पहुंचे, तरह-तरह से फोटो शूट हुए। क्या हम किसी राष्ट्रीय अभयारण्य में इतनी मनमर्जी से टहल सकते हैं। वैसे जंगली जानवर इंसानों से घुलना-मिलना पसंद नहीं करते, लेकिन यहां पालतुओं की तरह उन्हें हाथ से खिलाया-पिलाया गया और वीडियो भी बनवाए गए, क्या इसमें नियमों का उल्लंघन नहीं हुआ। बहुत से जानवरों का इलाज यहां हो रहा है, जिनका मुआयना भी मोदी ने किया। किसी की जान बचाना सही है, लेकिन क्या जब ये जानवर ठीक हो जाएंगे तो क्या उन्हें वापस उनके अपने घर में छोड़ा जाएगा या ये वनतारा की ही संपत्ति कहलाएंगे। इस संपत्ति का क्या कोई व्यापारिक लाभ भी आगे लिया जाएगा, क्योंकि दुनिया में जानवरों की खाल, हड्डी, नाखून, सींग, फर सबकी बड़ी मांग है, इसलिए इनका शिकार होता है और इनकी रक्षा के लिए ही तमाम कानून बने हैं। अब उन कानूनों का क्या होगा, वनतारा की निगरानी का हक क्या सरकार के वन मंत्रालय को होगा। ऐसे कई सवाल हैं, जो मोदी जी से साक्षात्कार में पूछे जा सकते हैं। पर इसके लिए शीशे की दीवार का इंतजाम करना होगा, मोदी तभी सामने आएंगे।

# अंधविश्वासी विचारों का प्रचार करने वालों की साजिशों का पर्दाफाश होना चाहिए

■ डॉ. अरुण मित्रा

प्रयागराज में कुंभ स्थल पर गंगा नदी के पानी में उच्च स्तर के प्रदूषण की केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के बाद अब बिहार आर्थिक सर्वेक्षण ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि बिहार में अधिकांश स्थानों पर गंगा नदी का पानी स्नान के लिए भी उपयुक्त नहीं है, क्योंकि इसमें जीवाणुओं की मात्रा बहुत अधिक है। यह अध्ययन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है, जो नियमित रूप से गंगा नदी में प्रदूषण के स्तर की निगरानी करता है।

प्रयागराज में बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने का संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पहले चेतावनी दी थी कि कुंभ स्थल प्रयागराज का पानी अत्यधिक प्रदूषित है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की मात्रा अनुमेय सीमा से कहीं अधिक है और प्रदूषकों में मल का उच्च स्तर शामिल है। 16 फरवरी, 2025 को एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को उसकी खराब कार्रवाई के लिए फटकार लगायी, जिसके कारण 50 करोड़ लोगों ने न केवल अत्यधिक प्रदूषित पानी में स्नान किया, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है, बल्कि इससे भी बदतर यह कि लोगों को वह पानी पीना भी पड़ा। एनजीटी ने यह भी आशंका जतायी कि शायद यूपीपीसीबी किसी तरह के दबाव में है। कोई अश्चर्य नहीं कि एनजीटी की टिप्पणियों के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज का पानी पीने योग्य है।

यह तब है जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पाया कि 12 जनवरी और उसके बाद 23 जनवरी, 2025 को निरीक्षण के दौरान कई निगरानी स्थलों पर पानी की गुणवत्ता घटिया पायी गयी। सीपीसीबी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई स्थानों पर बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर सामान्य मानक तीन मिलीग्राम (एमजी) प्रति लीटर से अधिक पाया गया। उच्च बीओडी प्रदूषण के उच्च स्तर को इंगित करता है, क्योंकि सूक्ष्मजीवों को पानी में कार्बनिक अपशिष्ट को विघटित करने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। फेकलकोलीफॉर्म बैक्टीरिया का स्तर बहुत अधिक था, जो मुख्य रूप से मानव और पशु मलमूत्र से आते हैं। इन बैक्टीरिया की मौजूदगी से पता चलता है कि पानी सीवेज से दूषित है, जिससे टाइफाइड, डायरिया और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के फैलने की संभावना है।

यह देखा गया कि कई स्थानों पर नालों से अनुपचारित अपशिष्ट जल सीधे गंगा में बह रहा था। जबकि कुछ नालों को टैप करके उपचारित किया जा रहा था, लेकिन उपचार प्रक्रिया या तो आंशिक या अप्रभावी थी।

एनजीटी की रिपोर्ट लोगों को उस प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने से पहले सावधानी बरतने की चेतावनी थी। यह एक विरोधाभास है कि वैज्ञानिक चेतावनी के बावजूद लोग अत्यधिक प्रदूषित पानी में नहाने और पीने के लिए उमड़ पड़े। लेकिन इस विश्वास के बिना कि कुंभ के दौरान डुबकी लगाने से उन्हें देवताओं का आशीर्वाद मिलेगा, इनमें से अधिकांश लोग ऐसे प्रदूषित जल स्रोतों के पास भी नहीं खड़े होंगे।

ऐसी आस्था और विश्वास जो पहले एक व्यक्तिगत मामला हुआ करता था, अब राज्य द्वारा कायम रखा जा रहा है। ऐसे आयोजनों का प्रबंधन आज तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया जाता रहा है, जबकि राज्य केवल सहायक सेवाएं ही प्रदान करता रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में राज्य न केवल इन आयोजनों को बढ़ावा देने में शामिल रहा है, बल्कि उन्हें मजबूत करने के लिए कथा-कथन भी गढ़ रहा है। इतना अधिक कि कई बार संवैधानिक संस्थाओं के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।

12 अप्रैल 2017 को टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित एक समाचार में चार सदस्यीय समिति ने सिफारिश की थी कि तथाकथित धर्मगुरु श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) फाउंडेशन को यमुना नदी तट को हुए 'व्यापक और गंभीर नुकसान' के लिए मरम्मत लागत के रूप में 100-120 करोड़ रुपये का भुगतान करना चाहिए। यह क्षति 2016 में दिल्ली में यमुना के तट पर एओएल द्वारा आयोजित सामूहिक उत्सव के कारण हुई थी। लेकिन एओएल ने इस आदेश का पालन नहीं किया, क्योंकि उन्हें केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त था।

सत्ता में बैठी सरकार द्वारा बार-बार अवैज्ञानिक कथा-कथन गढ़कर लोगों को मिथकों में उलझाए रखने का एक सूक्ष्म प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए, गोमूत्र को कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के इलाज के रूप में प्रचारित किया जाता है। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि गाय के मूत्र से उनका स्तन कैंसर ठीक हो गया। गाय के गोबर और पंचगव्य को कई बीमारियों के लिए पसंदीदा उपचार माना जाता है। साथ ही, गाय के गोबर में परमाणु विकिरणों से बचाने की शक्ति भी होती है, उन्होंने कहा था।

उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जुलाई 2019 में कहा था कि गाय एकमात्र ऐसा जानवर है जो ऑक्सीजन सांस लेता और छोड़ता है और इस हवा को सांस के साथ लेने से लोगों की सांस की समस्या ठीक हो सकती है क्योंकि गाय 'प्राण वायु' देती है। राजस्थान उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने कहा था कि मोरनी मोर के आंसू चाटने पर संतानों को जन्म देती है। जालंधर में आयोजित भारतीय विज्ञान कांग्रेस में आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नागेश्वर राव ने कहा था कि-100 कौरव इसलिए पैदा हुए क्योंकि हमारे पास इतना उन्नत विज्ञान था कि हम प्राचीन भारत में प्रत्यारोपण के लिए स्टेम सेल का इस्तेमाल करते थे। आरोग्य भारती रति क्रीड़ा के दौरान विशिष्ट श्लोकों का जाप करके अनुकूलित शिशुओं के जन्म को बढ़ावा दे रही है।

आस्था और विश्वास जो पहले एक व्यक्तिगत मामला हुआ करता था, अब राज्य द्वारा कायम रखा जा रहा है। ऐसे आयोजनों का प्रबंधन आज तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया जाता रहा है, जबकि राज्य केवल सहायक सेवाएं ही प्रदान करता रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में राज्य न केवल इन आयोजनों को बढ़ावा देने में शामिल रहा है, बल्कि उन्हें मजबूत करने के लिए कथा-कथन भी गढ़ रहा है।

वास्तव में इस तरह की अवैज्ञानिक कथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद गढ़ी गयी थी। अक्टूबर 2014 में मुंबई के एक अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने दावा किया था कि हाथी के सिर वाले हिंदू देवता गणेश प्राचीन भारत के प्लास्टिक सर्जरी के ज्ञान का प्रमाण थे। यह उनके बैंड वैगन को झूठी कहानियों का महिमामंडन करने का संकेत था। यह सब लगातार प्रयास लोगों को तर्कसंगत सोच से दूर रखने के लिए है।

लेकिन इस तरह के मिथकों और झूठ को हमेशा समय-समय पर चुनौती दी जाती रही है। प्राचीन भारत में एक ऋषि चार्वाक ने ब्रह्मांड और सामाजिक संबंधों के निर्माण की प्रचलित अवधारणा को चुनौती दी थी। उन्हें उनके विचारों के लिए जलाकर मार दिया गया था। गैलीलियो ने पृथ्वी के चारों ओर सूर्य के घूमने के मिथक को चुनौती दी, भले ही उन्हें इसके लिए सताया गया था। सूफी संतों ने भी मिथकों के खिलाफ बात की। गुरु नानक देव ने उस समय मिथकों को चुनौती दी जब ऐसा करना बहुत मुश्किल था। अब जब हमारे पास आसपास हो रही घटनाओं के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं, तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम निडर होकर उन लोगों के नापाक इरादों को उजागर करें जो विज्ञान का पूरा लाभ तो लेना चाहते हैं, लेकिन समाज में तर्कहीन और रूढ़िवादी विचारों को बढ़ावा भी देना चाहते हैं।

## आपके पत्र

### पर्देदारी से कब निकलेंगी महिलाएं?

पर्देदारी से मेरा आशय घूंघट या बुर्खा से कतई नहीं है। वह तो काफी हद तक घट चुका है। मेरा आशय उस वीभत्स और डरावनी पर्देदारी से है जिसका साया तकरीबन हर महिला को ढके हुए है। जिसने उसकी अपनी तमन्नाएं और जज़्बात पर पितृ सत्ता का आवरण डाल रखा है। इसके साथ ही उसकी जुबान पर ताला लगा रखा है। स्त्रियों को समझना होगा कि जब तक वे चुप रहेंगी उनके साथ और आगत पीढ़ियों का इसी तरह दमन होता रहेगा। परसाई जी ने तो साफ़-साफ़ दिख दिया था कि- स्त्री घर से बाहर महंगाई की वजह से निकली है क्योंकि एक से अब परिवार का पोषण नहीं होता। वाकई स्त्री की हालत स्वावलंबन के बाद और बुरी हो गई क्योंकि उसका संपूर्ण समय दफ्तरों और घरु तनावों में ही गुज़र जाता है। उसकी अपनी इच्छाएं दबी ही रह जाती हैं।

यह स्थितियां सिर्फ मध्यम वर्ग की महिलाओं की नहीं है। बराबरी के पदों पर बैठे पति-पत्नी का भी कमोवेश यही हाल है। एक लेखिका ने बहुत पहले लिखा था कि उसे सबके सो जाने के बाद ही अपनी नींद को खोकर ही अपनी अभिव्यक्ति के लिए समय मिल पाता है।

यह स्थितियां चिंताजनक हैं। अफसोसनाक है वह फिर भी ख़ामोश है। वह किसी लड़की के साथ हुए दुष्कर्म पर भी नहीं बोलती। आज़ाद भारत की तकरीबन 90फीसदी महिलाओं की ख़ामोशी निरंतर उसे रसातल में लिए जा रही है। एक महिला के राष्ट्रपति, वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री, जज, बड़ी अधिकारी और जिला पंचायतों , पालिकाओं में पहुंचने से कुछ भी हासिल नहीं हुआ क्योंकि वह अपनी जगह सीखें हुए पाठ पढ़ती हैं । यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप ही कहा जाएगा।

आज महिलाओं पर बढ़ते अपराधों की वजह उनकी सहनशीलता और चुप्पी ही जिम्मेदार है। क्योंकि संविधान ने उन्हें जो हक दिए हैं उसे प्राप्त करने में उसकी दिलचस्पी नहीं है। महिलाओं का दूसरी महिला के प्रति नकारात्मक रुख बड़ी खामी है। तीसरे समाज से उपेक्षित महिला जब अपनी कोशिश और साहस से आगे आती है उसके प्रति भी सम्मान भाव नहीं रहता। न्याय व्यवस्था की हीला सवाली और बलात्कार जैसे घृणास्पद कार्य करने वालों को जब सम्मान मिल जाता है तब तो महिलाओं की एकजुटता से ही काम बन सकता है।अब तक पर्दे दारी बहुत हुई,खूब सहा अब नहीं सहेंगे। इस कारावास को तोड़ेंगे के भाव महिलाओं के दिल में आने चाहिए और खुलकर अपनी बात सार्वजनिक मंच पर साहसपूर्ण तरीके से रखने का सलीका भी आ जाए ,तभी संभावना बनती है एक सशक्त नारी की।

-सुसंस्कृति परिहार



## ललित सुरजन की कलम से

### इस चेतावनी को सुनें

*'अभी कुछ साल पहले तर्क दिया जाता था कि जब पूंजी एक देश से दूसरे देश जा सकती है तो कामगारों का आवागमन भी उतना ही सुलभ क्यों न हो। जाहिर है कि यह तर्क खोखला सिद्ध हुआ। इस स्थिति में समाजचिंतकों के समक्ष नए सिरे से अपनी भूमिका तय करने का वक्त आ गया है। जितने भी राजनीतिक दर्शन हैं वे आज तक उन्होंने ही स्थापित और परिभाषित किए हैं, सुकरात और अरस्तू से लेकर मार्क्स और गांधी तक। आज विश्व की जो परिस्थितियां हैं उनकी नए सिरे से व्याख्या करना आवश्यक है। यह विडम्बना है कि एक ओर प्रौद्योगिकी ने देशकाल की बहुत सी सीमाओं को तोड़ दिया है, दूसरी तरफ समाज खुद को सीमाओं में बांधते जा रहा है। उसका भय और संकोच कैसे समाप्त हो, उसमें उदात्त भावों का विकास कैसे हो, इसके लिए एक नई योजना, एक नया रोड मैप तैयार करना समय की न टाली जा सकने वाली मांग है। अन्यथा हम लकीर पीटते रहेंगे और प्रतिगामी, पुनरुत्थानवादी ताकतें विजय घोष के साथ आगे बढ़ती जाएंगी। इतिहास गवाह है कि हिटलर के उदय को समय रहते नहीं समझा गया, जिसकी भारी कीमत विश्व समाज को चुकानी पड़ी। वे खौफनाक दिन दुनिया के किसी भी देश में कभी भी नई शक्ल लेकर लौट सकते हैं। इस चेतावनी की अनसुनी करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें अपराधी मानकर धिक्कारेंगी।'*

**( अक्षर पर्व फरवरी 2017 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/02/blog-post_8.html

## पावन प्रसंग

### नव-सृजन ही जीवन की सार्थकता

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया।

परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था।

-संजीव ठाकुर





## गोपाल बाग तलैया में दो बच्चे डूबे, पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

### तलैया के पास मिले हैं बच्चों के कपड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोपाल बाग तलैया में दो बच्चों की डूबने से मौत होने की सूचना पर पुलिस दल बल के साथ पहुँच गयी थी। इसके अलावा रेस्क्यू के लिए एलटीआरएफ की टीम भी पहुँच गयी थी। तलैया के किनारे पुलिस टीम को बच्चों व उनके कपड़े मिले है। तलैया में बच्चों की जांच जारी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात सूचना प्राप्त हुई थी कि गोपाल बाग तलैया में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस को लोगों ने बताया कि उन्होंने बच्चों को डूबते हुए नहीं देखा है। बच्चे कौन थे, इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने तलैया के पास बच्चों के कपड़े मिले है। पुलिस तथा एलटीआरएफ की टीम तलैया में बच्चों की जांच कर रही है। अभी तक बच्चों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। इसके अलावा क्षेत्र व सीमावर्ती थाने में भी बच्चों के लापता होने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस सूचना पर जांच कर रही है। इस घटना की सूचना मिलने पर तलैया के समीप लोगों को हुजूम लग गया था। पुलिस अधिकारियों के द्वारा घटना की पुष्टि नहीं की गयी है।

## नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला

**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 5 मार्च से कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ राजेश शर्मा के निर्देशन में आरम्भ किया गया।

इस कार्यक्रम को मप्र विज्ञान एवं तकनीकी परिषद भोपाल द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है । इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा गतिविधियों का आयोजन जैसे के नवाचार एवं विज्ञानं थीम पर पोस्टर मेकिंग, रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तर प्रतियोगता आदि का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नृजातीय पशु चिकित्सा ज्ञान के माध्यम से पशु स्वास्थ्य में वृद्धि - एक औषध विज्ञान परिप्रेक्ष्य विषय पर डॉ एम जे राजा प्राध्यापक वेटरनरी कॉलेज नमक्कल द्वारा छात्रों को सम्बोधित किया गया । विजयी विद्यार्थियों को पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान 6 मार्च को किये जाएंगे। इस कार्यक्रम के द्वारा विज्ञान के व्यवहारिक जीवन में उपयोग तथा विज्ञान के द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना का प्रसार जनसामान्य एवं विद्यार्थियों में किया गया । कार्यक्रम का संयोजन डॉ अनिल गट्टानी तथा डॉ संजय शुक्ल द्वारा किया गया एवं डॉ आदित्य मिश्रा, डॉ राखी वैश्य , डॉ रूचि सिंह, डॉ आनंद जैन डॉ हरी आर , डॉ प्रगति पटेल डॉ पूर्णिमा का सराहनीय योगदान रहा।





## मुख्यंमंत्री डॉ. यादव का डुमना विमानतल पर हुआ आगमन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से शाम 4 बजे ट्रांजिट विजिट पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यममंत्री डॉ. यादव के साथ लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह व पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विमान से डुमना एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, मध्यहप्रदेश पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष विनोद गोंटिया, रत्नेश सोनकर, नीलेश अवस्थी, हरेन्द्रदजीत सिंह बब्बू, पंकज दुबे, रजनीश यादव ने पुष्प, गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगुवानी की। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेलीकॉप्टर से नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी के लिए प्रस्थान किया। लोलरी के कार्यक्रम के उपरांत वे शाम 6.19 बजे पुन: डुमना एयरपोर्ट पहुंचे एवं डुमना एयरपोर्ट से विमान द्वारा प्रस्थान किया।

## आहार और दंत स्वास्थ्य का महत्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** रोकथाम इलाज से बेहतर है एक पुरानी कहावत है लेकिन बहुत कम लोग इसका पालन करते हैं।

डॉ वी एस कोहली जबलपुर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र में एक सलाहकार ऑर्थोडॉन्टिस्ट और वरिष्ठ दंत सर्जन हैं, वह आहार के विषय और मौखिक स्वास्थ्य में इसकी प्रासंगिकता पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हैं। वह वर्तमान में इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट के अध्यक्ष हैं और विभिन्न सामुदायिक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। वह भारतीय संविधान के एक फ्रीमेसन और सशस्त्र बलों के एक अनुभवी हैं।

उन्होंने बताया कि चीनी का सेवन यथासंभव कम रखना चाहिए। चीनी प्रति व्यक्ति एक दिन में लगभग दो चम्मच पूरी नहीं लेनी चाहिए। आलू के चिप्स जैसे स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग, जिनमें उच्च चीनी सामग्री होती है और चिपचिपा होता है, दांतों से चिपक जाते हैं और एक ऐसी जगह बन जाते हैं जहां से दंत क्षय शुरू होता है। ये स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थ खराब स्वास्थ्य के परिणामस्वरूप सूजन और कम भूख का कारण बनते हैं।

ताजी सब्जियों, फलों और साबुत अनाज स्टार्च से भरपूर आहार और अतिरिक्त शर्करा और वसा में कम आहार से जुड़ी पुरानी बीमारियों को रोकता है, जिसमें दंत क्षय, मसूड़ों में संक्रमण और मौखिक कैंसर जैसी मौखिक स्थितियां शामिल हैं।

शैशवावस्था में ऐसे खाद्य पदार्थों के बार-बार सेवन के संपर्क में आने पर बच्चे चीनी और कैलोरी में उच्च खाद्य पदार्थ पसंद करेंगे। माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियमित रूप से खाने के पैटर्न पहले से ही इस उम्र तक विकसित हो गए हैं और उन्हें प्रोत्साहित करना जारी रखें।

## कलेक्ट्रेट में हो रहा मजदूरों की जान से खिलवाड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** आई एस ओ प्रमाणित कलेक्ट्रेट मे बिना सुरक्षा उपकर्णों के मजदूर जान हथेली पर रखकर काम कर रहे हैं।



ओ एस एच आई के मानदंडों को धता बता कर क्लेक्टर ऑफिस की ऊपरी मंजिल मे बिना हेलमेट, बिना हार्नेस तथा रेडियम स्ट्रिप लगी जैकेट के बिना, और ना ही सेफ्टी जाली आदि की अनदेखी कर मजदूरों की जान जोखिम मे डाली जा रही है।

लापरवाही की ये इंतहा है, वो भी तब जिले के मुखिया नीचे ऑफिस मे काम कर रहे हैं,और उनके सर के ऊपर हो रहे काम मे सुरक्षा मानकों के नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं की शहर मे मजदूरों की जान काम के दौरान कितनी सुरक्षित है। अगर कलेक्टर कार्यालय मे काम कर रहे मजदूर ही सुरक्षा नियमों से दूर हैं ,तब तो शहर के श्रमिकों का भगवान ही मालिक है।

## पांच माह के अजलान को नया जीवन मिला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना ने पाँच माह के अजलान को नया जीवन प्रदान किया है। योजना से स्वीकृत राशि से नारायणा हृदयालय मुंबई में अजलान के हृदय की सफल सर्जरी की गई और अब वो पूरी तरह स्वस्थ्य है। जबलपुर निवासी अब्दुल रजा का पुत्र अजलान जन्म से ही हृदय रोग से ग्रसित था। इसकी जानकारी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पहुँची राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की डॉ नाजिया शाह एवं एएनएम रजनी विश्वकर्मा को लगी। तुरंत अजलान का जिला अस्पताल के विषय विशेषज्ञ से परीक्षण कराया गया और मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का प्रकरण तैयार कर हृदय की सफल सर्जरी की गई।

## प्रहलाद पटेल के बयान के विरोध में आज नगर और ग्रामीण ब्लॉक में पुतला दहन करेगी कांग्रेस



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान को लेकर क ांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इसी के चलते आज गुरूवार को जबलपुर में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मंत्री का पुतला दहन का ऐलान किया गया है। इस संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि जिस तरह मंत्री पटेल ने जनता को लेकर बयांन दिया है, उससे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री ने बयान के लिये माफी मांगने की अपील की है। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कटोरा भी रखा था, जिसे विरोध स्वरूप दिखाया जा रहा है। इसके माध्यम से कहा जा रहा है कि उसी जनता का अपमान भाजपा नेता कर रहे हैं जिसके वोट पर सरकार बनाई है। उक्त विरोध प्रदर्शन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के ग्रामीण अध्यक्ष डा. नीलेश जैन, नगरा अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, पूर्व विधायक संजय यादव, दिनेश यादव एवं पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

**पुतला दहन कार्यक्रम पर एक नजर**- गणेश चौक- 2:0 बजे। मालवी चौक- 4 बजे त्रिपुरी चौक- 1 बजे अधारताल- 5 बजे शारदा चौक- 1: 30 बजे छोटी लाइन- 2 बजे रामपुर चौक- 12 बजे दर्शन सिंह चौक- 5:30 बजे, गोकलपुर- 5 बजे कांचघर चौक- 4 बजे दमोह नाका- 2:00 बजे खेरमाई मंदिर- 2:00 बजे दीनदयाल चौक- 4 बजे है।

## संगठन निर्माण में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका



**जबलपुर, देशबन्धु।** किसी भी संगठन के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और भारतीय जनता पार्टी में भी चाहे संगठन हो सत्ता का दायित्व हो महिलाओ की भागीदारी बराबर तय की गई है, यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भाजपा महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक में रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में कही।

भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व अध्यक्ष जीएस ठाकुर, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव की उपस्थिति में आयोजित बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा हम उस देश के निवासी है जहां मातृशक्ति को प्रथम माना जाता है और हमारे संगठन में भी आज माताओं बहनों की भागीदारी बड़ी संख्या में हो रही है इसके लिए सभी बहिनें बधाई की पात्र है क्योंकि मोर्चा की बहनों को संगठन के साथ साथ अपने घर परिवार को संभालने की जिम्मेदारी भी होती और दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन करना अपने आप में चुनौती पूर्ण होता पर आप सभी पूरी निष्ठा से अपने दिए गए कार्य को पूरा करती है यह अनुकरणीय है।

बैठक को पूर्व अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर मधुबाला राजपूत, रीना राय, प्रियंका श्रीवास्तव दीपमाला केसरवानी, सुमन यादव, सुम्मी सोनाने, कल्पना तिवारी सारिका राय, आरती दुबे, मनीषा यादव, वंदना कनौजिया, पिंकी विश्वकर्मा, श्यामली झा, रेखा केवट सुमन बर्मन प्रेमलता रैकवार मीना नामदेव सविता नामदेव पुष्पा तिवारी नीतू सिंह माया सिंह संगीता पासी शोभा लोधी संध्या पासी सविता पासी रीता लोधी गायत्री गोटिया ललिता सिंह अरुणा ठाकुरकांता कोरी सरिता शर्मा रश्मि केवट अर्चना यादव मौजूद रही।

## बिजली कंपनियों में रिक्त 2573 पदों की भर्ती 20 मार्च से

**जबलपुर, देशबन्धु।** ऊर्जा विभाग के अधीन तीनों बिजली वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 2573 पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा कार्यक्रम 20 से 30 मार्च तक घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर में होगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि इन भर्तियों से बिजली वितरण, जनरेशन, ट्रांसमिशन कार्यों के अलावा कार्यालयीन व्यवस्थाओं में काफी आसानी होगी। इसे लेकर कंपनी के गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे जो आज की जरूरत है। इसे बेहतर कदम माना गया।



## सेम सीनियर सिटीजन क्लब में मनाया शिवरात्रि महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** भक्तिपूर्ण वातावरण में बहुत ही उत्साह से क्लब संयोजक जादूगर एस के निगम के संयोजन में साउथ एवेन्यू माल में सेम सीनियर सिटीजन क्लब में सदस्यों ने शिवरात्रि महोत्सव अपने अपने ढंग से मनाया। कोई शिव पार्वती बना, तो कोई शिव आराधना में लीन हो नृत्य किया, किसी ने शिव तांडव नृत्य किया माल का पूरा वातावरण शिवमय हो गया जब जसवीर चोपड़ा ग्रुप ने शिवजी की बारात निकाली, भूत पिशाच नंदी सब आगे आगे नाचते चल रहे थे। कार्यक्रम में प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, रजनी चौहान, सुनीता जायसवाल, रचना सक्सेना, एल एस चौहान, सुनीता चोहान, सुनीता शुक्ला आरती जायसवाल, लक्ष्मी राजपूत, नीरज शुक्ला आदि ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आशा डाबर, रमेश पंडित ने की संचालन बच्चन श्रीवास्तव आभार ऋषि रैकवार ने किया इस अवसर पर पुरस्कार वितरण सुप्रभात संस्था के समाज सेवी अभय जैन ने किया। कार्यक्रम में क्लब के डॉक्टर टी टी लियाओ, बी एस राजपूत, रामजी अग्रवाल, रेणुका बेनर्जी, आशा मालवीय, अंजू आहूजा सुनीता मेहदीदत्ता, आदि सदस्य उपस्थित थे जिन्होंने सभी का तालियों की गड़गड़ाहट से हर प्रस्तुति का स्वागत और उत्साहवर्धन किया।

## रोशनी के रखवालों का हुआ सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन लाइनमैन दिवस 4 मार्च को पाटन संभाग के अंतर्गत मनाया गया इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 25 लाइनमैन को पुष्प माला प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सामुदायिक भवन पाटन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य जोगेंद्र सिंह अध्यक्ष नगर परिषद पाटन श्रीमती जय श्री चौहान सीएमओ नगर परिषद पाटन उदयभान सिंह ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य वक्ता इंजीनियर संतोष जैन इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर द्वारा विद्युत सुरक्षा एवं विद्युत दुर्घटना से बचाव पर कार्यशाला में लाइन कर्मियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए, कार्यक्रम आयोजक एवं कार्यपालन अभियंता पाटन संभाग नवनीत राठौर द्वारा लाइन कर्मियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विगत एक साल में गुणवत्ता पूर्ण विद्युत सप्लाई के साथ राजस्व में भी 25 परसेंट ग्रोथ लाने का कार्य किया है। राठौर ने लाइन कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर नरेंद्र चंदेल द्वारा किया गया इस अवसर पर इंजीनियर स्वर्ण सिंह मनकोटिया शुभम तंतुवाय कौशल किशोर सहित समस्त पाटन संभाग के कनिष्ठ यंत्री एवं राकेश सिंह, भगवान सिंह एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## 3 लाइनमैन हुये सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली मे लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश की लगभग 70 डिस्कॉलम, 28 ट्रांसमिशन कंपनी तथा 25 जनरेशन कंपनी ने भाग लिया। इसमें से म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के स्टॉफ को बधाई दी।



समारोह में कंपनी के 3 लाइनमैनों अनिल कुशवाहा मुक्तियारगंज वितरण केन्द्र रीवा क्षेत्र, प्रहलाद वलाड़ी डिंडौरी (ग्रामीण) वितरण केन्द्रग शहडोल क्षेत्र, आजाद कुमार सकवार शहर संभाग (पूर्व) शहर वृत्ति जबलपुर क्षेत्र को सम्मापनित किया गया।

## तालाबंदी के बाद, 80 हजार रूपये नगद प्रतिष्ठान संचालक ने किया जमा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम द्वारा सभी 79 वार्डो में राजस्व वसूली अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वसूली अभियान के दौरान जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि समय पर जमा नहीं की जाती है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई के साथ-साथ भवन एवं प्रतिष्ठानों में भी तालाबंदी करने की लगातार कार्रवाई की जा रही है तथा उनके नाम भी सार्वजनिक किये जा रहे हैं।

इसी तरतम्य में निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार संभागीय अधिकारी एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत मदन महल वार्ड में बकायादारों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के संबंध में संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत मदन महल वार्ड में बकायादार सत्यप्रकाश, देवी सिंह, राजेन्द्र सिंह पर 2 लाख 12 हजार 2 सौ 53 रूपये बकाया होने पर लगातार नोटिस जारी किये गए, परन्तु भवन स्वामी द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गयी, जिस कारण भवन स्वामी के विरूद्ध कुर्की कर तालाबंदी की की कार्रवाई की गयी। जिसपर भवन स्वामी द्वारा कार्यवाही के समय ही 80 हजार रूपये की राशि नगद जमा की गयी तथा शेष राशि लोक अदालत के समय जमा करने कहा गया।




कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त प्रीति यादव ने सभी संभागीय अधिकारियों को भी बकाया करों की राशि करदाताओं से जमा कराने सख्ती बरतने के निर्देश दिये हैं साथ ही सम्पत्तियों को कुर्क करने के साथ-साथ भवनों एवं प्रतिष्ठानों में वैधानिक प्रक्रिया को पूरी करते हुए तालाबंदी की कार्रवाई भी करने के सख्त निर्देश दिये हैं। कार्यवाही के समय राजस्व निरीक्षक रिषी कुशरे, करसंग्रहिता निर्मला मलिक, बाजार निरीक्षक संदीप पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत संभाग क्रमांक 7 में बडे करदाताओं के पास बकाया करों की राशि जमा कराने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर खुद अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, संभागीय अधिकारी सुरेन्द्र मिश्रा एवं आर.आई. रामचन्द्र वर्मा के साथ करदाताओं के यहाँ दस्तक दी और 2 लाख 64 हजार बकाया करों की राशि जमा करने करदाताओं को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवस के अंदर उक्त राशि करदाताओं के द्वारा जमा नहीं की जाती है तो उक्त सम्पत्तियों को नियमानुसार कार्रवाई की जाकर नीलाम की जायेगी। उन्होंने बताया कि दीवान आधार सिंह वार्ड अंतर्गत हज्जन अरफाना बेगम, हाजी अब्दुल मजीद आशा नगर कमल एजेन्सी के पीछे बकाया राशि 1 लाख 93 हजार 8 सौ 35 एवं अब्दुल मजीद मोहम्मद शमशाद आधारताल बकाया राशि 70 हजार 7 सौ 80 रूपये कुल राशि 2 लाख 64 हजार 6 सौ 15 रूपये होने पर सम्पत्ति को कुर्क किया गया है, उक्त सम्पत्ति पर 10 साल से सम्पत्ति कर, जलकर, कचरा प्रबंधन कर आदि बकाया है, यदि भवन स्वामी द्वारा अंतिम सूचना देने के तीन दिवस के अंदर उक्त राशि जमा नहीं की जाती है।

## सेवा और संस्कार सिखाते हैं श्रीकृष्णः देवाचार्य महाराज

### लघु काशी पंचमठा में श्रीमद्भागवत कथा पुराण ज्ञानयज्ञ में नंदोत्सव



जबलपुर, देशबन्धु। श्रीकृष्ण ने राक्षसों का संहार के साथ उनको राक्षस योनि से मुक्ति दिलाई। श्रीकृष्ण रूक्मिणी का मंगल संपूर्ण जगत में सांसारिक जीवन में हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रेरणा है। दीन दुखियों की सेवा करना उनके जीवन को उन्नत बनाना श्रीकृष्ण सीखते हैं। जीव में संस्कार होना चाहिए जिससे घर परिवार और समाज की सेवा करना ये घर से ही शिक्षा मिलती है। धन वैभव और ऐश्वर्य होने के बाद भी सुख-शांति सेवा करने से ही मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण को दीनदयाल कहते हैं उक्त उद्गार जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने लघु काशी पंचमठा गढ़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के षष्ठम दिवस कहे। श्रीमद्भागवत कथा पुराण के षष्ठम दिवस श्रीकृष्ण रुक्मिणी मंगल पर महंत कामता सरण जी महाराज ने श्रीराधा कृष्ण विग्रह, व्यास पीठ, नवग्रह षोडशोपचार पूजन अर्चना कामताशरण जी महाराज मनीषा अजय तिवारी. विभा परमानंद तिवारी. अभिषेक प्रिया संजय तिवारी रामफल शास्त्री प्रियांशु हिमांशु शास्त्री रामफल शास्त्री कामता गौतम उपस्थित रहे। कथा स्थल लघुकाशी पंचमठा मंदिर, बी. टी. तिराहा, गढ़ा में श्रीमद् जगतगुरु रामरंगी व्दाराचार्य नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज व्यास पीठ से सुदामा चरित्र, भागवत महात्म्य, गीता सार दोपहर 2 बजे से श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह में ज्ञान गंगा में श्रद्धालुओं को कृतार्थ करेंगे ।

## गिरजाघरों में हुई प्रार्थना सभा



**जबलपुर, देशबन्धु।** सदर स्थित सेन्ट पीटर एन्ड पॉल कैथेड्रल माह गिरिजा घर में प्रभु येशु के पवित्र दुःख भोग के चालीसे का राख बुध की आराधना के साथ समस्त दुनिया के ईसाई समुदाय प्रभु येशु के 40 दिनों के पवित्र दुखभोग को बड़ी ही भक्ति भावना के साथ `पवित्र राख बुध की भक्ति प्रार्थना के साथ जबलपुर के गिरिजा घरों में विशेष प्राथना के साथ आरम्भ हुआ। आज से अगले 40 दिनों तक समस्त ईसाई समुदाय उपास और् भक्ति में लीन रहेगा, आज का प्रमुख मिस्सा सदर स्थित सेन्ट पीटर एंड पॉल चर्च में पवित्र मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। जिसमें पल्ली प्रमुख डॉ फादर डेविस जॉर्ज ने अपने उपदेश में कहा की मानव शरीर मिट्टी का बना है और एक दिन मिट्टी में मिल जायेगा। इसलिए हमें सांसारिक दिखावे से दूर रह कर प्रभु की भक्ति में उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। आज के पवित्र मिस्सा में सह पल्ली पुरोहित जोनास मरकाम, सेन्ट अलोसिश कॉलेज के प्राचार्य डॉ बेन अंटोन, सेन्ट अलोसिश स्कूल के प्राचार्य डेविस वी, फादर ख्रीस्त राज उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में पल्ली सचिव फेलेक्स बारला, जॉन डेविड, मनोज अन्थोनी, फ्रांसीस जेवियर, राजा बर्नाड, डोमनिक नाज़रत, जूसिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा आदि का सहयोग रहा।

## सर्वोच्च अंक लाने के लिए मिले पुरस्कार, स्वर्ण पदकों ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौसला

### गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह



जबलपुर, देशबन्धु। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में स्वर्ण पदक अलंकरण और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने की। विशिष्ट अतिथि रादुविवि कुलपति डॉ. राजेश कुमार वर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष माइकल प्रदीप कपूर, जनभागीदारी सदस्य अंकित फ्रांसिस, कमलेश दहिया, एलुमिनाई समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, एचबी पालन थे। संचालन संयोजक स्नेह सम्मेलन की संयोजक डॉ. वर्षा अगलावे, आभार प्रदर्शन डॉ. जया वाजपेयी ने किया।

**स्वर्ण पदक ने बिखेरी मुस्कान-** कार्यक्रम में संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। प्रभारी डॉ. शिखा सक्सेना ने बताया कि मृदुल मिश्रा, अदिति यादव, गरिमा नेमा को दो-दो स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। कुल 17 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का स्वर्ण पदक पुरोहित कुमार परस्ते को दिया गया।

**राष्ट्रीय स्तर पर उपलिब्ध के लिए सम्मान-** वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। एनसीसी में राष्ट्रीय स्तर उपलिब्ध के लिए सौम्या उपाध्याय, अनु यादव, मोहिका जैन, आशीष राव, एनएसएस में नेहा परस्ते, खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले पुरोहित परस्ते, आदित्य पटेल, अभिषेक पटेल, प्रवीण ऊइके, आदित्य त्यागी को पुरस्कृत किया गया।

**स्वर लहरी में गीत संगीत-** कार्यक्रम के द्वितीय चरण में गीत संगीत का कार्यक्रम स्वर लहरी के अंतर्गत हुआ। कार्यक्रम में टीचर्स और स्टूडेंट्स ने आर्केस्ट्रा की सुमधुर धुनों पर गीत प्रस्तुत किए। सजल राजपूत ने मेरे प्यार की उमर...., फिलिप मरावी ने मैं कोई ऐसा गीत गाऊं...., रंजन साहू ने ये मेरा दिल प्यार का दीवाना...., हर्षित दुबे ने दिल दीवाना गीत गाया। इस मौके पर सुनील नागी, डीके कोष्टा, रचना सांचा, राजश्री कपूर, संजय सोनकर, अनुषा अय्यर, समन्वयक डॉ. पुष्पराज चौधरी, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. राजश्री कपूर मौजूद रहीं।

## रोजा इफ्तार का एहतेमाम



**जबलपुर, देशबन्धु।** रमजान शरीफ के मौके पर चौथे रोज़े पर दरबारे जमाली में रोजा इफ्तार का एहतेमाम किया गया! बाबा मेराज अहमद जमाली की सरपरस्ती में आयोजित इफ्तार में मतीन अंसारी , रफीक खान, मौलवी रियाज आलम, ताहिर खान सहित सेंकड़ों लोग शामिल हुए!

## भंडारे के साथ संपन्न हुई शिव महापुराण



**जबलपुर, देशबन्धु।** हवन पूर्णाहुति एवं भंडारा श्रीगिरिजा शंकर रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित शिव महापुराण दशम दिवस के अवसर पर व्यास आचार्य श्री सिद्धार्थ पाण्डे जी ने हवन पूजन के पश्चात कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ इस अवसर पर प्रमुख यजमान डा. ए.सी.सोनकर श्रीमति अमर लता सोनकर एङ बलराज सोनकर श्रीमति राज श्री सोनकर सहित रामलीला समिति के एड. सरमन राजपूत,पं. कमलेश तिवारी, एड श्याम चंद्र तिवारी,डा.शिवमणीमिश्रा, पं.विष्णु दीक्षित, पं. बलराम परोहा, जगदीश यादव, अरुण सोनकर,राजेश सेन, पं. अरविन्द पाठक, पं. राजेन्द्र पाण्डेय, बाबा सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिको सहित सुरेन्द्र गुरु मालगुजार पाटन,रंजीत तिवारी मालगुजार अमरपुर पाटन सहित सिध्देश्वर कुंड के पीठाधीश्वर श्री रामेश्वरानंद, सतीश खण्डेलवाल, शिव कुमार तिवारी एंव समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। रामलीला के पं. कमलेश तिवारी ने बताया कि यह पुराण की कथा का आयोजन रामलीला समिति एंव क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से प्रतिवर्ष महाशिव रात्रि के पर्व पर आयोजित किया जावेगा।

## डिजिटल ऑडियो विजुअल प्रश्नमंच में दिखाई योग्यता

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में डिजिटल ऑडियो विजुअल प्रश्न मंच आयोजित किया गया। आयोजन नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन और एम पी सी एस टी का रहा। डिजिटल प्रश्नमंच में दो-दो अध्यापकों की सात टीम बनाई गई। प्रश्न ऑडियो विजुअल बजर माध्यम से प्रस्तुत किए गए। प्रश्नमंच आठ राउंड में हुई। क्विज मास्टर डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता प्राचार्य सहदेव सिंह मरावी, जीपी यादव, सतीश तिवारी, मनीषा चंदेल, प्रतीक्षा पटेल, नेहा पवार, उत्तम सिंह, कमल श्रीवास्तव, नारायण सिंह, रत्ना यादव, प्रभा मरावी, प्रीत रैकवार और बबली झारिया मौजूद थे। स्टूडेंट्स ने विज्ञान मॉडल बनाए। प्रतिभागियों ने जीते उपहार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्शी नाज और कृतिका, द्वितीय निति मनोहर व तृतीय गोविंद और साथी थे। प्रतियोगिता में एक दिन के वैज्ञानिक बने, मॉडल प्रदर्शन, रोल प्ले, नाटक, प्रश्नमंच में योग्यता दिखाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## पल्लवी वर्मा को पुरस्कार



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी की पल्लवी वर्मा को लक्ष्मीसिंह राजपूत पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के मप्र राज्य रूपंकर कला प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिया। पल्लवी शासकीय ललित कला निकेतन महाविद्यालय की एमए अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। उन्हें चित्रकला कृति छंदक जातक के लिए यह पुरस्कार और 51 हजार रुपए की सम्मान निधि दी गई है। वे एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत रमेश कुमार वर्मा व रामरती वर्मा की बेटी हैं।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 06 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी। नक्षत्र- रोहिणी**

**मेष**
आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**तुला**
आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृषभ**
आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। क-

**धनु**
आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**कर्क**
अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**मकर**
जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**सिंह**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कुंभ**
अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**कन्या**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**मीन**
आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

## समय की जरूरत बन चुकी है काउंसलिंग



**जबलपुर. देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विवि के व्यावसायिक अध्ययन एवं कौशल विकास संस्थान में संचालित पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर एवं पूर्व छात्रों के लिए विभागीय स्तर पर गेट-टू-गेदर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड प्रो. रीता भंडारी ने कहा कि काउंसलिंग एवं गाइडेंस मनोविज्ञान के अंतर्गत महत्वपूर्ण आयाम है, जिसकी वर्तमान समय में आवश्यकता बढ़ चुकी है। डॉ. अजय मिश्रा ने गाइडेंस एवं काउंसलिंग के छात्रों को व्यावहारिक रूप से आउट रीच कार्यक्रमों को जरूरी बताया। मनोवैज्ञानिक डॉ. मीनल दुबे ने मनोवैज्ञानिक परीक्षण, संज्ञानात्मक थैरेपी, मोटिवेशनल थैरेपी, मैरिटल काउंसलिंग, कॅरियर काउंसलिंग प्रशिक्षण की जानकारी दी। इस मौके पर इंजी. महावीर त्रिपाठी, सपना पांडे, राबिता सिंह, जोफिशा मनसब अंसारी, मृदुल त्रिपाठी, आशीष जैन, मयंक इटोरिया, रानी महदेले, सफिया खान, नाज़ बी, राबिता, कीर्ति, दीपशिखा, मनोज जैन, शिखा, पूनम मौजूद रहीं।

## रैली निकालकर दिखाई ताकत



**जबलपुर, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ 5 व 6 मार्च को स्थानीय रेलवे स्टेडियम में आयोजित किया गया है। अधिवेशन में भोपाल, कोटा एवं जबलपुर मण्डल मुख्यालय तथा शैडों में काम करने वाले सैंकड़ों पदाधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन एनएफआई आर के अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन के प्रारंभ से पूर्व वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने रेलवे स्टेडियम से विशाल रैली निकाली जिसमें भारी संख्या में जन समूह उमड़ा। यह रैली मुख्य रूप से एनपीएस/यूपीएस के खात्मे समेत ज्वलंत मुद्दों को समाप्त करने के लिए लड़ी जाने वाली लड़ाई पर मुख्य रूप से केंद्रित रही। रैली में संघ के महामंत्री अशोक शर्मा तथा संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एम राघवैया, महामंत्री एनएफआईआर, नई दिल्ली व मुख्य अतिथि पमरे मह्रप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय होंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएम उपाध्याय, अध्यक्ष उब्ल्यूसीआरएमएस होंगे व विशिष्ट अतिथि के रूप में एकनाथ मोहकर, अपर महाप्रबंधक होंगे।

## सदैव याद रहेंगे, प्रो. हनुमान गुरु



**पुण्य तिथि पर विशेष**

स्वर्गीय एचपी वर्मा जी ( हनुमान प्रसाद वर्मा) की अनेक स्मृतियां मनमानस पटिल पर जीवन्त हैं, मेरे जीवन में उनका गहरा प्रभाव रहा है। मैं कह सकता हूं कि मेरे राजनीतिक सामाजिक जीवन की सफलता का बहुत कुछ हिस्से का श्रेय उनको जाता है।

उनके सिद्धांतों से सामाजिक प्रतिष्ठा तो खूब मिली, बल्कि आज भी स्वभिमान से जीने की आदत पड़ी हुई है। समय के साथ बदलते राजनीतिक माहौल ,प्रदूषित होती सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप खुद को न बदलने से कुछ राजनीतिक नुकसान भी हुआ। क्योंकि अब समाज में ईमानदारी कम बेईमानी और मक्कारी अधिक हो गई है, जिसके कारण कई चीजों से वंचित ही रहना पड़ा। अर्थात वर्तमान की बदलती राजनीतिक और प्रदूषित व्यवस्था की सहभागिता के साधन ना जुटा पाना भी वर्तमान में नुकसानदेह है। वर्मा सर कहते थे ईमानदार रहो, चरित्रवान बनो, यह संदेश हमेशा गूंजता रहता है।

आज भी मेरा वर्मा परिवार से पारिवारिक रिश्ता है जब तक उनका जीवन रहा मेरे और बड़े भाई जैसे मित्र मुकेश राठौर का निरंतर उनके यहां आना-जाना रहा। वर्मा जी के माध्यम से शहर के अनेक व्यक्तित्व के धनी हस्तियों से भी संपर्क हुआ। जैसे **देशबन्धु** के संस्थापक मायाराम सुरजन जी,केशरवानी कालेज के प्रिंसिपल श्रीलाल दुबे, वरिष्ठ एडवोकेट राजेंद्र तिवारी, व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी शामिल हैं। डीआईजी अशोक पटेल , कांग्रेस नेता मदन तिवारी, चंद्रिका त्रिपाठी , राज बहादुर सिंह , महेश दत्त मिश्र , साहित्यकार चंचल, अनेक साहित्यकार पत्रकार बुद्धिजीवों के बीच रहने का सानिध्य प्राप्त हुआ और इन हस्तियों से बहुत कुछ सीखने को भी मिला। ऐसे गुरु प्रोफ़ेसर एच.पी वर्मा जी की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

**- दिनेश यादव**

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती रामकली तिवारी-** टीआईटी बिल्डिंग कांचघर निवासी श्रीमती रामकली तिवारी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जसबीर कौर अहलूवालिया-** मदनमहल निवासी श्री हरभजन सिंह अहलूवालिया की धर्मपत्नी श्रीमती जसबीर कौर अहलूवालिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती फूला बाई-** संजय गांधी नगर सदर निवासी श्री कल्लूराम की धर्मपत्नी श्रीमती फूला बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद राजपूत-** सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री प्रमोद राजपूत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशि चौरसिया-** रामपुर छापर विजयनगर निवासी श्री विजय चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शशि चौरसिया (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक समुंदे-** चंडालभाटा चेरीताल ननिज क्वाटर्स निवासी श्री दीपक समुंदे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान सिंह-** रविदास नगर पोलीपाथर निवासी श्री चंद्रभान सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रमामणी महांती-** ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री विश्वनाथ महांती की धर्मपत्नी श्रीमती रमामणी महांती (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी देवी गौंड़-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री ज्ञान प्रकाश गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी देवी गौंड़ (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल सेन-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्री बैजनाथ सेन के पुत्र श्री शंकर लाल सेन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसा देवी यादव-** पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री दशरथ प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसा देवी यादव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव शरण मिश्रा-** चंदन कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री शिव शरण मिश्रा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## हत्या के आरोपी ने जेल से छूटते ही तलवार अड़ाकर गवाह को धमकाया



### गोराबाजार क्षेत्र की घटना, लोगों ने आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंपा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी ने मामले के गवाह मृतिका के रिश्ते के भाई की दुकान पर पहुंचकर तलवार लहराकर उसे डरा धमकाकर कोर्ट में गवाही न देने की धमकी दी, इतना ही नहीं जब दुकानदार युवक ने विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट शुरु कर दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे धर दबोचा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से तलवार जप्त की है।

पुलिस ने बताया कि कजरवारा नई बस्ती निवासी 41 वर्षीय विशाल कुमार विरहा की गोराबाजार मोहन स्वीट्स के सामने एमपी ऑनलाइन व कियोस्क का संचालन करता है। वर्ष 2022 में विशाल के मामाद का दामाद सोनू उर्फ संगम पारस ने अपनी पत्नी यानि मामा के लड़की रूबी की धोबीघाट कालोनी में हत्या कर दी थी। जिसमें विशाल मुख्य गवाह है। हालही में आरोपी सोनू उर्फ संगम पारस जमानत पर जेल से छूटा है। जिसके बाद बीते दिवस आरोपी सोनू उर्फ संगम ने विशाल की दुकान पहुंचकर डराते हुए कहा कि यदि तूने कोर्ट में गवाही दी तो दूसरा मर्डर तेरा करूंगा। आसपास के लोगों एकत्रित होता देख आरोपी भाग निकला। इसके बाद बुधवार को आरोपी पुनरू हाथ में तलवार लेकर विशाल विरहा की दुकान में डराने धमकाने पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। जिसे आसपास के लोगों ने धर दबोचा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तलवार बरामद करते हुए उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### घमापुर पुलिस की कार्यवाही, पूछताछ जारी

## दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 1.65 लाख का गांजा बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर पुलिस ने झामनदास चौक से दो गांजा तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने आठ किलों 215 ग्राम गांजा कीमती एक लाख 65 हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।



घमापुर टीआई सतीश कुमार अंधवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर झामनदास चौक में दबिश दी गई। जहां दो संदिग्ध व्यक्ति नजर आये जो कि गांजा बेचने की फिराक में थे और ग्राहक का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम दिलीप चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी बापूनगर भवानी चौक हनुमान ताल एवं रंजीत चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी झामनदास चौक घमापुर बताया। पुलिस ने आरोपी दिलीप चौधरी के पास से 220 रूपये एक रेल टिकट, वोटर आईडी कार्ड, काले रंग के बैग के अंदर ब्राउन कलर के टेप से लिपटे पांच पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। वहीं रंजीत चौधरी हरे लाल सफेद रंग के थैले के अंदर टेबल से ढके ब्राउन कलर के टेप से लिपटे तीन पैकेटों में गांजे रखा मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से कुल आठ किलों 215 ग्राम गांजा कीमती एक लाख 65 हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

## शादी पार्टी में खर्चे के लिये रुपये न देने पर चाकू से हमला

### रांझी शोभापुर में वारदात, दो युवक घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थानातंर्गत शोभापुर में आयोजित एक शादी की पार्टी में अपने परिजनों व दोस्तों के साथ गये अनूप अहिरवार से एक असमाजिक तत्व ने खर्चे के लिये रुपयों की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं अनूप का दोस्त अभिषेक कश्यप बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। दोनों युवकों के पैरों की जांघ में गंभीर चोटे आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि अनूप अहिरवार उम्र 21 वर्ष निवासी उदयनगर रांझी निवासी बीती रात पड़ोस में रहने वाले विवेक कटारिया की शादी की पार्टी में अपनी मम्मी सरिता अहिरवार, भाई सतीश अहिरवार तथा दोस्त अभिषेक कश्यप तथा पड़ौसी अभिजीत ओझा के साथ दुर्गा मंदिर के पास अर्जुन टेंट हाउस के सामने शोभापुर रांझी पार्टी में गया था। रात लगभग 11 बजे जब सभी लोग खाना खा रहे थे, उसी समय हर्ष कटारिया, अनूप के पास पहुंचा और कहने लगा कि तुम लोग हमारे यहां शादी पार्टी में आये तो मुझे खर्च के लिये एक हजार रूपये दो। अनूप ने रुपये देने से मना किया तो हर्ष कटरिया उर्फ पियूष गाली गलौज करने लगा तथा चाकू से हमलाकर जांघ एवं सिर में चोट पहॅुचा दी। अनूप का दोस्त अभिषेक कश्यप बीच बचाव करने आया तो अभिषेक को भी चाकू से दाहिने तरफ जांघ में चोट पहुंचा दी। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है।

## स्कूटी सवार को ट्रक चालक ने मारी टक्कर

### केंट क्षेत्र के शिवाजी ग्राउंड के समीप की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंट थानातंर्गत शिवाजी ग्राउंड से एम्पायर की ओर जाने वाले मार्ग पर बीती देर शाम एक ट्रक चालक ने स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी।

जिससे उन्हें गंभीर हालत में निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। पुलिस को गुप्तेश्वर सेठी नगर निवासी 32 वर्षीय शनि ठाकुर ने बताया कि उसके पिता शंकर सिंह राजपूत स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसव्ही-6131 से किसी काम से कलेक्ट्रेट कार्यालय गये थे। शाम करीब सवा छह बजे वापस लौटते समय गोलछा बारात घर के पास सदर में ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 9535 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके पिता की स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे शंकर सिंह राजपूत स्कूटी सहित गिर गये। जिन्हें अन्य राहगीरों ने उपचार के लिये निजी अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## वृद्ध ने अपार्टमेंट पार्किंग में बच्ची से की गलत हरकत

### पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपार्टमेंट की पार्किंग में 75 वर्षीय वृद्ध ने मासूम बच्ची के साथ गलत हरकत की। बच्ची के विरोध करने पर वृद्ध भाग गया। ग्वारीघाट पुलिस ने शिकायत पर वृद्ध के खिलाफ पास्को सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।



ग्वारीघाट पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आस्था नगर ग्वारीघाट रोड स्थित आस्था नगर अपार्टमेंट में 3 फरवरी की शाम को पीड़ित बच्ची उम्र 12 साल अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इस अपार्टमेंट में रहने वाला वृद्ध श्रीनिवास भारती उम्र 75 साल आया। वृध्द के फ्लैट का रिन्यूवेशन कार्य चल रहा था। जिसके कारण वर्तमान में भीम नगर में किराए का मकान लेकर रहने लगा था। वृद्ध आकर और बच्ची से पेपर के संबंध में पूछने लगा। बच्ची ने बताया कि अंकल पेपर अच्छे हुए है। इसके बाद वृद्ध ने जबरदस्ती बच्ची को पकड़ लिया और होंठ पर किस करने लगा। इसके अलावा उसके शारीरिक के साथ भी छेड़छाड़ की। बच्ची ने विरोध करते हुए मम्मी-पापा से शिकायत करने की बात कही। जिसके बाद वृद्ध सॉरी-सॉरी कहकर बोलते हुए किसी से कुछ नहीं बताने की बात कहीं।

अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में वृध्द को पार्किंग एरिया से तेजी से आकर लिफ्ट में चढ़ते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद बच्ची आती है और सीढ़ियों से चढ़कर घर पहुंची। घर पहुंचने के बाद उसने घटना के संबंध में परिजनों को बताया। परिजनों की शिकायत पर आरोपी वृद्ध के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

## फर्जी नक्शे मामले में दर्ज हुई एफआईआर

**जबलपुर,देशबन्धु।** षडयंत्र रचते हुए कूटरचित नक्शा नगर निगम कार्यालय में पेश करने के मामले में कोर्ट के आदेश के बाद ओमती पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अजय गुप्ता निवासी ओमती के द्वारा एक भूमि संबंधित नक्शा कूटरचित पेश किया था जिस पर कोर्ट में परिवाद दायर है। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में एफआईआर के निर्देश दिए। ओमती सीएसपी सोनू कुर्मी के मुताबिक फर्जी नक्शे नगर निगम में लगाए गए थे। मामला काफी पुराना है। कूटरचित दस्तावेजों को ननि में लगाने के मामले में न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था। फर्जी नक्शे मामले में कोर्ट ने एफआईआर दर्ज के आदेश दिए थे। जिस पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए अजय गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## खम्बा से करंट लगने के कारण युवक की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाथ पैर धोकर युवक खम्बा को पकडकर खडा हो गया था। करंट के कारण युवक खंभे में चिपक गया और उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

गोरखपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीमखेडा निवासी सौरभ बर्मन उम्र 18 वर्ष तथा हरगोविंद सिंह लोधी उम्र 21 साल रामपुर रामनगर स्थित वैष्णवी परिसर गये थे। जहां सामने नल लगा था गोविन्द हाथ पैर धोकर बाजू में बिजली के खम्बे के पास खड़ा था। दूसरा युवक नीचे झुककर हाथ पैर धोने लगा। तभी हरगोविन्द लोधी खम्बे से चिपका गया। उसे पकड़कर खींचाकर अलग कर नीचे लिटा दिया। उसके हाथ पैर जकड़ गये थे कोई हरकत नहीं कर रहा था। उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लेकर गये। जहां डाक्टर ने चेक कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कर जांच में लिया गया।

## 3 शातिर चोर पकड़ाए, 12 लाख के 19 वाहन जब्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 19 दुपहिया वाहन कीमती लगभग 12 लाख रुपए के जप्त किए गए। पकड़े गए चोर पलक झपकते ही वाहन पार करते थे। टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि अमखेरा शिव मंदिर के पास वाहन चेकिग के दौरान तीन लड़के बिना नंबर की मोटर साइकिल पर आ रहे थे जिन्हें रोक कर पूछताछ की गई तो तीनो के द्वारा उक्त मोटर साइकिल मेट्रो अस्पताल से कुछ दिन पहले चुराना व उसकी नंबर प्लेट फेंकना बताये। जिसके बाद श्यामुद्दीन पिता महबूब खान नि. अंसार नगर चौपडा थाना गोहलपुर, अकरम खान पिता नवाब खान 34 साल निवासी अंसार नगर चौपडा, यशराज अहिरवार उर्फ़ तूफान पिता कैलाश अहिरवार 21 वर्ष निवासी. पुरानी बस्ती महराजपुर थाना अधारताल को हिरासत में लिया गया। सघन पूछताछ करने पर चोरों द्वारा बेलबाग, हनुमानताल ग्वारीघाट, ओमती, लार्डगंज एवं अन्य थाना क्षेत्रों से 18 दुपहिया वाहन चुराना स्वीकार करते हुए कुछ वाहन मल्टी बिल्डिंग लेमा गार्डन व अन्य वाहन कव्वाल के घर के पास अहमदनगर झाड़ियों में विक्रय करने के लिए रखना बताये जिसे आरोपियों की निशादेही पर विधिवत कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया।



## सिंगरौली के युवक से जबलपुर में लूट

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजयनगर में सिंगरौली के एक युवक के साथ लूटपाट हुई। ई रिक्शा चालक और उसका साथी मारपीट कर मोबाइल, नगदी लूटकर ले गए।

पुलिस के मुताबिक अंजली यादव पिता रामाधार यादव निवासी ग्राम समूद सरई थाना सरई जिला सिंगरौली का मंगलवार रात करीब 8:45 बजे अपने घर चुगीनाका से सिंगरौली जाने के लिए निकला था चुंगी नाका पहुंचकर एक ई रिक्शा से जबलपुर रेलवे स्टेशन चलने का बोला जिसमे ई रिक्शा के चालक ने 40 रुपये किराया देने का बोला उसके साथ में एक और लड़का बैठा हुआ था चुंगीनाका से ई रिक्शा दीनदयाल बस स्टैंड के पहले इंडियन काफी हाउस के बगल से सर्विस रोड होते हुए ऑटो चालक और उसमे सवार व्यक्ति घड़ी चौक तरफ लेकर जाने लगे जबकि उसे रेल्वे स्टेशन जाना है।

उसने जब बोला कि कहां ले जा रहे हो तो उन्होंने अपने ई रिक्शा की स्पीड बढ़ा ली और घड़ी चौक से नचिकेता चौक तरफ जाने लगे जिससे वे डर गया तो मोबाइल की फेल्स लाइट जला दी तो उन दोनों ने अंधेरे में ई रिक्शा रोका और गर्दन दबा दी और हाथ मुक्को से मारपीट कर मोबाइल, जेब मे रखे 700 रुपये जबरजस्ती निकल कर लूट लिये और मुझे धक्का देकर अपनी ईरिक्शा लेकर नचिकेता चौक तरफ बडी तेजी से भाग गये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चंदन सिंह ठाकुर पिता नन्दू सिहं ठाकुर, 90 क्वाटर कचनार रोड के पास, राजा ठाकुर पिता संतोष ठाकुर पुरानी बस्ती लमती को पकड़ लिया है जिनसे पूछताछकी जा रही है।

## झाबुआ पावर प्लांट की राखड़ किसानों के खेत में डालने पर लगी रोक

### हाईकोर्ट में सिवनी कलेक्टर ने पेश किया जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ के पूर्व निर्देश के पालन में कलेक्टर सिवनी ने जवाब पेश कर बताया कि झाबुआ पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाई ऐश यानि राखड को किसानों के खेतों में डंपिंग करने पर रोक लगा दी गई है। हाईकोर्ट ने इस जवाब को अभिलेख पर रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी है कि यदि वो हर्जाना चाहता है तो उचित फोरम में जा सकता है। दरअसल सिवनी निवासी रामगोपाल अर्जुले की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने बताया कि जिले के घंसौर ब्लॉक के रजगढ़ी गांव में झाबुआ पावर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली फ्लाई राखड़ अवैध रूप से बगैर किसी अनुमति के उसके खेतों में डाली जा रही है। सैकड़ों ट्रक राखड़ डालने से उसके खेत की उर्वरक क्षमता समाप्त हो रही है। पिछले साल भी उसके खेतों में जबरदस्ती फ्लाई ऐश डाली गई थी। याचिकाकर्ता ने इस बात की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर और एसपी से की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होने पर याचिका दायर की गई। जिसके बाद हुई सुनवाई पश्चात् कलेक्टर ने उक्त जवाब दिया, जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## बताओ क्यों नहीं करा रहे चुनाव

### हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश के तहत चुनाव न कराये जाने के मामले में जवाब तलब किया है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में कहा है कि याचिकाकर्ता तब तक पद पर बने रहेंगे। एकलपीठ ने मामले में ज्वाइंट रजिस्ट्रार ने सहकारी समिति मलारा, सिवनी सहित अन्य अनावेदकों को अवमानना नोटिस जारी किया जायेगा। मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी।

सिवनी निवासी गोपाल सिंह की ओर से अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पूर्व समिति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद याचिकाकर्ता को 2018 में प्रशासक नियुक्त किया गया था। हाईकोर्ट ने 29 अगस्त 2023 को ज्वाइंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी को चुनाव कराने के आदेश दिये थे। न्यायालय ने कहा था कि 7 मार्च 2024 तक हर हाल में चुनाव करा लिये जाये। न्यायालय को बताया गया कि अभी तक चुनाव नहीं कराये गये है, इसलिए याचिकाकर्ता को प्रशासन के पद पर बने रहने की अनुमति दी जाये। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।




## नये मीडिएशन सेंटर का सीजे ने ऑनलाइन किया लोकार्पण

**जबलपुर,देशबन्धु।** चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने बुधवार को उज्जैन की तराना तहसील में बने नए मीडिएशन सेंटर का ऑनलाइन माध्यम से ई-लोकार्पण किया। इसके साथ ही प्रदेश में मध्यस्थता केंद्र की कुल संख्या 88 हो गई है। इस दौरान प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा जस्टिस प्रणय वर्मा उपस्थित रहे।

चीफ जस्टिस ने कहा कि मध्यस्थता केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य पक्षकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी शर्तों पर अपनी इच्छा और सहमति से अपने विवादों को हल करने में सक्षम हो। यह न केवल वैकल्पिक विवाद समाधान प्रक्रिया को त्वरित एवं संतोषजनक करने में सहायक सिद्ध होगा अपितु इससे हमारी अदालतों का बोझ भी कम होगा। जस्टिस सचदेवा ने कहा कि मध्यस्थता केंद्र के उद्घाटन से क्षेत्र के पक्षकारों को अपने विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का मूल्यवान अवसर प्राप्त होगा। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मित्तल ने आभार प्रदर्शन किया।

## जबलपुर कलेक्टर को अवमानना नोटिस

### सीमांकन रिपोर्ट पेश न करने का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर जबलपुर से पूछा है कि याचिकाकर्ता को सीमांकन रिपोर्ट क्यों प्रदान नहीं की गई। एक अवमानना मामले में जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने कलेक्टर दीपक सक्सेना को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामला जबलपुर निवासी रेखा दीवान की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सुनील चौबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के दादा स्व. बुद्ध सेन दीवान एक शिक्षक थे। भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने भूमिधारी अधिकारों से परिपूर्ण ग्राम इमलिया में खसरा नंबर 55, 149, 27, 80, 85, 86, 88 प्रदान की थी। पूर्व में दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने आदेश किया था कि सीमांकन की कार्रवाई भू-राजस्व संहिता के अनुरूप समय सीमा में पूरी की जाये। न्यायालय ने सीमांकन कराकर याचिकाकर्ता को प्रदान करने कहा था। दलील दी गई कि प्रशासन ने अभी तक सीमांकन रिपोर्ट प्रदान नहीं की है। आवेदिका कई बार विधिवत आवेदन कर चुकी है और जन सुनवाई में भी उपस्थित होकर गुहार लगा चुकी है। इसलिये यह अवमानना याचिका दायर की गई। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## अतिरिक्त तहसीलदार के आदेश पर भी नहीं हुआ सीमांकन

### हाईकोर्ट ने कलेक्टर को दिये राजस्व अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** अतिरिक्त तहसीलदार के आदेश पर भी राजस्व अधिकारी के द्वारा सीमांकन नही किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कलेक्टर जबलपुर को निर्देशित किया है कि वह राजस्व अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करे।

जबलपुर निवासी मोहनी यादव की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि उन्होंने जमीन के सीमांकन के लिए अतिरिक्त तहसीलदार रांझी में समक्ष आवेदन दायर किया था। अतिरिक्त तहसीलदार ने सीमांकन के आदेश जारी किए थे। आदेश के पारित होने के बावजूद भी राजस्व निरीक्षक उमेश कुशवाहा जमीन का सीमांकन कार्य नहीं कर रहा था। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है। याचिका की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने अपने आदेश में जिला कलेक्टर को निर्देशित किया है कि सीमांकन कार्य के लिए राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की जाये। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाये। इसके अलावा संबंधित राजस्व अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाये। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

## प्श्चिमी करियापाथर शाला में 5वीं 8वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में आज 5वी8वी की बोर्ड पेर्टन परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। शाला की प्रधान अध्यापिका श्रीमती छाया जैन जी के मार्गदर्शन में सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा का सफल संचालन किया गया द्य जिसमे स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन करने में पूर्ण सहयोग प्रदान किया क्योंकि स्थानीय लोगों का परीक्षा के दरमियान किसी प्रकार का कोई हस्तछेप नहीं रहा। परीक्षा संचालन हेतु केंद्राध्यक्ष श्रीमती मनीषा रघुवंशी और सहायक केंद्राध्यक्ष श्री दीपेश जैन रहे द्य परीक्षा संचालन हेतु रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, रामशंकर श्रृंगी, मोनिका सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, कृष्णा रत्नाकर, शबनम कुरेशी, रिक्ता जेकब, वंदना विश्वकर्मा, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता आदि सभी शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## पांचवीं-आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं का समापन



### परीक्षार्थियों को पढ़ाई में निरंतरता रखने और खुश रहने के लिए कहा

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय यशोदा भाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाजार में पांचवी, आठवीं की बोर्ड पैटर्न पर ली गई परीक्षाओं का बुधवार को समापन हो गया। सकुल प्राचार्य गलखंडी के कुशल दिशा निर्देशन में केंद्राध्यक्ष दीप्ति राजपूत, सहायक केंद्राध्यक्ष धनवंती जैसवानी ने राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में पांचवी के दर्ज 315 में से 309 परीक्षार्थी और आठवीं में 365 में से 353 परीक्षार्थीयों की वार्षिक परीक्षा व शांतिपूर्ण तरीके से निर्विघ्न संपन्न कराई। समापन अवसर पर केंद्र अध्यक्ष दीप्ति राजपूत ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आप सभी प्रतिभाशाली और योग्य है, इसी प्रकार अपनी पढ़ाई को हमेशा जारी रखना। आप सभी सफलता हासिल करें ऐसी ईश्वर से कामना है। शिक्षिका संतोषी कोरी ने भी परीक्षार्थियों को कहा कि परीक्षा में दोबारा अवसर भी मिलेगा, अतः खुश होकर घर जाएं, छात्रों में भी केंद्र अध्यक्ष को खुश और उमंग भरे माहौल में में धन्यवाद दिया।

संकुल प्राचार्य जे एल खांडे और केंद्र अध्यक्ष दीप्ति राजपूत ने परीक्षा में बहुत ही शानदार तरीके से पर्यवेक्षक कार्य करने पर सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी प्रकार का सहयोग हमेशा बनाए रखें। इस अवसर पर इस अवसर पर प्राचार्य जे एल खांडे, संतोषी कोरी, दीप्ति सिंह राजपूत प्राचार्य जेएल खांडे, दीप्ति सिंह राजपूत, संतोषी कोरी, शोभना राजपूत, धनवंती जैसवानी, रोशनी चौरसिया, ज्योति हल्दकार, संगीता रैदास, माधुरी उरमलिया, एहसानुल अंसारी, जनशिक्षक श्यामराव मांडेलकर, बलराम बर्मन महेंद्र त्रिपाठी, एनके पटेल, नीता कुररिया, रागनी चौरसिया, अंजना खरे, योगेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस चैकिंग से बचने बाइक सवार ने हवलदार को ठोंका, पीछा करके पकड़ा

**कटनी, देशबन्धु।** कुठला थाना क्षेत्र में रपटा पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने हवलदार को टक्कर मार दी। इस घटना में घायल हवलदार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर मारने वाले बाइक चालक ने मौके से फरार होने की कोशिश की परंतु उसे पीछा करके पकड़ लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक एनकेजे थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक कोदू लाल पटेल बुधवार शाम लगभग 5बजे रपटा पेट्रोल पंप के पास वाहन चेकिंग की जिम्मेदारी निभा रहे थे। इस बीच एक बाइक सवार तेज रफ्तार से निकला तो श्री पटेल ने उसे हाथ देकर रुकने का इशारा किया परंतु बाइक चालक ने बिना रुके ही रफ्तार तेज कर दी। यह देखकर श्री पटेल ने सामने आकर उसे रोकने का प्रयास किया परंतु बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मारी और भाग निकला। मौके पर चेकिंग के दौरान कुठला थाने के अएन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे, जिनके द्वारा फौरन बाइक सवार का पीछा करते हुए कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया गया है। हादसे में घायल पुलिसकर्मी को डॉयल 100 वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।

## महिला बैंककर्मी से 42 लाख की साइबर ठगी

### पुलिस ने संदेहियों से की पूछताछ

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के हटा थाना क्षेत्र में एक महिला बैंक कर्मी से 42 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई थी। इसी मामले में पुलिस ने करीब आधा दर्जन गांव के संदेहियों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी तो उन्हें छोड़ दिया गया।

इन दिनों साइबर फ्राड की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसको देखते हुए पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली की हटा एवं आसपास के गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा संगठित होकर साइबर ठगी की जा रही है।

जानकारी लगते ही हटा मडियादो, बरौदा, टिकरिया, खैरी, बगा और भरौटा आदि गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया। इसमें कुछ नाबालिग लड़के



भी शामिल थे। पुलिस ने सभी से अलग-अलग करीब तीन दिनों तक पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिलने पर सभी को छोड़ दिया गया।

इस पूछताछ के बाद सभी गांव में लोग कई प्रकार की बातें कह रहे हैं। क्योंकि ग्रामीणों को किसी अपराध के बारे में जानकारी ही नहीं है। गांव में पुलिस के पहुंचने पर लोग दहशत में जरूर आ जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि पुलिस ने किसकी निशानदेही पर एक साथ एक दर्जन से अधिक लोगों को एक के बाद एक उठाया यह सवाल अब भी बना हुआ है। बता दें कि इन लोगों के खातों में साइबर ठगी के रुपये ट्रांसफर होते थे एवं यह सभी अपनी कमीशन की राशि काटकर किसी एजेंट को दे देते थे। हटा टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय का कहना है कि चार लोगों से पूछताछ की है।

बैंक महिला कर्मचारी से 42 लाख रुपये ट्रेडिंग मामले में ठगी होने पर पूछताछ के लिए लाया गया। कुछ नाबालिग थे, जिनकी 12वीं की परीक्षा चल रही है। इसलिए छोड़ दिया। आगे कार्रवाई जारी है, सभी की डिटेल निकलवा रहे हैं।

## सार-समाचार



### राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 4 मार्च 2025 को भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का विभिन्न विभागों द्वारा आयोजन किया गया । कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया कुल 48 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। भाषण का विषय राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबरक्राइम था । विभाग के अमित साहू एवं प्रशांत तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे सैनिक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. एसके मेहरोलिया ने इस विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारे सैनिकों के शौर्य, वीरता, बलिदान आदि पर विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय आम नागरिकों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। राष्ट्र है तो हम यह हमारा ध्येय वाक्य होना चाहिए। राष्ट्र के प्रति समर्पण ही हमें अपने राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जाता है। 93 विद्यार्थी उपस्थित रहे । समस्त कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर एमके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किए गए।

### शादी के तीन माह बाद नव विवाहिता फांसी पर झूली

**रीवा देशबन्धु।** शादी के महज तीन माह बाद ही एक नवविवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है। घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। घटना गुढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़वा गांव की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दिया है। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार गुढ़वा निवासी रूपा लोनिया पत्नी दीपू लोनिया ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि रूपा का मायका सतना के गोपालपुर में है। करीब तीन माह पूर्व गुढ़वा निवासी दीपू से विवाह हुआ था। शादी के बाद से ही पति समेत अन्य लोग दहेज में गाड़ी व एक लाख रुपये की डिमांड करते हुये प्रताड़ित कर रहे थे। जिसकी वजह से रूपा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### छह वाहनों से डेढ़ लाख करीब वसूली



**सतना, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार मय स्टॉफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज मझगवां रोड में चेकिंग लगाई गई। इस दौरान 6 वाहनों में आंशिक कमिया पाए जाने पर 20 हजार 500 रूपये तथा 2 ट्रकों से 1 लाख 41 हजार 440 रूपये का टैक्स वसूल किया गया और कुल 8 वाहनों से 1 लाख 61 हजार 940 रूपये राजस्व वसूल किया गया। वहीं मंगलवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में दस वाहनो से सवा दो लाख रूपये के लगभग राजस्व वसूली की गई थी।

### सिया बाई नामदेव का निधन



**बरेला, देशबन्धु।** पुरुषोत्तम नामदेव, महेश नामदेव, रमेश नामदेव श्री संकट मोचन मंदिर फ्लावर के संचालक की माता सिया बाई पत्नी स्व. धनपतलाल नामदेव का 85 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन हो गया। अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 10 वार्ड क्रमांक 10 शीतला मंदिर के सामने से बीटीआई श्मशान घाट के लिए रवाना होगी।

### माया सिंह का निधन



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** नगर के पतिठित नागरिक घर्मसभा के अध्यक्ष ठा. सुभाष सिंह की धर्मपत्नी माया सिंह का ग्वालियर में दुर्घटना में मौत हो गई है। अंतिम संस्कार गुरुवार 6 मार्च को खैरी मुक्तिधाम में किया जाएगा। ग्रामवासियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## तिलकोत्सव में मचा बवाल, चली गोली

### दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के डीही मोड़ की घटना

**रीवा देशबन्धु।** तिलकोत्सव कार्यक्रम में मामूली बात को लेकर हुये विवाद में एक युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। इतना ही नही स्कूटी में तोड़फोड़ करते हुये जान से मारने के लिये आरोपियों ने पिस्टल से फायर भी किया। घटना गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के डीही मोड़ में हुई है। जानकारी होने पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसारी 3 मार्च को फरियादी पवन द्विवेदी पुत्र



संजय द्विवेदी 20 वर्ष निवासी संजय नगर थाना समान ने थाना पहुंच कर शिकायत दर्ज कराया कि वह सुपिया गांव में तिलकोत्सव में शामिल होने गया था।

जहां किसी बात को लेकर मयंक शुक्ला, विष्णू उर्फ संजू पाठक एवं अन्य के साथ विवाद हो गया। इसके बाद वह स्कूटी से अपने घर जाने के लिये निकला। तभी डिही मोड़ के पास उक्त आरोपियों ने रास्ता रोक कर मारपीट करते हुये स्कूटी में तोड़फोड़ किया। इतना ही नहीं जान से मारने के लिये पिस्टल से फायर भी किये और फरार हो गये। पीड़ित की शिकायत पर गोविंदगढ़ पुलिस ने अपराध क्रमांक 58/2025 धारा 109(1), 126(2), 324(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। इसके बाद गोविंदगढ़ थाना प्रभारी आईपीएस गोरव पाठक ने घटना में शामिल आरोपी मयंक शुक्ला पुत्र जागेन्द्र शुक्ला 24 वर्ष निवासी खौर थाना बिछिया एवं विष्णू उर्फ संजू पाठक पुत्र राकेश पाठक 23 वर्ष निवासी कठहा थाना अमरपाटन जिला मैहर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों का न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## दो मासूम बच्चियों को मां ने बेरहमी से पीटा और खुद पी लिया फिनायल, एक बच्ची की मौत

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा के लालबाग इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मां ने अपनी दो मासूम बेटियों की बेरहमी से पिटाई करने के बाद खुद भी फिनाइल पी लिया। इस घटना में छोटी बेटी की मौत हो गई, जबकि मां और बड़ी बेटी गंभीर रूप से घायल हैं।

**बड़ी बेटी और मां की हालत गंभीर-** बुधवार दोपहर निशा साहू (32 वर्ष) ने अपनी दो बेटियों, अमृता (10 वर्ष) और नम्रता (2 वर्ष 8 महीने), की पिटाई करने के बाद फिनाइल पी लिया। इस घटना में छोटी बेटी नम्रता की मौत हो गई, जबकि निशा और अमृता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के पीछे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**पति ने दरवाजा तोड़ा, दिल दहलाने वाला दृश्य देखा-**जानकारी के मुताबिक, निशा के पति सुमित साहू जब शाम को काम से घर लौटे, तो उन्होंने दरवाजा अंदर से बंद पाया। काफी आवाज देने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य बेहद भयावह था। निशा और उसकी दोनों बेटियां बेहोश पड़ी थीं। सुमित ने तुरंत अपने साले और पड़ोसियों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने छोटी बेटी नम्रता को मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र में मचा कोहराम, पुलिस जांच में जुटी-इस घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया। स्थानीय लोग घटना से स्तब्ध हैं और हर कोई यही पूछ रहा है कि आखिर निशा ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं और पूरे मामले की जांच जारी है। फिलहाल पुलिस ने इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## देवी तलैया से नगर परिषद ने हटाए कब्जे

**बरेला, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 13 स्थित देवी तलैया के पुनर्जीवन/सौदर्यीकरण का कार्य ठेकेदार विनोद एजेडा एसोसिएट द्वारा किया जा रहा है। देवी तलैया की मेड़/शासकीय भूमि पर बद्री प्रसाद चक्रवर्ती पिता डुमारी लाल, विनोद चक्रवर्ती पिता स्व. किशन लाल, रामगोपाल चक्रवर्ती पिता रामनाथ एवं मुकेश चक्रवर्ती पिता सुंदरलाल द्वारा अतिक्रमण किया गया था। जिसके कारण कार्य में व्यवधान होने से कार्य की पूर्णता में विलंब हो रहा था। उक्त कार्य शासन की प्राथमिकता का कार्य है, जिसकी मॉनिटरिंग शासन स्त र से की जा रही है। उक्त कार्य में बाधक अधिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें स्वत: अतिक्रमण



हटाने हेतु निकाय द्वार कई बार नोटिस दिया गया एवं मौखिक रूप से भी उन्हें कहा गया लेकिन पर्याप्त समय व मौका देने उपरांत भी उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर राजस्वम प्रशासन, पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर परिषद बरेला द्वार उक्त चिन्हित अतिक्रमण को हटाया गया।

उक्त् कार्यवाही के दौरान अतिरिक्ते तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी आदर्श जैन, थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, पटवारी ममता चतुर्वेदी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ-साथ निकाय के मुख्यद नगर पालिका अधिकारी संजय पाण्डे एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्लीमनाबाद पुलिस ने तीन युवकों से चाकू, मोबाइल और बाइक की जब्त, दो हैं फरार

**स्लीमनाबाद, देशबन्धु।** स्लीमनाबाद पुलिस ने डकैती के एक प्रकरण में फरार पांच आरोपियों में से तीन को धर दबोचा। ये तीनों बायपास पर घात लगाकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनके पास से चाकू, मोबाइल, मोटर साइकिल और नकदी बरामद की गयी है। उल्लेखनीय है कि विपिन पिता राजेश साहू उम्र 25 साल निवासी चाका थाना कुठला जिला कटनी ने गत 25 फरवरी 25 को शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि ग्राम खिरवा मोड़ बंधी रोड़ मे वह रिश्ते के भाई की किराना दुकान पर बैठा था। उसके साथ आनंद यादव, रामसिह, सोनू एंव उनके 2 साथियों के व्दारा गुंडागर्दी कर मोबाईल फोन ओप्पो रेनो 10, एवं काउंटर की दराज में रखे 7 हजार रुपये और जेब में रखे 5 हजार रुपये छीन लिए। शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में निरीक्षक अखलेश दाहिया थाना प्रभारी को विवेचना दौरान आज 5 मार्च 25 को इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि तिहारी पुलिस के पास एक मोटर सायकिल मे तीन संदिग्ध व्यक्ति खड़े है। मोटर साइकिल का नम्बर एम पी 21 एम एम 3912 है। सूचना विश्वनीय होने से स्लीमनाबाद पुलिस तत्काल तिहारी पुलिया के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही मोटर साइकिल में सवार व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस द्वारा घेराबंधी कर पकड़ा गया। तीनों आरोपी किसी अपराध को घटित करने के इरादे से घात लगाए खड़े थे इसके पहले ही उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि गत 25 फरवरी 5 को रात्रि 9 बजे विपिन पिता राजेश साहू उम्र 25 साल निवासी चाका थाना कुठला जिला कटनी के साथ ग्राम खिरवा मोड़ बंधी रोड़ किराना दुकान से मोबाईल फोन एवं काउंटर की दराज में रखे रुपये और विपिन साहू के जेब में रखे रुपए छीनकर अन्य 2 बदमाश साथियों के साथ घटना घटित करना स्वीकार किया।

## दुकानदारों ने की चिल्लर से तौबा, लोग परेशान

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में प्राय: देखा जा रहा है की भारत सरकार की मुद्रा एक रूपया और दो रुपया के सिक्कों को व्यापारी लेने से मना करते हैं जबकि यह चलन से बाहर नहीं हैं तो फिर लोग एक और दो रुपयों के सिक्के लेने से मना क्यों करते हैं यह विषय समूचे नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

आखिर सरकार में बैठे नुमाइंदे और जन प्रतिनिधि इस और ध्यान क्यों नहीं देते। अब तो देखने में आ रहा है की एक रूपया और दो रुपयों के सिक्के लेने से भिखारी भी मना करने लगे हैं।आखिर माजरा क्या है।लोगों में यह धारणा बन गई है कि ये सिक्के बंद हो गए हैं जबकि ऐसा नहीं है। महानगरों सहित सभी जगह चिल्लर चलन में बनी है।मगर गोटेगांव क्षेत्र में लोगों की ऐसी क्या सोच बन गई है की वो ये सिक्के नहीं लेते हैं खासकर बड़े व्यापारी वर्ग इन सिक्कों को लेने से मना करते हैं। शासन इस ओर शीघ्र ही ध्यान दें।

अगर दुकानदार इन सिक्कों को नहीं लेता है तो उसके ऊपर भारतीय मुद्रा अपमान अधिनियम के तहत कार्यवाही होना चाहिए। ये सिक्के चलन में हैं।



### सिक्कों को लेने से मना करना अपराध

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 489ए से 489ई के तहत नोट या सिक्के का जाली मुद्रण, जाली नोट या सिक्के चलाना और सही सिक्कों को लेने से मना करना अपराध है। इन धाराओं के तहत न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना,सजा या दोनों का प्रावधान है।बहरहाल एक दो रुपए के सिक्के ना लेने पर शासन स्तर पर इस और शीघ्र ही ध्यान देने की जरूरत है।

### इनका कहना है -

यह बात आपके माध्यम से मेरे संदर्भ में लाई गई है हम विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे। चिल्लर अभी चल रही है और कोई भी लेने से मना नहीं कर सकता। हम अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सूचित भी करेंगे।

**देवंती परते**
अनुविभागीय अधिकारी
गोटेगांव

## इमलिया में आठ पेटी शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस गोटेगांव पुलिस थानांतर्गत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमती इमलिया के निकट कार्यवाही करते हुए जबलपुर से नरसिंहपुर जा रही लगभग 8 पेटी शराब आरोपियों से जब्त की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गोटेगांव पुलिस थाना के नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ, उप निरीक्षक गौरव नेमा, ए एस आई जेपी धुर्वे, सी पी पटले, सागर सोनकर, विपिन दुबे, प्रशांत सिंह,एवं नितिन सिंह की समूची टीम ने सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि में कमती इमलिया के निकट बोलेरो वाहन क्रमांक द्वश्च 49 ह्ल 0840 को रोककर तलाशी ली जिसके कब्जे से उस वाहन में सवार आरोपियों



हर्ष चढ़ार, लक्ष्मण चढ़ार एवं सतीश चादर से 8 पेटी शराब मय वाहन के जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को बीते मंगलवार को माननीय न्यायालय के पेश किया गया।

जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।गोटेगांव पुलिस की इस कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

## मोहम्मद नजीर के पाकिस्तानी पासपोर्ट से अमेरिका में घुस रहा था गुजरात का एसी पटेल, किया गया डिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका से निर्वासित किए गए एक भारतीय नागरिक को लेकर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गुजरात के एसी पटेल ने खुद को पाकिस्तान का मोहम्मद नजीर हुसैन बताने की कोशिश की, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसकी साजिश पकड़ ली। अमेरिका से निकाले जाने के बाद पटेल 12 फरवरी को फ्लाइट एए-292 से दिल्ली पहुंचा, जहां भारतीय अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। **अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई**- डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका ने अवैध प्रवासियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जनवरी के बाद से अब तक तीन विशेष उड़ानों के जरिए अमेरिका से भारतीय नागरिकों को देश वापस भेजा गया है। इनमें 74 से अधिक गुजराती शामिल हैं। **कैसे बनी पाकिस्तान की फर्जी पहचान?**- एसी पटेल के पास असली पाकिस्तानी पासपोर्ट था, जो किसी अन्य व्यक्ति का खोया हुआ पासपोर्ट निकला। जिस व्यक्ति का पासपोर्ट था उसका नाम मोहम्मद नजीर हुसैन है। पूछताछ में पटेल ने कबूल किया कि उसने दुबई में एक एजेंट को भारी रकम दी थी।

### डोनाल्ड ट्रंप को चीन ने दी चुनौती

# अमेरिका हम से युद्ध लड़ना चाहता है तो हम तैयार हैं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति पर पलटवार करते हुए चीन ने बुधवार को कहा कि अगर अमेरिका ने व्यापारिक प्रतिबंधों के रूप में युद्ध की शुरुआत की है तो हम इसका मुकाबला करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चीन ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर अमेरिका व्यापारिक युद्ध को आगे बढ़ाने का मन बना चुका है तो ड्रैगन इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगा।

चीन के अमेरिका स्थित दूतावास ने एक बयान में कहा, अगर अमेरिका को युद्ध चाहिए, चाहे वह टैरिफ युद्ध हो, व्यापार युद्ध हो या कोई और प्रकार का युद्ध, तो हम इसे अंत तक लड़ने के लिए तैयार हैं। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 2 अप्रैल से भारत, चीन और अन्य देशों पर टैरिफ शुल्क लगाने की घोषणा के बाद आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और चीन सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क बहुत अनुचित हैं।

2 अप्रैल से ये शुल्क लागू होंगे। ट्रंप ने कहा, दूसरे देशों ने दशकों तक हमारे खिलाफ टैरिफ का उपयोग किया है। अब हमारी बारी है कि हम उन देशों के खिलाफ इसे इस्तेमाल करना शुरू करें। यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मेक्सिको और कनाडा – क्या आपने इनके बारे में सुना है? अनगिनत अन्य देशों ने हम पर जो टैरिफ लगाए हैं, वे हमारी तुलना में बहुत अधिक हैं। यह बहुत अनुचित है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अब अमेरिका उन देशों के खिलाफ जवाबी कदम उठाने का मन बना चुका है जिन्होंने अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाया है।

**चीन की तीखी प्रतिक्रिया**- चीन ने इस कदम का प्रतिवाद करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी व्यापारिक रणनीति का मुकाबला करने के लिए तैयार है। यह स्पष्ट रूप से एक तनावपूर्ण व्यापारिक माहौल की ओर इशारा करता है, जिसमें चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही कई मुद्दों को लेकर मतभेद थे। चीन ने कहा कि वह किसी भी प्रकार के आर्थिक संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा और इसे अंत तक लड़ेगा। इस व्यापारिक युद्ध के कारण वैश्विक बाजार में अस्थिरता आ सकती है और दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# अमेरिका शांति कराने में जुटा, इस बीच रूस के हमले में गुल हुई यूक्रेन की बत्ती, दो की मौत

**वाशिंगटन।** एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को यूक्रेन और रूस के बीच तीन साल से चल रही महाजंग को रोकने का मसीहा बता रहे हैं। दूसरी ओर रूसी सेना का यूक्रेन पर हमला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन के ओडेसा क्षेत्र में रातभर ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिससे ब्लैक सी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई।

हाल के दिनों में ट्रंप ने पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन प्रेजिडेंट वलोडोमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। पुतिन के साथ ट्रंप बड़ी गर्मजोशी से मिले, लेकिन जेलेंस्की संग उनकी मुलाकात अच्छी नहीं रही। दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई थी। बहस के तीन दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सैन्य सहायता रोक दी। ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि इस जंग की मुख्य वजह यूक्रेन है। अगर वह शांत हो जाए तो जंग खत्म हो जाएगी। इसके उलट रूसी सेना का यूक्रेन पर कत्लेआम जारी है। बीते दिनों से मॉस्को ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइल हमलों को तेज कर दिया है। यह सब तब हो रहा है जब शांति समझौते को अमली-जामा पहनाने के लिए अमेरिका और रूस के बीच वार्ता चल रही है। यूक्रेन के क्षेत्रीय प्रशासन ने बुधवार को एक बयान में कहा, रूस के हवाई हमलों के कारण महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और शहर के कुछ हिस्से बिना बिजली, पानी और गर्मी के रह गए हैं।



आपातकालीन सेवाओं ने इस हमले को बड़े पैमाने पर विनाशकारी बताया और दमकलकर्मियों को आग बुझाते हुए तस्वीरें जारी कीं।

**ईरानी ड्रोन बरसा रहा रूस**- ओडेसा के गवर्नर ने बताया कि हमले में 77 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना ओडेसा शहर के बाहर स्थित एक गांव में हुई। इसके अलावा, पड़ोसी क्षेत्र खेरसॉन के गवर्नर ने कहा कि खेरसॉन शहर में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की भी मौत हो गई। इन हमलों पर मॉस्को की ओर से अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

यूक्रेनी वायु सेना ने जानकारी दी कि रूस ने चार मिसाइलों और 181 ड्रोन से हमला किया, जिनमें ईरान-निर्मित शहीद अटैक ड्रोन भी शामिल थे। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि उन्होंने इनमें से 115 रूसी ड्रोन मार गिराए।

## आज का इतिहास

1508 – बाबर के बेटे हुमायूं का अफगानिस्तान के काबुल में जन्म।
1712 – न्यूयॉर्क शहर में दास विद्रोह शुरू हुआ।
1714 – रास्टट की शांति – फ्रांसीसी सम्राट चार्ल्स सहावा हैब्सबर्ग ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किया।
1836 – अलामो की लड़ाई समाप्त हुई, 182 टेक्सन आबादकार सैनिकों के लगभग 5,000 मैक्सिकन सैनिकों के साथ संघर्ष में निधन हो गया।
1886 – नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई।
1900 – वेस्ट वर्जीनिया, यू.एस.ए. में हुए एक कोयला खान विस्फोट में 50 खनिक मारे गए।
1902 – स्पेन में मैड्रिड क्लब की स्थापना हुई।
1902 – रियल मैड्रिड सी.एफ. फुटबॉल क्लब के रूप में स्थापित हुआ।
1921 – पुर्तगाली कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।
1960 – स्विट्जरलैंड ने स्थानीय निकाय चुनाव में महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया।

## सुडोकू 6845

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### पूर्वी कांगो में फैल रही हिंसा से नागरिकों और सहायताकर्मियों को खतरा : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र, ( आईएएनएस )।** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के तीन सुदूर पूर्वी प्रांतों में बढ़ती हिंसा सहायता कर्मियों सहित नागरिकों के लिए गहरी चिंता पैदा कर रही है। डीआरसी के लिए संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट मानवीय समन्वयक ब्रोनो लेमारक्विस ने इतुरी, उत्तरी किवु और दक्षिणी किवु प्रांतों में राहत कार्यकर्ताओं और नागरिक बुनियादी ढांचे सहित लोगों के खिलाफ लक्षित हिंसा में हाल ही में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि इतुरी प्रांत में गुरुवार से जुगु क्षेत्र में संघर्ष के कारण 16,000 से अधिक लोग भाग गए हैं। इस क्षेत्र में सशस्त्र समूहों की ओर से हमलों में वृद्धि देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक हताहत हुए और विस्थापन हुआ। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने पूर्वी डीआरसी में वापस लौटने वाले विस्थापित लोगों पर एक नई रिपोर्ट जारी की है। दुजारिक के मुताबिक, करीब 80,000 पुरुष, महिलाएं और बच्चे पड़ोसी देशों में भाग गए हैं, जिनमें जनवरी से बुरुंडी में आने वाले लगभग 61,000 लोग शामिल हैं। यूएनएचसीआर ने कहा कि उत्तरी किवु की राजधानी गोमा के आसपास लगभग 17,000 लोग स्थलों, स्कूलों और चर्चों में रह रहे हैं, जबकि 4,14,000 लोग पिछले चार सप्ताह में पलायन कर गए हैं, जिन्हें अधिकारी उनके मूल गांवों में लौटने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि कम से कम 209,000 लोग मसीसी, न्यारागोंगो और रुतशुरू क्षेत्रों में पहुंच गए। इन क्षेत्रों में लोगों की अचानक बढ़ती संख्या के लिए बुनियादी सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

### यूक्रेनी सीमा रक्षकों ने रूसी सेना के खिलाफ लड़ने से किया इनकार : रिपोर्ट

**मॉस्को, ( आईएएनएस )।** यूक्रेनी सीमा रक्षक कुर्स्क क्षेत्र में रूसी सेना के खिलाफ लड़ाकू अभियान चलाने से इनकार कर रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने मंगलवार को उपलब्ध वीडियो रिकॉर्डिंग के हवाले से यह दावा किया। रिपोर्ट में एक वीडियो में एक यूक्रेनी सार्जेंट लड़ाई के मुश्किल हालात का जिक्र करते हुए कहता है कि रेडियो कम्युनिकेशन खराब है; दूसरी इकाइयों के साथ कोई संचार नहीं है। कामकाज के निर्देश वास्तविकताओं के मुताबिक नहीं है। वीडियो में बताया गया कि कई यूक्रेनी सीमा रक्षकों ने अपनी नैतिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के कारण यह काम करने से मना कर दिया और अपनी खराब स्वास्थ्य स्थिति का भी हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, सीमा रक्षकों में से एक ने कहा कि उसे अपनी जान गंवाने का डर है। पिछले सप्ताह रूस की समाचार एजेंसी तास ने एक रक्षा अधिकारी के हवाले से कहा था कि यक्रेनी सैन्य कमान को पता है कि सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में घुसपैठ के कारण उसे भारी नुकसान हुआ है, जबकि युद्ध संचालन का क्षेत्र यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में स्थानांतरित हो रहा है।

# भारत के खिलाफ ट्रंप की धमकी में कितना असर? उलटा अमेरिका को महंगा पड़ सकता है जवाबी टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 2 अप्रैल, 2025 से भारत सहित कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जवाबी टैरिफ लागू किया जाएगा। इसका मतलब है कि अगर भारत अमेरिकी सामानों पर जितना टैरिफ (आयात शुल्क) लगाता है, उतना ही टैरिफ अमेरिका भी भारतीय सामानों पर लगाएगा। ट्रंप इसे अपनी अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा बताते हैं और कहते हैं कि इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निष्पक्षता आएगी। लेकिन क्या यह नीति वाकई अमेरिका के लिए फायदेमंद होगी? या फिर इससे भारत को कुछ मौके मिल सकते हैं? और वैश्विक व्यापार पर इसका क्या असर पड़ेगा? आइए, इसे आसान भाषा में समझते हैं।

**रेसिप्रोकल टैरिफ क्या है?**- सबसे पहले यह समझ लेते हैं कि रेसिप्रोकल टैरिफ होता क्या है। मान लीजिए, भारत अमेरिका से आने वाली मोटरसाइकिल पर 100त्न टैरिफ लगाता है। अब ट्रंप कह रहे हैं कि हम भी भारत से आने वाले सामानों, जैसे टेक्सटाइल या स्मार्टफोन, पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे। यानी जैसा तुम करोगे, वैसा हम करेंगे। ट्रंप का मानना है कि भारत जैसे देश अमेरिकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाकर फायदा उठाते हैं, जबकि अमेरिका अपने बाजार को खुला रखता है। अब वे इस असंतुलन को खत्म करना चाहते हैं।




**अमेरिका को कैसे नुकसान होगा?**- ट्रंप की यह नीति अमेरिका के लिए उलटा पड़ सकती है। कैसे? चलिए इसे समझते हैं-

**महंगाई बढ़ेगी**- अमेरिका में कई जरूरी चीजें, जैसे कपड़े, दवाइयां, और इलेक्ट्रॉनिक सामान, भारत से सस्ते में आते हैं। अगर इन पर टैरिफ बढ़ेगा, तो उनकी कीमतें भी बढ़ेंगी। इसका सीधा असर अमेरिकी लोगों की जेब पर पड़ेगा। मिसाल के तौर पर, भारत से आने वाली सस्ती जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ बढ़ने से दवा कंपनियों को ज्यादा कीमत वसूलनी पड़ेगी, जिसका बोझ आम अमेरिकी नागरिकों पर जाएगा। अमेरिकी कंपनियों की मुश्किल- कई अमेरिकी कंपनियां, जैसे ऐपल, भारत में स्मार्टफोन बनवाती हैं और फिर उन्हें अमेरिका में बेचती हैं। अगर भारत से आने वाले सामानों पर टैरिफ बढ़ेगा, तो इन कंपनियों की लागत बढ़ जाएगी। इससे या तो उन्हें नुकसान होगा या फिर वे कीमतें बढ़ाएंगी, जो अमेरिकी ग्राहकों को पसंद नहीं आएगा।

**जवाबी कार्रवाई का डर**- अगर अमेरिका भारत पर टैरिफ बढ़ाता है, तो भारत भी अमेरिकी सामानों पर टैरिफ बढ़ा सकता है। अभी भारत अमेरिका से कच्चा तेल, मशीनरी और बादाम जैसी चीजें खरीदता है। अगर इन पर टैरिफ बढ़ा, तो अमेरिकी कंपनियों का भारत में बाजार कम हो सकता है। इससे अमेरिका का व्यापार घाटा और बढ़ सकता है, जो ट्रंप की सबसे बड़ी चिंता है।

## वर्ग पहेली 6845



**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०.निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

# ट्रंप के डिप्टी ने ऐसा क्या कहा, भड़क गई ब्रिटिश और फ्रांस आर्मी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयान और फैसलों को लेकर लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनके डिप्टी भी कम नहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने हाल ही में यूक्रेन को जोड़ते हुए ऐसा बयान दिया, जिसने ब्रिटिश और फ्रांस आर्मी को नाराज कर दिया है। ये दोनों देश इतना भड़क गए हैं कि उन्होंने उपराष्ट्रपति को जोकर तक कह डाला। अब बयान के बाद लगातार गहराते विवाद को देखते हुए वेंस ने सफाई भी जारी की है। वेंस ने कहा कि उनका आशय किसी को आहत करना नहीं था।

**क्या कहा था वेंस ने?** फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूक्रेन के साथ आर्थिक समझौते को सुरक्षा की बेहतर गारंटी बताया। उन्होंने कहा, 20,000 सैनिकों की तैनाती किसी ऐसे देश से करना जो पिछले 30-40 वर्षों से किसी युद्ध में नहीं रहा, सुरक्षा की कोई ठोस गारंटी नहीं देता। इसके बाद, ब्रिटेन और फ्रांस के राजनेताओं और सैन्य दिग्गजों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी, क्योंकि यही दो देश अब तक यूक्रेन में यूरोपीय शांति सेना भेजने की सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्धता जता चुके हैं। विवाद बढ़ता देख, वेंस ने एक्स पर सफाई देते हुए लिखा,मैंने न तो ब्रिटेन का नाम लिया, न फ्रांस का।

दोनों देशों के सैनिकों ने पिछले 20 वर्षों में अमेरिका के साथ बहादुरी से युद्ध लड़ा है। हालांकि, वेंस ने यह भी कहा कि यूरोप के कई देश, जो इस मिशन के लिए समर्थन दे रहे हैं, न तो युद्ध का अनुभव रखते हैं और न ही उनके पास सैन्य उपकरणों की क्षमता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने हाल ही में यूक्रेन में संघर्षविराम लागू करने के लिए कोएलिशन ऑफ द विलिंग (इच्छुक देशों का गठबंधन) का प्रस्ताव रखा था। वांस ने अप्रत्यक्ष रूप से इस गठबंधन पर सवाल उठाए।

**विरोध** *बिहार विधानसभा में विपक्षी दलों ने किया प्रदर्शन*

# 65 प्रतिशत आरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर सरकार को घेरा

**पटना, (एजेंसियां)।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को विपक्ष ने जमकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने के पहले ही विपक्षी सदस्यों ने हाथ में तख्तियां और पोस्टर लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। अलग-अलग मांगों के साथ विपक्षी दलों के विधायक विधानसभा पहुंचे।

राजद ने 65 प्रतिशत आरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जबकि भाकपा-माले के विधायकों ने भी कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। राजद ने सरकार द्वारा पेश बजट को भी लॉलीपॉप बताते हुए विरोध किया। भाकपा माले के विधायक सत्यदेव राम ने कहा कि इस बजट में गरीबों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

आशा, रसोइया, कचरा साफ करने वालों के लिए बजट में कोई रियायत नहीं दी गई। राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार में आरक्षण बढ़ाया गया था। लेकिन, दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के इस आरक्षण को मोदी सरकार ने 9वीं अनुसूची में नहीं डालकर इसे खत्म कर दिया। हम लोगों की मांग है कि आरक्षण को नौवीं अनुसूची में डाला जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस बढ़े आरक्षण को फिर से पास करे और नौवीं सूची में डलवाए। राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने बजट को लेकर कहा कि इस बजट में ना किसानों को नई कोई योजना दी गई है। ना महिलाओं को किसी तरह की योजना दी गई है। यह बजट केवल चुनावी बजट है। इस बजट में केवल घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि जब पुराने बजट का कार्य धरती पर नहीं दिख रहा है तो नए बजट का क्या दिखेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के खजाने में पैसा नहीं है, यह दिखावे का बजट है। जनता भी समझ चुकी है कि हमारे हाथ में झुनझुना पकड़ा दिया गया। बजट को लेकर विपक्ष के हंगामे को लेकर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विपक्ष को या तो पूरी बात समझ में आ गई है या बगैर समझे हुए बात को रख रहा है। उनको मालूम है इस बजट से गांव के लोग या गरीब तरक्की पर जाएंगे। इस बजट से हमारे बच्चे हैं उनके भविष्य निर्माण का काम होगा। हमारे जो बेरोजगार नौजवान हैं, उनको आगे बढ़ने का काम होगा। स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक होगी। जो किया गया उससे और बेहतर करने की कोशिश है। किसानों को और भी बेहतर सुविधा देकर उनकी आमदनी को बढ़ाने की बात हो रही है। जब सब चीज हो जाएगी तो इनको कौन पूछने वाला है? हंगामा करना इनका मकसद है।



■ राजद ने सरकार के बजट को बताया झुनझुना

इधर, मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा कि बैंड पार्टी में झुनझुना कमजोर आदमी को दिया जाता है। राजद इसलिए झुनझुना बजा रही है, क्योंकि इनके पास कुछ नहीं है। इनके चश्मे का पॉवर बढ़ाना होगा। इस बजट से बिहार देश में अग्रणी राज्य होगा। हर क्षेत्र में काम हो रहा है। जनता की जो अपेक्षा होगी वह पूरी की जाएगी। इनका काम अफवाह फैलाना है। इनको बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

## वर्ग पहेली-6844

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ आ | बे | २ ह | या | ३ त | ■ | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | ■ | म | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | त | ■ |
| ७ वि | ध्वं | स | ■ | स | ■ | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | ■ | फ | ■ | १० खा | मो | श | ■ | ■ | पु |
| ■ | ११ ह | र | १२ जा | ना | ■ | ■ | १३ शा | य | द |
| ■ | म | ■ | य | ■ | १४ वि | का | स | ■ | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | ■ | श्व | ■ | १७ क | १८ मा | न |
| टु | ■ | ल्या | ■ | १९ पु | स्त | २० क | ■ | हि | ■ |
| २१ का | लि | का | ■ | ज | ■ | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ ल | ड़ | क | प | न | ■ | ■ | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## कोहली अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर हैं : माइकल क्लार्क



**नई दिल्ली।** 'चेज मास्टर' विराट कोहली ने एक बार फिर भारत के लिए शानदार जीत की नींव रखी, जिसमें उन्होंने दुबई में असहज परिस्थितियों में अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई, ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी माइकल क्लार्क ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अब तक का सबसे महान वनडे क्रिकेटर करार दिया। कोहली आईसीसी नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर उतरे और शानदार स्ट्रोक प्ले और बुद्धिमानी से स्ट्राइक रोटेशन के साथ जीत के अंतर को कम किया, अंत में उनके नाम केवल पांच चौके थे, जिससे मुश्किल सतह पर रन बनाने की उनकी क्षमता का पता चलता है।

क्लार्क ने जियो हॉटस्टार से कहा कि एक बार फिर, उन्होंने परिस्थितियों का शानदार ढंग से आकलन किया।

# सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मैचों के फैसले में सबसे अहम है दबाव झेलना: विराट

- लक्ष्य का पीछा करते हुए आपके हाथ में विकेट रहते हैं तो प्रतिद्वंद्वी टीम हार मान लेती है
- प्रतिद्वंद्वी टीम केवल आपके विकेट चटका ही मैच में वापसी कर सकती है

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। मैन ऑफ द' मैच चेज मास्टर विराट कोहली की 84 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को मंगलवार को दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में चार विकेट से हरा उससे 2023 के वन डे क्रिकेट विश्व कप फाइनल में छह विकेट की हार का हिसाब चुकता कर दिया। मुश्किल पिच पर विराट कोहली की यह पारी भारत के बाकी बल्लेबाजों के लिए भी सबक है। विराट कोहली ने 98 गेंद पर अपनी 84 रन की पारी में 56 सिंगल दौड़ कर बनाए और अपनी पारी में मात्र पांच चौके जड़े। भारत को सेमीफाइनल जिताने के बाद विराट कोहली ने कहा, 'क्रिकेट में खासतौर पर सेमीफाइनल और फाइनल जैसे बड़े मैचों के फैसले में सबसे अहम है दबाव को झेलना। लक्ष्य का पीछा करते हुए आप यदि आखिर तक टिके रहते हैं और आपके हाथ में विकेट बाकी रहते हैं तो अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम आमतौर पर हार मान लेती है और आपके लिए मैच आसान हो जाता है। जब तक मैच चलता है तब आपके लिए जरूरी है कि आप खुद पर काबू रखें। यदि मैं शतक बनाता हूं तो बढ़िया है लेकिन मेरे लिए सबसे अहम है जीत और अब बाकी चीजें मेरे लिए मायने नहीं रखतीं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए यह यह जानना अहम होता है कि कितने ओवर बाकी हैं और यदि अंतर 25-30 रन का है और हमें छह रन प्रति ओवर छह रन बनाने हैं और हमारे हाथ में छह सात विकेट बाकी है तो मैं चिंतित नहीं होता हूं। ऐसे इसलिए क्योंकि तब आप जानते हैं कि क्रीज पर दो जमे हुए बल्लेबाज हैं और खेल का रुख बदल सकते हैं। ऐसे में आपकी प्रतिद्वंद्वी टीम केवल आपके विकेट चटका ही मैच में वापसी कर सकती है। मेरी मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए योजना यही थी। मेरी मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल की पारी बहुत हद मेरी पाकिस्तान के खिलाफ खेली पारी की थी जिसमें मैंने अपने शतक में मात्र सात चौके जड़े थे। मेरे लिए यह पारी हालात को समझ कर उसी के मुताबिक खुद को ढाल कर खेलने वाली पारी थी। मैंने मंगलवार को क्रीज पर रह कर बस स्ट्राइक को रोटेट किया दुबई की पिचपर सबसे अहम था भागीदारियां करना। पाकिस्तान के खिलाफ मैच की तरह मंगलवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी मेरी कोशिश बस पर्याप्त भागीदारियां करने की ही थी।

### व्यक्तिगत उलब्धियां मेरे लिए मायने नहीं रखती: कोहली

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के 'प्लेयर ऑफ द मैच' विराट कोहली ने कहा कि व्यक्तिगत उपलब्धियां मेरे लिये मायने नहीं रखती। ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद संवाददाता सम्मेलन में विराट कोहली ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच जैसा ही प्रदर्शन था। उन्होंने कहा कि मैं बस परिस्थिति के हिसाब से खेलना चाहता था क्योंकि इस पिच पर साझेदारी बेहद जरूरी थी।मैंने हड़बड़ी नहीं दिखाई। मैंने जो सिंगल्स लिए, वही मेरे लिए सबसे संतोषजनक हिस्सा था। मैं अपने खेल से खुश था। उन्होंने कहा कि जब एक बल्लेबाज के तौर पर गैप निकालने में सक्षम होते हैं तब बात कुछ और होती है। अगर हाथ में विकेट शेष हों तो रन रेट मायने नहीं रखता क्योंकि विपक्षी टीम को भी पता होता है कि मैच जीतने के लिए विकेट ही जरूरी है। विराट ने अपनी फॉर्म को लेकर सवाल के जवाब में कहा कि मुझे नहीं पता। यह आप लोगों पर निर्भर करता है कि आप इसे किस तरह आंकते हैं। मैंने कभी इन चीजो पर ध्यान नहीं दिया।

# विराट भारत के लिए बरसों ऐसी बढ़िया पारियां खेलते रहे हैं : रोहित

- पिच की बाबत सोचने की बजाय ध्यान बढ़िया क्रिकेट खेलने पर था
- हमारे बल्लेबाजों ने शांत रह बड़े संयम से बल्लेबाजी की



**नई दिल्ली,** 5 मार्च (देशबन्धु)। भारत की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर दुबई में मंगलवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट सेमीफाइनल में चार विकेट से जीत से कप्तान रोहित शर्मा ने राहत की सांस ली। कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद कहा,'यह क्रिकेट है और इसमें जब तक आखिरी गेंद नहीं फेंक जाती तब तक कुछ भी निश्चित नही होता है। मैच के अधबीच तक हमें लगा कि ऑस्ट्रेलिया ने एक अच्छा स्कोर बनाया है और इसे पार करने के लिए हमें वाकई बढ़िया बल्लेबाजी करनी होगी। हमारे बल्लेबाजों ने शांत रह बड़े संयम से बल्लेबाजी की। हमने बहुत शांत और संयमित थे। पिच बेहतर दिखी और और दुबई की पिचों का मिजाज ऐसा ही है। हम मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जिस पिच पर खेले बल्लेबाजी के लिए कुछ बेहतर थी । पिच के मिजाज के मिजाज की बाबत सोचने की बजाय हम बजाय ध्यान बढ़िया क्रिकेट खेलने। मैं हमेशा ही अपनी एकादश में छह गेंदबाजी विकल्प तो चाहता ही था। साथ ही मैं चाहता था कि आठवें नंबर तक हमारे पास बल्लेबाज हों। हमने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देते हुए इसी बात को जेहन में रखा। टीम प्रबंधन और चयनकर्ता सहित जो भी इसमें शामिल हैं, मैं हरेक को श्रेय देना चाहूंगा। जब आपके पास छह गेंदबाजी विकल्प होते हैं तो तब आप इनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। जहां तक विराट कोहली की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल में खेली पारी की बात है तो वह भारत के लिए बरसों ऐसी बढ़िया पारियां खेलते रहे हैं।

हमारी टीम बेहद शांत होकर खेली।हम शुरू के दो झटकों के बाद एक बड़ी भागीदारी चाहते थे और यह काम विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने ऐसा किया भी। साथ ही पारी के आखिर में हार्दिक द्वारा खेले शॉट बेहद अहम रहे। मैं अपनी टीम की बल्लेबाजी से बेहद खुश हूं ।

# स्टीव स्मिथ ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास



**दुबई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद स्टीव स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, हालांकि वह टेस्ट और टी20 क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे। 35 वर्षीय स्मिथ ने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को अपने संन्यास के बारे में सूचित कर दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है, जिसका मतलब है कि वह 2027 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान थे।

स्मिथ ने कहा कि यह एक बेहतरीन यात्रा रही है और मैंने हर एक क्षण को भरपूर जिया है। इस यात्रा की कई सुनहरी यादें जिसमें दो वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। अब 2027 के वर्ल्ड कप की तैयारी करने का समय है तो मुझे ऐसा लगता है कि यह मेरी विदाई का सही समय है। टेस्ट क्रिकेट अभी भी मेरी प्राथमिकता है और मैं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ओर देख रहा हूं। इसके बाद सर्दियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ और घर पर इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज है। टेस्ट क्रिकेट में योगदान देने के लिए अभी मेरे अंदर काफी खेल बाकी है। स्मिथ को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया के दल में जगह नहीं मिली थी, वह इस समय ऑस्ट्रेलिया की टी20 योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं लेकिन उन्होंने कहा है।

### 280 रन से ज्यादा बनाए होते तो नतीजा शायद कुछ ओर होता : स्मिथ

कप्तान स्टीव स्मिथ ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई की टीम से सेमीफाइनल में भारत के हाथों हार के बाद कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने वाकई बहुत बढ़िया काम किया। स्पिनरों ने भारत पर और दबाव बनाया और सेमीफाइनल को आखिर तक ले गए। शुरू में इस पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल थी और हमने अच्छा प्रदर्शन किया। यह पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। हम कुछ और रन बना सकते थे। हमने यदि 280 रन से ज्यादा बनाए होते तो सेमीफाइनल का नतीजा शायद कुछ ओर होता। हम एक विकेट खोने के बाद पिच पर बहुत विकेट गंवाए। हमारी गेंदबाजी में अनुभव की बहुत कमी थी। हमारे कई बल्लेबाज जीवट दिखा आगे आए। इंग्लैंड के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों ने दमदार बल्लेबाजी की थी। आगे हमारे बल्लेबाज बेहतर होते जाएंगे।

### अर्शदीप ने किया चंडीगढ़ विश्वविद्यालय का दौरा

## सार संक्षेप

### सचिन तेंदुलकर ने वडोदरा का दौरा किया

**वडोदरा।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के मैच वर्तमान में चल रहे हैं, जिसमें वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में पांच प्रमुख मैच निर्धारित हैं, जिसके लिए सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और पठान बंधुओं सहित कई दिग्गज क्रिकेटर शहर में आए हैं। टूर्नामेंट के दौरान, सचिन तेंदुलकर को अक्सर अभ्यास करते हुए देखा गया है, जो प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करता है। तेंदुलकर का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह वडोदरा में अपने शुरुआती क्रिकेट के दिनों को याद करते हैं। वीडियो में, वह 14 साल की उम्र में पहली बार शहर आने की एक खास याद साझा करते हैं। माना जाता है कि यह वीडियो मोतीबाग क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास सत्र के दौरान रिकॉर्ड किया गया था, जिसमें सचिन अपने पिछले अनुभवों को याद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्लिप में वे कहते हैं: कि मैं अभी वडोदरा में हूं। मेरे पीछे क्रिकेट का मैदान (मोतीबाग) है, जहां मैं पहली बार आया था, जब मैं सिर्फ 14 साल का था और अपनी रणजी टीम के साथ आया था।

### इटली: 7 से 17 मार्च तक होंगे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए 49 सदस्यीय भारतीय टीम के आधिकारिक विदाई समारोह में शामिल होंगे। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 7 से 17 मार्च तक इटली के ट्यूरिन में आयोजित किए जाने हैं। भारतीय टीम में 30 एथलीट, तीन अधिकारी और कोच सहित 16 सहायक कर्मचारी शामिल हैं, जो सबसे बड़ा दल है। विशेष एथलीट छह खेलों -अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दिव्यांग एथलीटों को समर्थन देने पर जोर दिया है।


## इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

### कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम– 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम– 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन–देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन–देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदारका नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीधी | **ऋणी– 1. मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति,** पताः 12/20, उत्तर करौंदिया, स्कूल– आर्या पब्लिक स्कूल, जिला– सीधी (म.प्र.)– 486661 **जमानतदार एवं बंधककर्ता– 2. श्री विष्णु नारायण मिश्रा पिता श्री महेश्वर प्रसाद मिश्रा, (प्रेसीडेन्ट मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः 12/20, उत्तर करौंदिया, सीधी (म.प्र.)– 486661 **3. श्रीमति शीला मिश्रा पत्नि श्री विष्णु नारायण मिश्रा (जमानतदार एवं ट्रेजरार– मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः 12/20, उत्तर करौंदिया, सीधी (म.प्र.)– 486661 **4. श्रीमति शांति देवी मिश्रा पत्नि श्री महेशवर प्रसाद मिश्रा (जमानतदार एवं मेम्बर– मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः गुरून टोला, ग्राम एवं पोस्ट– दधिया, तहसील– चुरहट, जिला– सीधी (म.प्र.)– 486771 **5. श्री महेशवर प्रसाद मिश्रा पिता स्व. श्री शंकर प्रसाद मिश्रा (जमानतदार एवं वाइस प्रेसीडेन्ट– मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः गुरून टोला, ग्राम एवं पोस्ट– दधिया, तहसील– चुरहट, जिला– सीधी (म.प्र.)– 486771 **6. श्री जय प्रकाश तिवारी पिता श्री राम प्यारे तिवारी (जमानतदार एवं सेकेट्री– मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः ग्राम– देदुआ, तहसील– गोपद बनास, जिला– सीधी (म.प्र.)– 486661 **7. श्रीमति वेदजा तिवारी पत्नि श्री पंकज तिवारी (जमानतदार एवं ज्वाइंट सेकेट्री– मेसर्स दिव्या चेतना शिक्षा एवं जन कल्याण समिति),** पताः वार्ड नं. 02, बनिया कॉलोनी, सीधी (म.प्र.)– 486661 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग डायवर्टेड भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी– श्री विष्णु नारायण मिश्रा, स्थित ग्राम– पनवार चौहानन टोला, प.ह. पनवार, आर.आई. सेमरिया, तहसील– गोपद बनास, रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 736 दिनांक 18.07.2013, वॉल्यूम नं. 3394 पेज 87 से 90, आराजी नं.– 1103/3, एरिया– 0.200 हेक्टे. या 21520 वर्गफुट डायवर्सन ऑर्डर– 22/ए2/2013–14 दिनांक 07/10/2013, चतुर्सीमाः उत्तर– विक्रेता की भूमि, दक्षिण– रोड एवं सिद्धार्थ शंकर मिश्रा की भूमि, पूर्व– अवधेश शुक्ला, पश्चिम– बैजनाथ प्रसाद शुक्ला। | 29/10/2024 | 01/03/2025 | रू. 23,35,924/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | बैढ़न | **ऋणी/ बंधककर्ता– 1. श्री गजरूप भुजवा पिता श्री भैरो भुजवा,** वार्ड नं. 41, ग्राम– गनियारी, पोस्ट– बैढ़न, तहसील एवं जिला– सिंगरौली (म.प्र.)– 486886 **जमानतदार– 2. श्रीमति श्यामवती भुजवा पत्नि श्री गजरूप भुजवा,** वार्ड नं. 41, ग्राम– गनियारी, पोस्ट– बैढ़न, तहसील एवं जिला– सिंगरौली (म.प्र.)– 486886 **जमानतदार– 3. श्री सेराज अहमद पिता श्री साहाब अली,** ग्राम– हिरवाही, पोस्ट– पचोहर, जिला– सिंगरौली (म.प्र.)– 486886 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग सम्पत्ति स्वामी– श्री गजरूप भुजवा पिता भैरो भुजवा, एरिया– 0.016 हेक्टे. खसरा नं. 1162/7 स्थित वार्ड नं. 41, गनियारी, पोस्ट– बैढ़न, तहसील/ जिला– सिंगरौली (म.प्र.) (सेल डीड नं. 4478 दिनांक 03.11.2011)। चतुर्सीमाः डीड के अनुसार– उत्तर– अहमद अली की भूमि, दक्षिण– श्रीमति श्यामवती भुजवा की भूमि, पूर्व– श्रीमति राधिका सिंह की भूमि, पश्चिम– श्री हसीब की भूमि। | 07/09/2024 | 01/03/2025 | रू. 5,81,194/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

**दिनांक: 06/03/2025, स्थान– सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**


# राहुल हमेशा दबाव में रहते हैं, लेकिन यह पारी उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी : कुंबले

**नई दिल्ली,** 5 मार्च (एजेंसियां)। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि केएल राहुल की गलत तरीके से जांच की जा रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में उनकी संयमित पारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।



265 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए छठे नंबर पर आए राहुल 34 गेंदों पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे और विराट कोहली और हार्दिक पांड्या के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ भारत को जीत दिलाई। ईएसपीएनक्रिकइन्फो मैच डे पर बोलते हुए कुंबले ने कहा कि राहुल को अक्षर पटेल से पहले बल्लेबाजी करनी चाहिए थी, जिन्होंने महत्वपूर्ण क्षण में आउट होने से पहले उपयोगी योगदान दिया कि मुझे पता है कि अक्षर ने विराट कोहली के साथ साझेदारी करने में अच्छा काम किया, लेकिन केएल राहुल जैसा कोई खिलाड़ी उस समय बल्लेबाजी के लिए आता है – वह यही कर सकता है। अगर वह 30 रन बना लेता है, तो वह सुनिश्चित करेगा कि आप लाइन पार करें। वह ऐसा करता है और वह लगातार ऐसा करता है। पूर्व लेग स्पिनर ने राहुल पर लगातार दबाव को भी उजागर किया। अगर वह अच्छा प्रदर्शन करता है, तो यह अपेक्षित है। अगर वह एक बार भी विफल होता है, तो अचानक पूरी दुनिया उसके पीछे पड़ जाती है। वह दबाव में था, पिछले गेम में अपनी कीपिंग के साथ भी, लेकिन आज उसने दिखाया कि वह क्या करने में सक्षम है।

राहुल उस मुश्किल मोड़ पर आए जब भारत को अभी भी 90 गेंदों पर 87 रन चाहिए थे। कोहली ने अपने सामान्य नियंत्रण के साथ पारी को संभाला, लेकिन लक्ष्य अभी भी पूरा नहीं हुआ था। राहुल ने इरादे के साथ खेला, कुशलता से स्ट्राइक रोटेट की और आक्रमण करने के लिए अपने मौकों का चयन किया। उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि भारत ने कभी लय नहीं खोई, और वह नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। जबकि राहुल अक्सर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में खेलते हैं, टीम प्रबंधन ने हाल के वर्षों में उन्हें मध्य क्रम के फिनिशर के रूप में इस्तेमाल किया है।

# कमल टेबल टेनिस से लेंगे संन्यास



**चेन्नई,** 5 मार्च (एजेंसियां)। पांच बार के ओलंपियन और भारत के सबसे मशहूर पैडलर अचंत शरत कमल ने टेबल टेनिस से संन्यास की घोषणा की है, चेन्नई में होने वाला आगामी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर भारत के लिए उनका आखिरी मैच होगा। 42 वर्षीय शरत, जो रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय चैंपियन रह चुके हैं, वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल खिलाड़ी हैं, जिन्हें नवीनतम डब्ल्यूटीटी रैंकिंग सूची में 42वां स्थान मिला है। शरत ने चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चूंकि मैंने चेन्नई में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला था और मैं अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी चेन्नई में ही खेलूंगा। मेरे पास राष्ट्रमंडल खेलों के पदक, एशियाई खेलों के पदक हैं, लेकिन ओलंपिक पदक कुछ ऐसा है जो मेरे पास नहीं है। मुझे उम्मीद है कि मैं युवा प्रतिभाओं के माध्यम से उस सपने को जी पाऊंगा। शरत ने अपने दो दशक लंबे करियर में 13 राष्ट्रमंडल खेलों के पदक (सात स्वर्ण सहित) और दो एशियाई खेलों के कांस्य पदक, पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया और दो आईटीटीएफ प्रो टूर खिताब जीते हैं। उन्होंने 2003 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब और 2004 के राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता। 2004 के एथेंस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर उनका करियर ग्राफ एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया। 2004 में, शरत को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्होंने लगातार पांच राष्ट्रीय खिताब जीते। मेलबर्न में 2006 के राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक एकल स्वर्ण पदक और पुरुष टीम स्पर्धा में एक और स्वर्ण पदक ने एक सफल वर्ष का समापन किया।

# अर्थ जगत

## डॉलर के मुकाबले रूपया 9 पैसे चढ़ा

**मुम्बई।** अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते बुधवार को शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रूपया 9 पैसे से बढ़कर 87.10 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से वैश्विक बाजारों में एक जवाबी प्रतिक्रिया शुरू हो गई है, जिसके चलते डॉलर में गिरावट का दौर भी शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि लम्बे समय तक व्यापार युद्ध की आशंका वित्तीय दुनिया को जकड़े हुए है इसलिए रूपये में थोड़ी नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार का अनुमान है।



# शेयर बाजार गुलजार, निवेशकों को हुआ 7 लाख करोड़ का फायदा

*__मुंबई।__ हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार (5 मार्च) को सेंसेक्स 740 अंक चढ़कर 73,730 के स्तर पर और निफ्टी 254 अंक की तेजी के साथ 22,337 के सपाट पर बंद हुआ।*

लगातार गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार ने आज 5 मार्च को जोरदार वापसी की। निवेशकों की निचले स्तर पर खरीदारी और एशियाई बाजारों में मजबूती के चलते सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखी गई। दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स 828 अंक उछलकर 73,817.93 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 280 अंकों की बढ़त के साथ 22,363.45 पर कारोबार कर रहा था। इस तेजी से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू करीब 7 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। सेंसेक्स पर टाटा स्टील,



### सेंसेक्स 740 अंक उछलकर 73,730 के स्तर पर

एम एण्ड एम, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी इंफोसिस, टीसीएस और भारती एयरटेल जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। शेयर बाजार में तेजी के पीछे एक प्रमुख कारण अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक का बयान है। उन्होंने संकेत दिए कि ट्रंप प्रशासन जल्द ही मैक्सिको और कनाडा पर लगाए गए टैरिफ में राहत दे सकता है। इससे वैश्विक व्यापार में अस्थिरता कम होने की उम्मीद बढ़ी है, जिससे बाजार को समर्थन मिला। लुटनिक ने कहा कि टैरिफ को कुछ मानकों के आधार पर समायोजित किया जा सकता है, ताकि व्यापारिक वार्ताएं लचीली बनी रहें।

**एशियाई बाजारों से मिला सकारात्मक संकेत-** भारतीय बाजार को आज एशियाई बाजारों से भी मजबूती मिली। चीन की नई प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा के बाद हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 2 प्रतिशत तक चढ़ गया, जबकि जापान के निक्केई इंडेक्स में भी बढ़त दर्ज की गई। इन वैश्विक संकेतों ने भारतीय निवेशकों का भरोसा बढ़ाया।

**मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जोरदार खरीदारी-** हालिया गिरावट के बाद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जबरदस्त खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 और स्मॉलकैप 100 इंडेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 2 प्रतिशत तक चढ़ गए।

# 1 अप्रैल से इन मोबाइल नंबरों पर नहीं चलेगा जी-पे, फोन-पे

## हर सप्ताह मोबाइल नंबरों की होगी अपडेटेड लिस्ट

*__नई दिल्ली।__ अगर आप गूगल पे या फोन-पे का इस्तेमाल करते हैं, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। 1 अप्रैल 2025 से नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर यूपीआई यूजर्स पर पड़ेगा। 1 अप्रैल 2025 से नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के नए नियम लागू होने जा रहे हैं।*

**कई मोबाइल नंबर्स को हटा देंगे बैंक-** एनपीसीआई ने बैंकों को निर्देश दिया है कि 1 अप्रैल 2025 से ऐसे मोबाइल नंबर को हटा दिया जाए जो किसी और को जारी कर दिए गए हैं या फिर बंद हो चुके हैं ताकि यूपीआई लेनदेन को और ज्यादा सुरक्षित बनाया जा सके और गलत लेनदेनों पर रोक लग सके।

**सिस्टम अपडेट होगा अनिवार्य-** गलत यूपीआई ट्रांजैक्शन रोकने के लिए एनपीसीआई ने बैंकों और यूपीआई पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को अपने सिस्टम को नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया है। 16 जुलाई 2024 को हुई एनपीसीआई बैठक में यह फैसला लिया गया था, जिसे 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा।

**हर सप्ताह मोबाइल नंबरों की होगी अपडेटेड लिस्ट-** गलत या असफल यूपीआई लेनदेन को रोकने के लिए बैंकों और यूपीआई सेवा प्रदाताओं को हर सप्ताह मोबाइल नंबरों की अपडेटेड लिस्ट तैयार करनी होगी।

**यूजर्स को देना होगा ध्यान-** मोबाइल नंबर्स को अपडेट तभी किया जाएगा जब यूजर्स के द्वारा स्वीकृति दी जाएगी। यूपीआई ऐप के माध्यम से ही यह सहमति देने का विकल्प मिलेगा यदि यूजर्स के द्वारा सहमति नहीं दी जाती है और




मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होता है तो उस मोबाइल नंबर के जरिये कोई भी यूपीआई ट्रांजेक्शन नहीं हो पाएंगे।

**बैंकों और यूपीआई ऐप्स को इन नियमों का करना होगा पालन-** 1 अप्रैल 2025 से बैंकों और यूपीआई ऐप्स को हर महीने एनपीसीआई को रिपोर्ट पेश करनी होगी जिनमें मोबाइल नंबरों से जुड़ी यूपीआई आईडी की संख्या, एक्टिव यूजर्स की संख्या, यूपीआई बेस्ड ट्रांजैक्शन की संख्या के बारे में जानकारी देनी होगी।

**और सुरक्षित होगा यूपीआई लेनदेन-** यूपीआई सुविधा को ग्राहकों के लिए और सुरक्षित हो, इसके लिए ये बदलाव किए जा रहे हैं। यदि आप चाहते हैं आपके मोबाइल नंबर से लिंक यूपीआई ऐप्स का आप आसानी से इस्तेमाल करते रहे तो इसके लिए सभी अपडेट्स करते रहें।

# बढ़ रही करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या

## अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर

*__नई दिल्ली।__ नाइट फ्रैंक की ताजा वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में करोड़पतियों और अरबपतियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई है, जो अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है।*

रिपोर्ट के अनुसार, 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 83 करोड़ रुपए) से अधिक की संपत्ति वाले भारतीय उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्तियों की संख्या 2024 में 6 प्रतिशत बढ़कर 85,698 हो गई। यह संख्या 2028 तक बढ़कर 93,753 होने का अनुमान है, जो भारत के धन सृजन की तेजी को दर्शाता है।

**भारत में अब 191 अरबपति-** भारत में अरबपतियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के



अनुसार, 2024 में देश में कुल 191 अरबपति हो चुके हैं, जिनमें से 26 नए अरबपति पिछले साल इस सूची में शामिल हुए। 2019 में यह संख्या मात्र 7 थी, जिससे स्पष्ट होता है कि भारत में संपत्ति सृजन की गति तेज हुई है।

**संयुक्त संपत्ति 950 अरब डॉलर-** भारत के अरबपतियों की कुल संपत्ति 950 अरब अमेरिकी डॉलर आंकी गई है, जो अमेरिका (5.7 ट्रिलियन डॉलर) और मेनलैंड चीन (1.34 ट्रिलियन डॉलर) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत की यह संपत्ति वृद्धि देश की आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय धनिक वर्ग न केवल संपत्ति बढ़ा रहा है।

# फिर आसमान पर पहुंची सोने की कीमत

*__नई दिल्ली।__ शेयर बाजार में तेजी के साथ ही बुधवार, 5 मार्च 2025 को सोने की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली. भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 88,130 रुपए प्रति 10 ग्राम है।*

वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत की बात करें तो ये 80,800 रुपए प्रति 10 ग्राम है और 18 कैरेट सोने की कीमत 66,110 रुपए प्रति 10 ग्राम है. भारत के अलग-अलग शहरों में सोने की कीमत में थोड़ी बढ़ोतरी देखी गई. दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने की कीमत 87,563 रुपए प्रति 10 ग्राम है. वहीं 24 कैरेट सोने की कीमत अन्य मेट्रो सिटीज जैसे कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में 87415 रुपए प्रति 10 ग्राम, 87,415 रुपए प्रति 10 ग्राम और 87,411 रुपए प्रति 10 ग्राम है . लखनऊ में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 80,800 रुपए प्रति 10 ग्राम है और 24 कैरेट सोने की कीमत 88,130 रुपए प्रति 10 ग्राम है. जयपुर में 22 कैरेट सोने की कीमत 80,800 रुपए प्रति 10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमत 88,130 रुपए प्रति 10



ग्राम है. पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 80,700 रुपए प्रति 10 ग्राम है और 24 कैरेट सोने की कीमत 88,030 रुपए प्रति 10 ग्राम है. वहीं पुणे में 22 और 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 80,650 रुपए और 87,980 रुपए है. स्ष्ट्ङ्क पर चांदी का बेंचमार्क आज 38 रुपए की तेजी के साथ 96093 रुपए पर खुला. भारतीय शहरों में चांदी की कीमत की बात करें तो आज दिल्ली में चांदी की कीमत प्रति 10 ग्राम 964.3 रुपए है. चेन्नई में चांदी की कीमत 968.8 रुपए प्रति 10 ग्राम है. कोलकाता की बात करें तो 964.7 रुपए प्रति 10 ग्राम है. वहीं पटना में 965.5 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 95 |
| एक यूरो | 93. 49 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 111 . 47 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 77 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-126 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -55 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 88700 चांदी -99000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-88700 चांदी -99000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# स्टार हेल्थ इंश्योरेंस ने पेश किया होम हेल्थ केयर नेटवर्क

*__जबलपुर।__ भारत की सबसे बड़ी खुदरा स्वास्थ्य बीमा कंपनी, स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , भारत भर में 100 स्थानों पर अपनी एचएचसी पहल का विस्तार करके देश की सबसे बड़ी होम हेल्थ केयर (एचएचसी) प्रदाता बन गई है।*

जुलाई 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के 85 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जो बिना किसी जेब खर्च के 3 घंटे के भीतर कैशलेस डोरस्टेप मेडिकल केयर प्रदान करता है। भारत में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच, उपलब्धता और सामर्थ्य में सुधार करता है। स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ आनंद रॉय ने कहा, स्टार हेल्थ में, हम मानते हैं कि स्वास्थ्य बीमा वित्तीय कवरेज प्रदान करने से कहीं आगे जाता है। यह हर व्यक्ति के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा का एक पुल है। हमारा लक्ष्य अस्पताल में भर्ती होने की उच्च लागत, लॉजिस्टिक चुनौतियों और देखभाल की मांग से जुड़े तनाव जैसी बाधाओं को दूर करना है। ग्राहकों के करीब गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा लाकर हमारा लक्ष्य उनकी सुविधा और मन की शांति सुनिश्चित करना है। यह पहल स्वास्थ्य बीमा वितरण को बदलने पर हमारे फोकस का ठोस सबूत है, यह सुनिश्चित करके कि यह सुलभ, सस्ती है और हमारे ग्राहकों की बदलती जरूरतों के हिसाब से डिजाइन की गई है। एचएचसी प्रोग्राम संक्रामक रोगों से ठीक होने वाले रोगियों को समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। कार्यक्रम के तहत, एक साथी डॉक्टर रोगी के घर जाकर उनकी स्थिति का आकलन करता है, निदान करता है, और यदि लक्षणों के लिए अस्पताल में भर्ती होना अनावश्यक समझा जाता है।

# सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा


*__मुंबई।__ सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है।*

एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी सीएआरईका लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। यह फंड लार्ज-कैप इक्विटी में न्यूनतम 80 प्रतिशत एक्सपोजर के साथ उच्चतम एसेट अलोकेशन सुनिश्चित करता है, जिससे निवेशकों को अच्छी तरह से स्थापित और मौलिक रूप से मजबूत व्यवसायों तक पहुंच मिलती है।

# एलन मस्क को 116 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान

*__नई दिल्ली।__ इस कारण कंपनी के शेयरों में 40 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। फोर्ब्स के मुताबिक वास्तविक गणना के अनुसार मंगलवार को मस्क की कुल संपत्ति में 7.1 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इस संपत्ति में आई गिरावट के बाद उनकी संपत्ति अब घटकर 347.7 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है।*

टेस्ला के शेयर मूल्य में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। टेस्ला के शेयरों में आई इस गिरावट को देखते हुए दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को बड़ा झटका लगा है। एलन मस्क की संपत्ति नीचे गिर गई है। उनकी संपत्ति अब काफी कम हो गई है। इन दिनों इलेक्ट्रिक वाहन की दिग्गज कंपनी टेस्ला बाजार में उतार-चढ़ाव से जूझ रही है।




इस कारण कंपनी के शेयरों में 40 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। फोर्ब्स के मुताबिक वास्तविक गणना के अनुसार मंगलवार को मस्क की कुल संपत्ति में 7.1 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इस संपत्ति में आई गिरावट के बाद उनकी संपत्ति अब घटकर 347.7 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। इस गिरावट को देखकर एक्सपर्ट भी काफी हैरान है। यह 17 दिसंबर को दर्ज किए गए 464 बिलियन के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 116.3 बिलियन की चौंका देने वाली गिरावट है, जब टेस्ला के शेयर रिकॉर्ड 480 प्रति शेयर पर बंद हुए थे। हालांकि, टेस्ला के शेयर बीते कुछ सप्ताह से संघर्ष की स्थिति में है। एक दिन पहले यानी चार मार्च को टेस्ला के शेयर 272 पर बंद हुआ था। वहीं ये आंकड़ा बेहद अहम इसलिए है क्योंकि ये चुनाव दिवस के बाद से यह सबसे कम है। व्यापक बाजार में भी उथल-पुथल का सामना करना पड़ा, जिसमें एस एंड पी 500 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर वर्ष के नए निचले स्तर पर पहुंच गया। यह मंदी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कनाडा, चीन और मैक्सिको पर टैरिफ लागू करने के साथ हुई।

# सर्विस सेक्टर जोरदार उछला


*__नई दिल्ली।__ फरवरी में भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेज उछाल आया। बुधवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात कही गई। इस वजह से उत्पादन में तेजी से विस्तार हुआ और रोजगार में पर्याप्त वृद्धि हुई।*

एक खबर के मुताबिक, मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56. 5 से बढ़कर फरवरी में 59. 0 पर पहुंच गया, जो विस्तार की तेज दर को दर्शाता है। यहां बता दें कि क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।



**छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी-** खबर के मुताबिक, एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत का सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी 2025 में बढ़कर 59.0 हो गया, जो जनवरी के 26 महीने के निचले स्तर 56.5 से काफी अधिक है। नए निर्यात व्यवसाय सूचकांक के अनुसार छह महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ी वैश्विक मांग ने भारत के सेवा क्षेत्र के लिए उत्पादन वृद्धि को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

**देशबन्धु**
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
**9827087838**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# ई-चेक नाका बनने में देरी, खनिज माफिया पर लगाम कैसे लगेगी

## ◎ जबलपुर, नर्मदांचल, शहडोल में सक्रिय है खनिज माफिया



**देशबन्धु पड़ताल**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में भू-माफिया पर लगाम कसने के लिये खनिज विभाग ने नई तकनीक के सहारे ई-चेक नाके बनाने का प्रस्ताव बनाया था, इस पर फाइलों पर तो काम आगे बढ़ा है। लेकिन धरातल पर अभी तक कार्ययोजना पर काम शुरू नहीं हो पाया है।

जबलपुर के साथ ही नर्मदांचल, शहडोल, चंबल क्षेत्र में ई-चेक नाका बनाये जाने हैं। इसके लिये इन जिलों में प्रारंभिक तौर पर स्थान का चयन कर लिया गया है। कागजी खाना पूर्ति पूरी नहीं हो पाई है। जिसके कारण अभी योजना का क्रियान्वयन धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा है। इसके बाद कहा जा सकता है कि खनिज माफिया के हौसले अभी पस्त नहीं हुये हैं। गौरतलब है कि खनिज विभाग के आला अधिकारियों के लिये लंबे समय से अवैध रूप से खनिज का परिवहन गंभीर चुनौती बना हुआ है। इस तरह के काम को अंजाम देने वालों को रोकने के दौरान कई बार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जान तक गंवाना पड़ी है। इसके अलावा छोटे बड़ी घटनाएं तो सामान्य बात हो गई है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुये खनिज विभाग ने आला स्तर पर उपयोगी योजना को बनाया था, जिसके अंतर्गत खनिज माफिया से प्रभावित जिलों में ई-चेक नाकों को बनाया जा रहा है।

**धन आवंटन में हो रहा विलंब**- सूत्रों के अनुसार भोपाल में कार्ययोजना से जुड़ी फाईल को पास कर दी गई हैं, लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिये जरूरी धन आवंटन में देरी हो रही है। जिसके चलते जिस कंपनी को ई-चेक नाका स्थापित करने का ठेका मिला है, उसने फिलहाल काम रोक दिया है। बताया गया है कि बैंगलौर, दिल्ली से जरूरी उपकरण नाका के लिये आने हैं। इसी के बाद काम शुरू हो पायेगा।

**जबलपुर में यहां बनेंगे नाके**- मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर में सिहोरा, भेड़ाघाट और तिलवारा में ई-चेक नाके बनाये जाने हैं। इसके लिये स्थान का चयन कर लिया गया था। संबंधित अधिकारियों ने मौके का मुआयना कर जहां पर उपकरण लगाये जाने हैं, उसे अंतिम रूप देकर इसकी जानकारी मुख्यालय को भेज दी है।

**इस तरह से काम करेंगे नाके**- सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खनिज विभाग द्वारा बनाये जाने वाले ई-नाकों में विशेष तरह के कैमरे और स्केनर लगाये जाएंगे। यहां से जैसे ही खनिज सामग्री से लदे भारी वाहन गुजरेंगे, उनकी फोटो स्केन होगी, और इसके बाद पता चल जायेगा कि कितना और कौन सा खनिज पदार्थ वाहन में लदा है। इसी के अनुरूप ऑन लाइन चार्ज संबंधित से वसूला जायेगा।

**परिवहन विभाग से लिंक होंगे**- इधर ई-चेक नाके परिवहन विभाग से भी जोड़े जाएंगे। इससे पता चलेगा, उक्त वाहन का मालिक कौन है। जिससे खनिज विभाग को कार्रवाई करने में आसानी होगी। पूरी तरह आधुनिक उपकरण और तकनीक का उपयोग ई-चेक नाकों में किया जायेगा। इसमें विशेषज्ञों की मदद लेने की बात कही जा रही है। अब यह और बात है कि ई-नाके प्रारंभ होने के बाद परिणाम दावों के अनुरूप देखने को मिलते हैं या नहीं।

# मोबाइल के लिये फोड़ा था मां-बाप का सिर, मां चल बसी

## पिता जिंदगी-मौत के बीच जूझ रहा

**बालाघाट, देशबन्धु।** नीट की तैयारी कर रहे युवक ने अपने शिक्षक माता-पिता पर लोड की रॉड से हमला कर दिया। पिता ने युवक को मोबाइल देखने से मना किया था। जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया। उपचार के दौरान मां की मौत हो गयी। पिता गंभीर अवस्था में उपचार के लिए आईसीयू वार्ड में भर्ती है। पुलिस ने युवक के खिलाफ हत्या तथा हत्या के प्रयास के तहत प्रकरण दर्ज करके हुए गिरफ्तार कर लिया है।

एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी किशोर कटरे तथा उनकी पत्नी प्रतिभा कटरे शासकीय स्कूल में शिक्षक है। उनका बेटा सत्यम उम्र 20 साल नीट की तैयारी कर रहा था। सोमवार की रात को पिता ने युवक से मोबाइल देखने को मना किया। इसी बात पर वह गुस्से में आग-बबूला हो गया। उसने लोहे की रॉड से अपने माता-पिता पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। रॉड के प्रहार से दोनों को सिर चेहरे में गंभीर चोटें आई थी।

# स्कूलों में अब विद्यार्थियों को शारीरिक सजा नहीं दे सकते शिक्षक

## ◎ लगी रोक, सख्त कार्रवाई का आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के साथ ही समूचे प्रदेश में अब स्कूलों में बच्चों को शारीरिक दंड देना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि इस तरह के मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



यानी अब सरकारी और निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के साथ शारीरिक सजा या किसी भी तरह की मारपीट पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद शिक्षक और अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों पर शारीरिक दंड देने की स्थिति में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**त्वरित कार्रवाई के निर्देश**- इस निर्देश के बाद, मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्कूल शिक्षा विभाग को 4 फरवरी 2025 को एक पत्र लिखा था, जिसमें शारीरिक दंड पर रोक लगाने की अपील की गई थी। इसके बाद, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत, अगर किसी स्कूल में शारीरिक दंड का मामला सामने आता है, तो संबंधित शिक्षक या स्टाफ के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**शारीरिक दंड की घटनाओं के लिए उठाए कदम**- प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक, रवींद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना और भेदभाव पर पूर्ण प्रतिबंध है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत शारीरिक दंड देना दंडनीय अपराध है, और इसलिए इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।

# 9 साल बाद कर्मचारियों की पदोन्नती का रास्ता खुला

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के साथ प्रदेश भर में राज्य सेवा कर्मचारियों के विगत 9 वर्षों से बंद पड़ी सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दिया गया है। विधि एवं विधायी विभाग ने 125 से अधिक कर्मचारियों को एक जनवरी 2024 से वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन दिया है।

सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण से जुड़े मामले पर अंतिम निर्णय आने तक ये पदोन्नतियां शर्तों के अधीन रहेंगी। मई 2016 में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण नियम 2002 को रद्द कर दिया था। इसके बाद सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। मामला लंबित रहने के कारण प्रदेश में प्रमोशन रोक दी गए थे। इससे हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन के ही रिटायर हो गए। अब विभाग ने 125 कर्मचारियों को प्रमोट किया गया है जिससे अब कर्मचारियों के प्रमोशन की राह साफ होती नजर आ रही है।

**सभी विभागों में लागू हो सकता है नियम**- विभागीय अधिकारियों के अनुसार, यह नियम अन्य सरकारी विभागों में भी लागू किया जा सकता है। कर्मचारी संगठनों ने लंबे समय से प्रमोशन की मांग की थी। सरकार ने भी इस दिशा में कई प्रयास किए। सरकार ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए मंत्री समिति का गठन किया था। समिति ने कानूनी सलाह के बाद पदोन्नति का समर्थन किया। इससे अब अन्य सरकारी विभागों में भी कर्मचारियों को प्रमोशन मिलने की संभावना बढ़ गई है।

**टाइम और पे स्केल से निकलेगा रास्ता**- श्रमिक नेताओं का कहना है कि समयमान वेतनमान (टाइम और पे स्केल) देकर पदनाम बदलने से समस्या हल हो सकती है। इससे कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन और पदनाम दोनों मिल सकते हैं।

हालांकि यह पदोन्नति सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन होगी। सरकार इस पर आगे की रणनीति कोर्ट के फैसले के आधार पर तय करेगी।

### वेतन नहीं बांट पा रही सरकार

श्रमिक नेताओं ने चर्चा के दौरान आशंका जाहिर की कहीं शासन कर्मचारियों को सिर्फ नाम के लिए पदोन्नति न दे क्योंकि पदोन्नति के बाद बढ़ा हुआ वेतन तो दूर की बात वर्तमान में प्रदेश शासन कुछ जिलों में सरकारी संपत्ति बेंच कर कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान करने विवश हैं। श्रमिक नेताओं ने बताया कि भिंड में सरकारी कर्मचारियों को लंबित वेतन भुगतान के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर लोक निर्माण और जल संसाधन विभाग की संपत्तियों की नीलामी हो रही है।

इसमें एक पोस्ट ऑफिस, रेस्ट हाउस और जमीन शामिल है। लोक निर्माण और जल संसाधन जैसे सरकारी विभागों के कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए विभाग की संपत्तियों की नीलामी हो रही है। सरकारी संपत्तियों की नीलामी के लिए ई-टेंडर जारी कर दिए गए हैं। कुल दो टेंडरों की शुरुआती कीमत 5.52 करोड़ रुपये रखी गई है। चार अप्रैल को ये टेंडर खोले जाएंगे और जो भी राशि प्राप्त होगी, उसे कर्मचारियों के वेतन भुगतान में इस्तेमाल किया जाएगा।

# सेवा निवृत्त थाना प्रभारी को न्यायालय ने घोषित किया फरार

## ◎ पुलिस अधीक्षक को पूर्व में गिरफ्तारी के लिए जारी किया था पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** आपराधिक मामले में जमानत के बाद सेवानिवृत्त थाना प्रभारी आपराधिक प्रकरण में न्यायालय ने उपस्थित नहीं हो रहे थे। सेवानिवृत्त थाना प्रभारी की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी किया था। इसके बावजूद भी पुलिस सेवा निवृत्त थाना प्रभारी को न्यायालय में पेश नहीं कर पाई। जेएमएफसी किशन देव सिंह ने सेवानिवृत्त थाना प्रभारी को फरार घोषित करते हुए उनके खिलाफ गैर मियादी वारंट जारी किया है।



गोहलपुर थाने में पदस्थ तत्कालीन थाना प्रभारी आर एन त्रिपाठी,एसआई अंतिम पवार तथा आरक्षक राजकुमार के खिलाफ संदीप उर्फ करिया सहित दो व्यक्ति ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा था कि इन पुलिसकर्मियों ने लॉकअप में उनके साथ मारपीट की थी। न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिये थे। प्रकरण दर्ज होने के बाद तीनों पुलिस कर्मियों को जमानत का लाभ न्यायालय से मिल गया था।

प्रकरण के सुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त हुए तत्कालीन थाना प्रभारी आर एन त्रिपाठी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक के माध्यम से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिसकी तामील नहीं होने पर न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भी लिखा था। इसके बावजूद भी पुलिस विभाग उन्हें न्यायालय में पेश नहीं कर पाया। न्यायालय ने सेवानिवृत्त थाना प्रभारी को फरार घोषित करते हुए अन्य दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ विचारण जारी रखने के आदेश जारी किये हैं। न्यायालय ने प्रकरण में साक्षियों को अगली सुनवाई के दौरान पेश करने के आदेश पुलिस अधीक्षक को जारी किये हैं।

# जोहिला नदी के छादा घाट में मिला युवक का शव

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत जोहिला नदी के छादा घाट में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। सूचना प्राप्त होते ही नौरोजाबाद एवम पाली पुलिस मौके पर पहुच कर शव की शिनाख्ती करवाई, जिससे मृतक की पहचान कुरवर निवासी नवल सिंह के रूप में हुई है, जो की कल ग्राम छादा सरपंच दिलदार सिंह के घर दसवीं के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रथम दृष्टया यह कयास लगाया जा रहा है की उक्त युवक जोहिला नदी के क्रॉस करके ग्राम छादा उक्त कार्यक्रम में गया था। सम्भवतः कार्यक्रम के उपरांत उसी रास्ते से लौटते समय दुर्घटना का शिकार हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

# एमपीपीएससी राज्य सेवा परीक्षा के जल्द जारी हो सकते हैं परिणाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र लोक सेवा आयोग (पीएससी) की 21 से 26 अक्टूबर को हुई राज्य सेवा परीक्षा का परिणाम जल्द जारी हो सकता है। पीएससी 2024 में पदों की संख्या मात्र 110 होने की वजह से इसमें मात्र तीन हजार से भी कम उम्मीदवार हैं। ऐसे में इसमें लंबा समय तो लगा लेकिन अब राहत की बात है कि कॉपियों के मूल्यांकन का काम पूरा हो गया है।

एमपीपीएससी के 2024 के साथ 2025 परिणामों का भी अभ्यर्थियों को इंतजार है। इसमें एक राज्य सेवा परीक्षा 2024 की मुख्य परीक्षा है और दूसरी है राज्य सेवा परीक्षा 2025 की प्रारंभिक परीक्षा का है। बताया जा रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम लगभग पूरा हो गया है और छंटनी का काम चल रहा है। इसी से कयास लगाए जा रहे हैं कि परिणाम जल्द ही जारी होने जा रहा है। वहीं आयोग द्वारा साक्षात्कार के कैलेंडर के अनुसार इसके साक्षात्कार अगस्त 2025 में होंगे। इसके पहले जुलाई में राज्य सेवा परीक्षा 2023 के साक्षात्कार होंगे। उधर मात्र 158 पद के लिए हो रही राज्य सेवा प्री 2025 में इस बार आयोग रिकॉर्ड तेजी से चल रहा है। पहले प्री 16 फरवरी को हुई, फिर 17 को ही प्रोवीजन आंसर की जारी कर 21 से 25 फरवरी तक आपत्ति बुला ली। इन आपत्तियों के निराकरण के बाद आयोग ने हाल ही में फाइनल आंसर की भी जारी कर दी। अब आयोग किसी भी समय इसका रिजल्ट जारी कर सकता है। उम्मीद तो की जा रही है कि यह इसी सप्ताह जारी होगा।

उधर आयोग ने इसके लिए मेन्स का शेड्यूल 9 से 14 जून घोषित किया हुआ है। ऐसे में आयोग की कोशिश है कि रिजल्ट जारी कर रिजल्ट और मेन्स के बीच उम्मीदवारों को कम से कम 90 दिन का समय दिया जाए। उधर पद बढ़ने को लेकर अभी कोई अपडेट नहीं है। हालांकि इस बार पेपर का स्तर बेहतर होने से कटआॅफ कम होने की बात कही जा रही है। इस बार परीक्षा के लिए 1.18 लाख आवेदन आए थे और 98 हजार परीक्षा में शामिल हुए थे।

# जाते-जाते आ गई फिर ठण्ड

## ◎ संदूकों में पहुंचने से पहले ही फिर भाने लगे गर्म कपड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास के जिलों में मौसम के मिजाज ने फिर से करवट बदली है। उत्तरी हवाओं के चलने से तापमान के ग्राफ में सामान्य से क्रमश: तीन और चार डिग्री सेल्सियस घट गया है। इससे शाम ढलते ही ठंडक महसूस की जा रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान 27.7 और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 27.6 एवं 13.6 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। जिस तरह एकाएक मौसम का रूख बदला है, उसके बाद कहा जा रहा है आने वाले कुछ दिनों तक रात के समय ठंड बनी रहेगी। शाम के समय लोगों ने गरम कपड़ों का इस्तेमाल फिर से शुरू कर दिया है। बताया गया है कि उत्तर भारत से आने वाली बर्फीली हवाएं सात से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। इसी का असर महसूस किया जा रहा है। ऐसा कहा जाता है कि होलिका दहन के बाद से गर्मी का असर देखने को मिल सकता है। इस दौरान मौसम का मिजाज नरम-गरम बना रहेगा।

हालांकि इससे लोगों को मौसमी बीमारी का शिकार भी होना पड़ रहा है। नगर से लगे ग्रामीण अंचलों में रात के समय ठंड ज्यादा महसूस की जा रही है। इसके कारण लोग जल्द अपने घरों में कैद हो रहे हैं।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो की मौत

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में आने वाले जखतर गांव के पास बुधवार दोपहर दो बाइक सवार खाई में जा गिरे, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा पथरिया अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया। मृतक आपस में समधी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मृतक मुन्ना यादव (55) के बेटे शारदा यादव ने बताया कि राहगीरों द्वारा उसे फोन पर जानकारी दी कि उसके पिता और एक अन्य व्यक्ति खाई में घायल हालत में पड़े हैं। जब वो मौके पर पहुंचा। जिसके बाद दोनों घायलों को एक निजी वाहन से पथरिया अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक मुन्ना यादव के बेटे शारदा ने बताया कि उनके पिता और ससुर पन्नू यादव 60 बाइक से पथरिया में बैंक की किश्त जमा करने के लिए आए थे। काम खत्म होने के बाद वापस लौटते समय जगथर गांव के पास सड़क पर बने डिवाइडर से उनकी बाइक टकरा गई और दोनों अनियंत्रित होकर पुलिया से करीब 20 फीट नीचे जाकर गिरे। इस हादसे में पिता और ससुर की मौत हो गई है। पथरिया पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों के सुपुर्द किया।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत को देखने वाले प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बाइक सवार काफी रफ्तार में थे। पुलिया के समीप बाइक अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से टकराने के बाद दोनों उछलकर खाई में जा गिरे। यदि बाइक की रफ्तार कम होती तो शायद जान बच जाती।


**J.B.F.A**
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मर्स एसोसिएशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 126 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 114 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 94 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 94 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 90 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 110 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 122 |

मो.- 9039925999


# जबलपुर रेल मंडल में लगाए गए क्यूआर कोड

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल के जबलपुर, मदनमहल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सतना, मैहर, रीवा, दमोह, सागर सहित सभी स्टेशनों के आरक्षण एवं अनारक्षित खिड़कियों पर रेलवे द्वारा यात्री सुविधा के तहत क्यू कोड लगाये गएँ है जिससे यात्री अपनी टिकट का भुगतान डिजिटल माध्यम से कर सकते हैं।

डिजिटल पेमेंट करने से यात्री चिल्लर की एवं शीघ्र भुगतान कर अनारक्षित खिड़कियों की लाइन में लगने की समस्या से भी बच सकेंगे।

# तीन जोड़ी रेलगाड़ियां रहेंगी निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने और गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियों को निरस्त एवं मार्ग परिवर्तित किया गया है। अपने प्रारंभिक स्टेशन से निम्नलिखित तारीखों को रवाना होने वाली रेलगाड़ियाँ निरस्त रहेंगी। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 07 मार्च से 11 मार्च 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 8 मार्च से 12 मार्च 2025 तक दोनों दिशाओं में 05-05 ट्रिप रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 08 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 11 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस दिनांक 09 मार्च 2025 को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस 10 मार्च 2025 को दोनों दिशाओं में एक-एक ट्रिप रद्द रहेगी।

पांचवा रोजा
6.3.2025

| सहरी | अफ्तार |
|---|---|
| 04.59 | 06.21 |

